राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com ) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, शुक्रवार, 21 नवंबर 2025
वर्ष 07, अंक 52, पृष्ट 12, मूल्यः 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

बारूद के धमाके से दो बच्चे झुलसे दग़े गोले की बारूद आग में डालने से हुआ हादसा....03

पुतिन-ली कियांग मुलाकातः व्यापार, कूटनीति में नई उड़ान, दोनों देशों के बीच 'अभूतपूर्व' सहयोग...12

# बिलों की मंज़ूरी के लिए गवर्नर/राष्ट्रपति के लिए टाइमलाइन तय नहीं की जा सकती

**● 'डीम्ड मंज़ूरी' का कोई कॉन्सेप्ट नहीं हैः प्रेसिडेंशियल रेफरेंस में सुप्रीम कोर्ट।**

**ब्यूरो प्रयागराज।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को राष्ट्रपति संवैधानिक संदर्भ पर अपना फैसला सुनाया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के संविधान के आर्टिकल 143 के तहत दिए गए रेफरेंस का जवाब देते हुए, सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार ( 20 नवंबर ) को कहा कि कोर्ट संविधान के आर्टिकल 200/201 के तहत बिलों को मंज़ूरी देने के प्रेसिडेंट और गवर्नर के फैसलों के लिए कोई टाइमलाइन नहीं लगा सकता। कोर्ट ने कहा कि अगर टाइमलाइन का उल्लंघन होता है तो कोर्ट का बिलों को 'डीम्ड एसेंट' घोषित करने का कॉन्सेप्ट संविधान की भावना के खिलाफ है और शक्तियों के बंटवारे के सिद्धांत के खिलाफ है। कोर्ट का 'डीम्ड एसेंट' घोषित करने का कॉन्सेप्ट असल में गवर्नर के लिए रिज़र्व कामों पर कब्ज़ा करना है।

कोर्ट ने कहा, 'हमें यह मानने में कोई हिचकिचाहट नहीं है कि आर्टिकल 200 या 201 के तहत, कोर्ट द्वारा तय टाइमलाइन खत्म होने पर गवर्नर या प्रेसिडेंट की मानी गई सहमति, असल में ज्यूडिशियरी द्वारा एग्जीक्यूटिव कामों को टेकओवर करना और बदलना है, जो हमारे लिखे हुए संविधान के दायरे में ठीक नहीं है।' साथ ही, कोर्ट ने कहा कि अगर गवर्नर लंबे समय तक या बिना किसी वजह के देरी करते हैं, जिससे लेजिस्लेटिव प्रोसेस में रुकावट आती है, तो कोर्ट ज्यूडिशियल रिव्यू की लिमिटेड पावर का इस्तेमाल करके गवर्नर को बिल के मेरिट पर कुछ भी देखे बिना, टाइम-बाउंड तरीके से फैसला करने का निर्देश दे सकता है।

कोर्ट ने कहा कि राज्यपाल लंबे समय तक विधेयकों को रोककर बैठ नहीं सकते। लेकिन इसकी समय सीमा भी तय नहीं की जा सकती। अगर राज्यपाल लंबे समय तक बिलों को रोकते हैं तो चुनिंदा मामलों की समीक्षा हो सकती है। अदालत ने विधेयकों पर सहमति देने के लिए समयसीमा तय करने को असंवैधानिक करार दिया गया। यह फैसला राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा मई 2025 में संविधान के अनुच्छेद 143 के तहत दायर संदर्भ पर आधारित है, जो तमिलनाडु राज्यपाल मामले से सामने आया था।

दरअसल गैर बीजेपी शासित राज्यों में राज्यपाल अक्सर वहां की सरकारों के विधेयक रोक लेते हैं। कुछ विधेयक राष्ट्रपति ने भी रोके। केरल, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल में विपक्ष की सरकार को विधेयक पास कराने के लिए आवाज़ उठानी पड़ी। लेकिन अब सुप्रीम कोर्ट ने साफ कर दिया कि राज्यपाल विधेयक को लंबे समय तक रोक नहीं सकते। लेकिन अगर कोई राज्यपाल ऐसा करते हैं तो उसकी समीक्षा हो सकती है। लाइव लॉ के मुताबिक चीफ जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय पीठ, जिसमें जस्टिस सूर्य कांत, विक्रम नाथ, पीएस नरसिम्हा और एएस चंदूरकर शामिल थे, ने 10 दिनों की सुनवाई के बाद 11 सितंबर को फैसला सुरक्षित रखा था।

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को फैसला सुनाते हुए संविधान के अनुच्छेद 200/201 का हवाला दिया। यह संदर्भ तमिलनाडु में राज्यपाल और विधानसभा के बीच विधेयकों पर विवाद से पैदा हुआ। क्योंकि दो सदस्यीय बेंच ने राज्यपाल और राष्ट्रपति के लिए बिल पास करने की समयसीमाएं तय की थीं।

सुनवाई के दौरान अटॉर्नी जनरल आर



वेंकटरामणी और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने समयसीमा और 'डीम्ड असेन्ट' का विरोध किया था। इसे राज्यपाल के पावर का उल्लंघन बताया था। वहीं, कपिल सिब्बल, डॉ. एएम सिंहवी, केके वेणुगोपाल, गोपाल सुब्रमण्यम और अरविंद पी दतर जैसे वकीलों ने समय सीमा का समर्थन किया। तमिलनाडु, केरल, पश्चिम बंगाल और पंजाब जैसे राज्यों ने संदर्भ को बनाए रखने की योग्यता पर सवाल उठाए। यानी वे राज्यपालों के बिलों को लटका कर रखने के फैसले के खिलाफ थे।

**रेफरेंस में 14 सवाल उठाए गए थे। कोर्ट ने उनके जवाब इस तरह दिए:**

1.जब भारत के संविधान के आर्टिकल 200 के तहत गवर्नर के सामने कोई बिल पेश किया जाता है, तो उसके पास क्या संवैधानिक ऑप्शन होते हैं?

2. जवाब- बिल पेश होने पर, गवर्नर बिल पर मंज़ूरी दे सकते हैं, मंज़ूरी रोक सकते हैं या प्रेसिडेंट की मंज़ूरी के लिए रिज़र्व कर सकते हैं। मंज़ूरी रोकने के साथ ही आर्टिकल 200 के पहले प्रोविज़ो के मुताबिक बिल को असेंबली में वापस भेजना भी ज़रूरी है। पहला प्रोविज़ो (जो कहता है कि बिल को असेंबली में वापस भेजा जाए) चौथा ऑप्शन नहीं है, लेकिन मंज़ूरी रोकने के ऑप्शन को क्वालिफ़ाई करता है। इस तरह, अगर बिल पर मंज़ूरी रोक दी जाती है, तो उसे ज़रूरी तौर पर असेंबली में वापस भेजा जाना चाहिए। गवर्नर को बिल को हाउस में वापस भेजे बिना रोकने की इजाज़त देना फ़ेडरलिज़्म के प्रिंसिपल को कमज़ोर करेगा। कोर्ट ने यूनियन की इस दलील को खारिज कर दिया कि गवर्नर बिल को हाउस में वापस भेजे बिना बस रोक सकते हैं।

3.क्या भारत के संविधान के अनुच्छेद 200 के तहत राज्यपाल के समक्ष कोई विधेयक प्रस्तुत किए जाने पर उनके पास उपलब्ध सभी विकल्पों प्रयोग करते समय मंत्रिपरिषद द्वारा दी गई सहायता और सलाह से बाध्य हैं?

**उत्तर** - आमतौर पर, राज्यपाल मंत्रिपरिषद की सहायता और सलाह के तहत कार्य करता है। लेकिन अनुच्छेद 200 में राज्यपाल विवेक का प्रयोग करता है। राज्यपाल को अनुच्छेद 200 के तहत विवेक का आनंद मिलता है, जैसा कि अनुच्छेद 200 के दूसरे प्रावधान में 'उनकी राय में' शब्दों के उपयोग से संकेत मिलता है। राज्यपाल के पास विधेयक को वापस करने या राष्ट्रपति के लिए विधेयक को आरक्षित करने का विवेक है।

4.क्या भारतीय संविधान का अनुच्छेद 361 भारतीय संविधान के अनुच्छेद 200 के तहत राज्यपाल की कार्रवाई के संबंध में न्यायिक समीक्षा पर पूर्ण प्रतिबंध है?

**शेष समाचार पृष्ठ नं. 8 पर**

# 'अपना काम छोड़कर देश विरोधी गतिविधियों में लगे डॉक्टर-इंजीनियर', उमर खालिद पर सुनवाई में बोली दिल्ली पुलिस

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को उमर खालिद, शरजील इमाम सहित अन्य आरोपियों द्वारा दायर जमानत याचिकाओं पर सुनवाई की. इस दौरान दिल्ली पुलिस की ओर से ASG एसवी राजू ने जमानत याचिका का कड़ा विरोध किया. सुनवाई के दौरान ये भी कहा गया कि आजकल यह चलन बन गया है कि डॉक्टर, इंजीनियर अपने पेशे का काम नहीं कर रहे हैं बल्कि देश विरोधी कामों में शामिल हो रहे हैं।

दिल्ली पुलिस की ओर से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया की पीठ को बताया कि सुनवाई में देरी आरोपियों की वजह से हुई है और वे इसका फ़ायदा नहीं उठा सकते. राजू ने नागरिकता संशोधन कानून के ख़िलाफ़ इमाम के भड़काऊ भाषण के वीडियो शीर्ष अदालत में दिखाए।

**'ये कोई आम प्रदर्शन नहीं, हिंसक प्रदर्शन'**

वीडियो में इमाम को फरवरी 2020 में दिल्ली में हुए दंगों से पहले 2019 और 2020 में चाखंड, जामिया, अलीगढ़ और




आसनसोल में भाषण देते हुए देखा गया. अधिवक्ता ने कहा कि इमाम इंजीनियरिंग स्नातक है. उन्होंने कहा, आजकल यह चलन बन गया है कि डॉक्टर, इंजीनियर अपने पेशे का काम नहीं कर रहे हैं बल्कि देश विरोधी कामों में शामिल हो रहे हैं. राजू ने कहा, यह कोई सरल प्रदर्शन नहीं है, ये हिंसक प्रदर्शन हैं. वे बंद की बात कर रहे हैं। इस मौके पर न्यायमूर्ति कुमार ने पूछा कि क्या भाषण आरोपपत्र का हिस्सा थे, जिसका राजू ने हां में जवाब दिया. खालिद, इमाम, गुलफिशा फातिमा, मीरान हैदर और रहमान पर गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) और पूर्ववर्ती भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) के प्रावधानों के तहत 2020 के दंगों के मास्टरमाइंड होने के आरोप में मामला दर्ज किया गया था. दंगों में 53 लोग मारे गए थे और 700 से ज़्यादा घायल हो गए थे।

**आरोपी खुद जिम्मेदार**

सुनवाई के दौरान ASG ने कोर्ट को बताया कि ट्रायल कोर्ट में हो रही देरी के लिए खुद आरोपी पक्ष ज़िम्मेदार हैं. उन्होंने शीर्ष अदालत को उन पहले के आदेशों का हवाला दिया, जिनमें यह दर्ज है कि कई मौकों पर बचाव पक्ष के वकील आरोप तय करने संबंधी दलीलों के दौरान पेश ही नहीं हुए. दिल्ली पुलिस का तर्क है कि ऐसे हालात में जमानत देना उचित नहीं होगा, क्योंकि मुकदमे की प्रक्रिया में देरी का कारण स्वयं आरोपी हैं।

## पत्नी के साथ ताजमहल के दीदार के लिए पहुंचे जूनियर ट्रंप, देखते ही बोले- Wow Taj, 45 मिनट तक निहारते रहे

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बेटे डोनाल्ड जॉन ट्रंप यानी जूनियर ट्रंप ने गुरुवार को परिवार के साथ ताज नगरी आगरा का दौरा किया. वीवीआईपी सुरक्षा के जबरदस्त बंदोबस्त के बीच जूनियर ट्रंप ने शाही अंदाज में विश्व प्रसिद्ध ताजमहल में प्रवेश किया, जिससे परिसर में मौजूद पर्यटकों में भारी उत्सुकता और उत्साह देखी गई. इस दौरान जूनियर ट्रंप ने तस्वीरें भी खिंचवाई. साथ ही फैमिली के साथ स्पेशल फोटोशूट भी कराया ट्रंप जूनियर ने करीब 45 मिनट तक ताजमहल की खूबसूरती का नजदीक से दीदार किया. उन्होंने स्मारक के हर कोने पर रुककर उसकी बारीकियों को समझा और परिवार के साथ एक्सक्लूसिव तस्वीरें भी खिंचवाई. डोनाल्ड जॉन ट्रंप अपनी पत्नी के साथ प्रसिद्ध डायना टेबल पर विशेष फोटोशूट करवाया. बता दें कि यह वही स्थान है जहां बैठकर कई वैश्विक हस्तियां (ग्लोबल आइकॉन) तस्वीरें खिंचवा चुकी हैं।

ताज पहुंचे जूनियर ट्रंप की प्रतिक्रिया भी सामने आई है. ताज की चमक, शानदार मार्बल वर्क और ऐतिहासिक वास्तुकला को देखकर ट्रंप जूनियर ने कहा, 'Wow Taj!' उन्होंने ऐतिहासिक आर्किटेक्चर से बेहद प्रभावित होने की बात कही. करीब 45 मिनट तक उन्होंने परिवार के साथ ताज की खूबसूरती को निहारा. इस दौरान उन्होंने ताज की बारीकियों को समझा. हालांकि, ये पहली बार नहीं जब विदेशी नागरिक ताजमहल के दीदार के लिए आगरा पहुंचा हो. ताजमहल को देखने के लिए अनेकों आम और खास विदेशी पर्यटक आते हैं. वहीं पिछले कुछ सालों में विदेशी और देशी पर्यटकों में इजाफा हुआ है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### सलिल विश्नोई के नेतृत्व में सरदार पटेल की 150वीं जयन्ती के उपलक्ष्य में एकता यात्रा सम्पन्न



**कानपुर।** आज आर्य नगर विधान सभा के अन्तर्गत विधायक सलिल विश्नोई के नेतृत्व में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयन्ती के उपलक्ष्य में एक विशाल 'एकता यात्रा' का आयोजन किया गया।'एकता यात्रा' सरस्वती शिशु मन्दिर, जी. एन. के. इण्टर कालेज से प्रारम्भ होकर शिवाला, कमला टावर, नयागंज, भूसाटोली, घण्टाघर होते हुए धनकुट्टी में समाप्त हुई। यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में कन्नौज के पूर्व भाजपा सांसद सुब्रत पाठक, उत्तर जिलाध्यक्ष अनिल दीक्षित साथ चल रहे थे। यात्रा में मण्डल अध्यक्षों, पार्षदों सहित भारी संख्या में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। यात्रा के संयोजक नवाब सिंह पूर्व जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा रहे। मार्ग में जगह-जगह लोगों द्वारा यात्रा का फूल बरसाकर स्वागत किया गया।

### वाराणसी में छापेमारी के दौरान कोडिन युक्त प्रतिबंधित कफ सिरप की 93 हजार शीशियां बरामद

**वाराणसी** के रोहनिया क्षेत्र में स्थित एक गोदाम में बुधवार को छापेमारी के दौरान लगभग दो करोड़ रुपये मूल्य के कोडिन युक्त प्रतिबंधित कफ सिरप की 93 हजार शीशियां बरामद की हैं। पुलिस उपायुक्त (वरुणा जोन) प्रमोद कुमार ने बताया कि प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने भदवर इलाके में छापेमारी के दौरान यह बरामदगी की। इस सिरप का इस्तेमाल नशे के लिए किया जाता है। कुमार ने बताया कि एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। गोदाम के मलिक महेश सिंह को पकड़ने के लिए टीम बनाई गई हैं। इसके अलावा औषधि विभाग और एएनटीएफ की टीम को भी बुलाया गया है । उन्होंने बताया कि बरामद उत्पाद में दो ब्रांड के कफ सिरप की बोतले हैं और दोनों ब्रांड में कोडिन की मात्रा है। कुमार ने बताया कि बरामद किए गए कफ सिरप की खेप गाजिबाद से चंदौली ले जाई जानी थी।

## बिसवां में श्री सौभाग्यम में हुआ कंटेंट मीट-अप, यूट्यूबर रवि वर्मा ने साझा किया सफलता का सफर



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बिसवां।** स्थानीय श्री सौभाग्यम में शुक्रवार को एक विशेष कंटेंट मीट-अप का आयोजन किया गया, जिसमें मशहूर यूट्यूबर रवि वर्मा ने अपने अनुभव और सफलता की कहानी युवाओं के साथ साझा की। रवि वर्मा ने बताया कि उन्होंने अपनी यूट्यूब यात्रा वर्ष 2017 में शून्य से शुरू की थी और आज उनके चैनल ने 11 मिलियन सब्सक्राइबर का आंकड़ा पार कर लिया है।

कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि 'जीरो से हीरो' बनने का सफर बेहद मुश्किल था, क्योंकि उस समय बिसवां में बहुत कम लोग यूट्यूब या डिजिटल कंटेंट क्रिएशन के बारे में जानते थे। शुरुआती दिनों को याद करते हुए उन्होंने बताया कि सीमित साधनों और कम जानकारी के बावजूद उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और लगातार सीखते हुए आगे बढ़ते रहे। इस कंटेंट मीट-अप का आयोजन रवि वर्मा द्वारा किया गया, जिसमें जिला सीतापुर, लखीमपुर और बाराबंकी से भी अनेक कंटेंट क्रिएटर शामिल हुए। कार्यक्रम में युवाओं को प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा कि एक अच्छी सोच, सकारात्मक दृष्टिकोण और गुणवत्तापूर्ण कंटेंट के साथ कोई भी अपनी डिजिटल यात्रा शुरू कर सकता है। मीट-अप के दौरान युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला और उन्होंने इस आयोजन को प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम जिले के टैलेंट को एक नया मंच प्रदान करते हैं।

## सबरीमाला मंदिर से सोना गायब होने का मामला, SIT ने पूर्व TDB अध्यक्ष को किया गिरफ्तार

**● सबरीमाला मंदिर से सोना गायब होने के मामले में एसआईटी ने बड़ी कार्रवाई की है. SIT की टीम ने त्रावणकोर देवस्वओम बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष ए पद्मकुमार को गिरफ्तार किया है पद्मकुमार 2019 में टीडीबी के अध्यक्ष थे**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

सबरीमाला मंदिर से सोना गायब होने के मामले में एसआईटी ने बड़ी कार्रवाई की है. एसआईटी ने गुरुवार को त्रावणकोर देवस्वओम बोर्ड यानी टीडीबी के पूर्व अध्यक्ष ए पद्मकुमार को गिरफ्तार कर लिया। सबरीमाला मंदिर से सोना गायब होने के मामले में उन्हें आरोपी बनाया गया था. उनसे काफी देर तक पूछताछ की गई, जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार किया गया। पद्मकुमार 2019 में टीडीबी के अध्यक्ष थे. हालांकि, पद्मकुमार ने कहा है कि जब सोने की परत चढ़ी प्लेटें




असल में पोट्टी को सौंपी गई थीं, तब वह बोर्ड के अध्यक्ष नहीं थे. मगर एसआईटी का मानना है कि यह प्रस्ताव उनके कार्यकाल के दौरान आगे बढ़ाया गया था. पद्मकुमार पत्तनमथिट्टा जिले में सीपीआई के वरिष्ठ नेता हैं और केरल विधानसभा में कोन्नी सीट से विधायक रहे हैं।

**विजिलेंस कोर्ट में होगी पेशी**

अधिकारियों ने बताया कि पद्मकुमार को इस महीने पूछताछ के वास्ते पेश होने के लिए दो बार कहा गया था, लेकिन उन्होंने और समय मांगा था. पुलिस के सूत्रों ने बताया कि उन्हें रिमांड प्रक्रिया के लिए कोल्लम में विजिलेंस कोर्ट में पेश किया जाएगा.

**एन वासु वासु भी हिरासत में-** वहीं, इस बीच विजिलेंस कोर्ट (कोल्लम) ने गुरुवार को एन वासु को शाम तक एसआईटी की हिरासत में भेज दिया. वासु 2019 में पद्मकुमार के बाद टीडीबी के अध्यक्ष बने थे. जब वासु को पेश किया गया तो भाजपा कार्यकर्ताओं ने अदालत के पास विरोध प्रदर्शन किया, उनके खिलाफ नारे लगाए और उस गाड़ी को रोकने की कोशिश की जिसमें उन्हें अदालत से यहां अपराध शाखा के कार्यालय ले जाया जा रहा था सबरीमाला मंदिर से सोना गायब होने के मामले में एसआईटी ने मुख्य आरोपी पोट्टी और वासु समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया है।

## उप्रः कार की टक्कर लगने से स्कूटी सवार तीन लोगों की मौत

उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले में एक कार की टक्कर लगने से स्कूटी सवार दंपति और उनकी छह साल की बेटी की मौत हो गई। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि अगौता थाना क्षेत्र के नगला शेख गांव के रहने वाले अंसार (34) अपनी पत्नी मुसाईदा (30) और बेटी अरीशा (छह) के साथ स्कूटी से बुधवार रात अपने गांव लौट रहे थे। पुलिस के मुताबिक, रास्ते में अगौता-सैदपुर मार्ग पर अज्ञात वाहन को बचाने के प्रयास में उनकी स्कूटी की अगौता की तरफ से आ रही एक कार से जोरदार टक्कर हो गई। पुलिस ने बताया कि इस हादसे में स्कूटी सवार पति-पत्नी और बेटी गंभीर रूप से घायल हो गए। एक अधिकारी ने बताया कि हादसे की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां से उनको जिला अस्पताल स्थानांतरित कर दिया गया। उन्होंने बताया कि जिला अस्पताल ले जाने पर चिकित्सकों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी अतुल कुमार ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

## संजय भंडारी मनी लॉन्ड्रिंग केस में बढ़ेंगी रॉबर्ट वाड्रा की मुश्किलें? ED ने दायर की चार्जशीट

**● प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग मामले में चार्जशीट दायर की है. कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा के पति वाड्रा को यूके-बेस्ड डिफेंस डीलर संजय भंडारी से जुड़े केस में आरोपी बनाया गया है. यह चार्जशीट दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में दाखिल की गई है, जिसमें PMLA के तहत उनके बयान रिकॉर्ड किए गए थे**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बिजनेसमैन और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा के पति रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ ईडी ने चार्जशीट दायर की है. एजेंसी ने यूके-बेस्ड डिफेंस डीलर संजय भंडारी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में वाड्रा को आरोपी बनाते हुए चार्जशीट दाखिल की है. ये चार्जशीट दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में दायर की गई है. सूत्रों के अनुसार, वाड्रा का बयान PMLA के तहत जुलाई में रिकॉर्ड किया गया था।

रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ये दूसरी चार्जशीट है. इससे पहले जुलाई में ईडी ने हरियाणा के शिकोहपुर में एक लैंड डील में कथित गड़बड़ियों से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में उनके खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था. इसके साथ ही जांच एजेंसी भंडारी से जुड़े केस में वाड्रा से पूछताछ भी कर चुकी है।

**भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित किया जा चुका है भंडारी**

संजय भंडारी को जुलाई में दिल्ली की एक अदालत ने भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित किया था.दिल्ली में इनकम टैक्स




डिपार्टमेंट के 2016 में संजय भंडारी के ठिकाने पर छापा मारने के बाद वह लंदन भाग गया था. इसके बाद उसके प्रत्यर्पण की मांग की गई लेकिन ब्रिटेन की अदालत ने इसे खारिज कर दिया था।

**भंडारी के वाड्रा के साथ रिश्तों की जांच कर रही एजेंसी**

फरवरी 2017 में ईडी ने संजय भंडारी और अन्य के खिलाफ पीएमएलए के तहत आपराधिक मामला दर्ज किया था. ये केस 2015 के कालाधन रोकथाम कानून के तहत उसके खिलाफ दाखिल इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की चार्जशीट का संज्ञान लेने के बाद दर्ज किया गया था.एजेंसी ने उसके मामले में पहले 2 चार्जशीट दायर की हैं. साथ ही लंदन में स्थित एक घर के संबंध में भंडारी के वाड्रा के साथ रिश्तों की जांच कर रही है, जिससे वाड्रा ने इनकार किया है कि लंदन में उनके पास प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से कोई प्रॉपर्टी है।

## बंद कमरे में ऑक्सीजन की कमी से चार फैक्ट्री कर्मियों की मौत- पुलिस उपायुक्त पश्चिम ने मौके पर किया निरीक्षण



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** आज दिनांक 20.11.2025 को प्रातः लगभग 08:30 बजे थाना पनकी क्षेत्र के इंडस्ट्रियल एरिया साइट-2 स्थित एक तेल फैक्ट्री में चार फैक्ट्री कर्मियों की मृत्यु होने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर तत्काल स्थानीय पुलिस एवं उच्चाधिकारियों द्वारा घटनास्थल पर पहुँचकर जांच-पड़ताल की गई। प्रारंभिक जांच में पाया गया कि फैक्ट्री कर्मियों द्वारा बंद कमरे में कोयला जलाने के कारण कमरे में ऑक्सीजन की कमी हो गई, जिससे चारों फैक्ट्री कर्मियों की मृत्यु होना प्रकाश में आया।

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस उपायुक्त पश्चिम दिनेश त्रिपाठी तुरंत घटनास्थल पर पहुँचे, जहाँ उन्होंने निरीक्षण किया तथा अधीनस्थ अधिकारियों/कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

घटनास्थल को सुरक्षित कर विधिक कार्रवाई की जा रही है तथा घटना के सभी पहलुओं की गहराई से जांच जारी है। उन्होंने कहा कि जांच में जो तथ्य सामने आएंगे उसी प्रकार कार्यवाही की जाएगी। पुलिस उपायुक्त पश्चिम ने कहा कि घटना बहुत ही दुखद है और उसकी हर पहलू से जांच की जा रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### मनरेगा को मोहरा बनाकर लूट में जुटे सचिव एवं ग्राम प्रधान



**बस्ती।** बस्ती जिले केसरकारी योजनाओं के माध्यम से ग्राम पंचायत स्तर पर विकास को बढ़ावा देने के प्रयासों के बीच, जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा फर्जी हाजिरी लगाकर सरकारी धन का दुरुपयोग कर सरकार के भ्रष्टाचार मुक्त अभियान को चुनौती दी जा रही रही है, बल्कि विकास की गति को भी धीमा किया जा रहा है। प्राप्त समाचार के अनुसार - विकासखंड रुधौली के में मनरेगा योजना के तहत दो साइडो पर काम चल रहा है वही 8 मस्टरोल जारी किए गए हैं, जिनमें 68 मजदूरों के नाम रजिस्टर में दर्ज हो रहा है जब मीडिया टीम ने मौके पर जाकर जांच की, तो वहां एक भी मजदूर काम करते नहीं मिले। ग्रामीणों ने इसकी सूचना मीडिया को दी, जिसके बाद मीडिया टीम ने मौके पर जाकर जमीनी हकीकता पता किया तो पता चला कि मजदूरों की फर्जी हाजिरी लग रही थी जब कि साइडों पर काम नहीं हो रहा है। अपितु जिम्मेदार अधिकारियों ने कागजों में मजदूरों की फर्जी हाजिरी दिखाकर फर्जा का भुगतान करने की तैयारी कर ली है। हैरानी की बात यह है कि मौके पर एक भी मजदूर काम करते नहीं मिले, लेकिन सरकारी रिकॉर्ड में उनकी उपस्थिति दर्ज की गई है लेकिन सवाल यह है कि जब मीडिया में शिकायतें आ रही हैं, तो अब तक जिम्मेदार अधिकारियों ने कार्रवाई क्यों नहीं की गई?

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन आगामी 13 दिसम्बर को



**बस्ती।** बस्ती जिले में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन आगामी 13 दिसम्बर 2025 को जनपद न्यायाधीश के निर्देशन में जनपद न्यायालय परिसर, कलेक्टेरेट मुख्यालय एवं समस्त तहसील मुख्यालयों में किया जायेगा। उक्त जानकारी देते हुए अपर जिलाधिकारी प्रतिपाल सिंह चौहान ने बताया कि आमजन उक्त अवसर का लाभ उठायें एवं अपने वादों को सुलह-समझौते के माध्यम से निस्तारित करावें। उन्होंने बताया कि उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में आपराधिक शमनीय वाद, परकाम्य लिखत अधिनियम की धारा-138 से सम्बन्धित मामलें, बैंक वसूली से सम्बन्धित मामलें, मोटर दुर्घटना से सम्बन्धित प्रतिकर याचिकाएं, श्रम वादों, पारिवारिक वादों, भूमि अधिग्रहण से सम्बन्धित वादों, विद्युत एवं जलकर विवाद (चोरी से सम्बन्धित विवादों सहित), सर्विस में वेतन सम्बन्धी विवाद एवं सेवानिवृत्त लाभों से सम्बन्धित विवाद, राजस्व सम्बन्धी वाद, अन्य सिविल वाद (किराया, सुखाधिकार, व्ययादेश, विशिष्ट अनुतोष वाद, आर्बिट्रेशन (हायर पर्चेज एग्रीमेंट से उत्पन्न विवाद) एवं उक्त के अतिरिक्त ऐसे अन्य प्रकार के जिन वादों का निस्तारण सुलह-समझौते के आधार पर हो सकता है, उन्हें भी अधिक से अधिक संख्या में नियत कर निस्तारित किया जायेगा।

### रुधौली में स्टंटबाजों पर कसा शिकंजा, दो युवक गिरफ्तार - बाइक सीज़, मॉडिफाइड साइलेंसर हटवाया



**बस्ती।** बस्ती जिले के रुधौली थाना क्षेत्र में मॉडिफाइड साइलेंसर लगाकर तेज धमाका जैसी आवाज पैदा करने वाले और स्टंटबाजी से दहशत फैलाने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक संजय दुबे के नेतृत्व में चलाए गए अभियान के दौरान पुलिस टीम ने दोनों आरोपितों को कस्बा रुधौली-भानपुर रोड से पकड़ा। पकड़े गए युवकों के नाम अभिषेक प्रजापति (22 वर्ष) और विकास गुप्ता (23 वर्ष) है, दोनों वार्ड नंबर 07, शांति नगर, रुधौली के निवासी बताए जा रहे हैं। पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। उनके पास से R 15 बाइक (M H 04 JH 4154) सीज की गई और अवैध रूप से लगाए गए मॉडिफाइड साइलेंसर को हटवाया गया। रुधौली पुलिस का कहना है कि इलाके में ऐसे स्टंटबाजों के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी रहेगी, ताकि आम जनता में फैल रही दहशत को रोका जा सके। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उ0नि0 शिवकुमार यादव हे0का0 धीरेन्द्र दुबे का0 अंकित राय का0 राजू यादव (थाना रुधौली, जनपद बस्ती)

# क्षेत्र पंचायत रामनगर की विकास पुस्तिका के चौथे संस्करण का हुआ विमोचन

**●विकास कार्यों का ब्यौरा देना ईमानदारी का प्रतीक विजय लक्ष्मी....**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले के भानपुररामनगर क्षेत्र पंचायत की विकास पुस्तिका का विमोचन उत्तर प्रदेश सरकार की मंत्री विजयलक्ष्मी गौतम के द्वारा किया गया। प्रतिवर्ष ब्लॉक प्रमुख रामनगर यशकांत सिंह के द्वारा वर्ष भर में कराए गए विकास कार्यों का प्रस्तुत विवरण इस पुस्तिका में रहता है। ब्लॉक प्रमुख रामनगर के द्वारा उनके कार्यकाल में अभी तक रामनगर ब्लॉक की विकास पुस्तिका के तीन संस्करणों का विमोचन हो चुका है। बुधवार को रामनगर ब्लाक परिसर में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश सरकार की मंत्री विजयलक्ष्मी गौतम ने रामनगर ब्लॉक के विकास पुस्तिका के चौथे संस्करण का लोकार्पण किया। इस अवसर पर आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने ब्लॉक प्रमुख रामनगर यशकांत सिंह के द्वारा कराए गए विकास कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि हर जनप्रतिनिधि कि यह जिम्मेदारी है कि वह अपने क्षेत्र में किए गए विकास कार्यों को जनता और सरकार के समक्ष प्रस्तुत करें। जिससे जनता और सरकार उस कार्य का मूल्यांकन कर सके। मंत्री ने कहा कि यह तभी संभव है। जब जनप्रतिनि पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ अपने क्षेत्र के विकास में तन्मयता से लगा होता है। कहा कि जनप्रतिनिधि के द्वारा अपने क्षेत्र में किए गए विकास कार्यों का ब्यौरा देना ईमानदारी का प्रतीक है। मंत्री जी के कर कमलो द्वारा ग्राम पंचायत मझारी रोशनी समूह के अध्यक्ष सोनकी, ग्राम पंचायत रामनगर के दीपक महिला समूह की अध्यक्ष पूजा, ग्राम पंचायत रामनगर शंकर समूह के अध्यक्ष सोभावती, ग्राम पंचायत खोरिया आशीष समूह के अध्यक्ष मायावती, ग्राम पंचायत जमोहना दुर्गा समूह के अध्यक्ष प्रेमपती आदि महिलाओं को 150000.00 का छ्ह्रु वितरित किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष भाजपा विवेकानंद मिश्र जी ने कहा कि जिस उद्देश्य से रामनगर ब्लॉक के प्रतिनिधित्व के लिए ब्लॉक प्रमुख को चुना गया था उस रूप में यशकांत सिंह जी का कार्यकाल सही मायने में उचित निर्णय था। उन्होंने कहा कि रामनगर क्षेत्र पंचायत क्षेत्र के जो भी बचे हुए विकास कार्य हैं, उसे आने वाले दिनों में पूरा किया जाएगा। जनसभा में आए हुए आम जनमानस को संबोधित करते हुए ब्लाक प्रमुख रामनगर यशकांत सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी और क्षेत्र की जनता ने जिस आशा और विश्वास के साथ मुझे यह जिम्मेदारी दी थी। उस पर मैं खरा उतरने का पूरा प्रयास किया हूँ। मैं आगे भी हर संभव प्रयास करके रामनगर विकास क्षेत्र को उत्तर प्रदेश में टॉप पर लाने के लिए प्रयासरत रहूंगा। रामनगर ब्लाक परिसर में आयोजित कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक संजय प्रताप जायसवाल, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि दुष्यन्त सिंह, ब्लॉक प्रमुख अभिषेक कुमार, जिला उपाध्यक्ष प्रत्यूष सिंह, भाजपा नेता पुष्करादित्य सिंह, ब्लॉक प्रमुख आलोक चौधरी, रोली सिंह आशा सिंह, संगीता जायसवाल, भाजपा नेता जिला का समिति सदस्य नितेश शर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के तहत जिलाधिकारी ने रामदैपुर छावनी व जंगल रामनगर का किया स्थलीय निरीक्षण

**●ग्रामीणों से गणना प्रपत्र मिलने की ली जानकारी एवं बीएलओ को दिए आवश्यक दिशा निर्देश**

**जंगल रामनगर में घर-घर गणना प्रपत्र वितरण में लापरवाही पर जिलाधिकारी ने बीएलओ को तत्काल निलंबित करने एवं सुपरवाइजर को कारण बताओ नोटिस जारी करने के दिए निर्देश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**अमेठी।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी संजय चौहान ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत गुरुवार को तहसील अमेठी के ग्राम रामदैपुर एवं जंगल रामनगर का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता तथा उपजिलाधिकारी अमेठी आशीष सिंह भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने रामदैपुर छावनी की बीएलओ रेखा सरोज से गांव में गणना प्रपत्र वितरण की स्थिति के बारे में जानकारी ली। बीएलओ द्वारा बताया गया कि गांव के सभी घरों में गणना प्रपत्र वितरित किए जा चुके हैं। जिलाधिकारी ने गांव का भ्रमण कर ग्रामीणों से सीधे बातचीत की और गणना प्रपत्र मिलने की पुष्टि की। साथ ही उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे शीघ्र अति शीघ्र प्रपत्र भरकर बीएलओ को सौंपें। इसके बाद जिलाधिकारी जंगल रामनगर पहुंचे, जहां ग्रामीणों ने बताया कि उन्हें अभी तक गणना प्रपत्र नहीं मिले हैं। इस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की और बीएलओ राम अभिलाष को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश दिए।

साथ ही सुपरवाइजर/लेखपाल रितु मौर्य को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने जंगल रामनगर के लिए वैकल्पिक बीएलओ की तैनाती करते हुए निर्देश दिया कि गणना प्रपत्र जल्द से जल्द घर-घर वितरित किए जाएं। जिलाधिकारी ने कहा कि यह अभियान तभी सफल होगा जब प्रत्येक मतदाता सक्रिय रूप से अपनी भूमिका निभाए। उन्होंने सभी बीएलओ को सख्त निर्देश दिए कि वे समयबद्ध तरीके से गणना प्रपत्र वितरित करें और मतदाताओं को प्रपत्र भरने की पूरी प्रक्रिया के बारे में स्पष्ट एवं समुचित जानकारी दें।उन्होंने चेताया कि इस महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने बताया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची को सटीक, त्रुटिरहित एवं अद्यतन बनाना है, ताकि कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न हो और कोई अपात्र व्यक्ति सूची में शामिल न रह जाए।उन्होंने इसे लोकतंत्र को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया। ज्ञातव्य है कि यह विशेष अभियान 4 दिसंबर 2025 तक संचालित किया जाएगा, जिसके दौरान बीएलओ घर-घर जाकर गणना प्रपत्र वितरित करेंगे। मतदाताओं को इन प्रपत्रों को भरकर पुनः बीएलओ को जमा करना है।

## केन्द्रीय विद्यालय में आयोजित 'पुलिस की पाठशाला' में छात्राओं को साइबर सुरक्षा व मिशन शक्ति के प्रति किया गया जागरूक

**●महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन पर पुलिस अधीक्षक ने किया संबोधन**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर।** मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को मजबूत करने के उद्देश्य से केन्द्रीय विद्यालय बलरामपुर में दैनिक समाचार पत्र अमर उजाला के सौजन्य से 'पुलिस की पाठशाला' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक बलरामपुर श्री विकास कुमार ने छात्राओं को महिला सुरक्षा, साइबर अपराध से बचाव और विभिन्न सुरक्षा सेवाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान एसपी ने छात्राओं को बताया कि आपात स्थिति में तुरंत सहायता के लिए वूमेन पावर लाइन 1090, यूपी 112, एम्बुलेंस सेवा 102/108, महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, साइबर हेल्पलाइन 155260/1930, तथा मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 पर संपर्क किया जा सकता है। साथ ही थाने में संचालित मिशन शक्ति केंद्र की कार्यप्रणाली से भी अवगत कराया गया। एसपी ने ऑपरेशन रक्षा, ऑपरेशन बचपन, ऑपरेशन नशा मुक्ति, ऑपरेशन खोज जैसे महत्वपूर्ण अभियानों की जानकारी देते हुए छात्राओं को सतर्क रहने और दूसरों को भी जागरूक करने की अपील की।

उन्होंने साइबर सुरक्षा पर विशेष जोर देते हुए छात्राओं को सलाह दी कि– आधार कार्ड का बायोमेट्रिक हमेशा लॉक रखें। किसी अजनबी की बातों में आकर कोई एप डाउनलोड न करें। स्क्रीन-शेयरिंग एप्स से बचें, क्योंकि इससे आपके फोन का दुरुपयोग संभव है। किसी भी स्थिति में अपने बैंक विवरण अथवा व्यक्तिगत जानकारी किसी अनजान व्यक्ति से साझा न करें। ऑनलाइन खरीदारी हमेशा अधिकृत व आधिकारिक वेबसाइट/एप से ही करें। सोशल मीडिया अकाउंट पर टू-स्टेप वेरिफिकेशन और मजबूत पासवर्ड अवश्य लगाएं। ठगी या किसी साइबर अपराध का शिकार होने पर तुरंत नजदीकी थाना या हेल्पलाइन 1930 पर संपर्क करने तथा राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन शिकायत करने की सलाह दी गई। इसी क्रम में छात्राओं को बाल विवाह, घरेलू हिंसा, दहेज प्रथा, सड़क सुरक्षा, यातायात जागरूकता तथा नशे के दुष्परिणामों के बारे में भी जागरूक किया गया। उपस्थित सभी छात्राओं ने नशीले पदार्थों से दूर रहने की शपथ ली। कार्यक्रम में विद्यालय प्रशासन, शिक्षकगण सहित पुलिस विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जगमोहनी गांव में जल जीवन मिशन की हकीकत उजागर

**●केंद्रीय अधिकारी के निरीक्षण में सामने आई कई कमियां**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** केन्द्रीय प्रभारी अधिकारी नीति आयोग/अपर सचिव उर्वरक विभाग, भारत सरकार अनीता सी0मेश्राम द्वारा मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह के साथ जल जीवन मिशन के अन्तर्गत पानी की टंकी जगमोहनी का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियन्ता जल निगम द्वारा बताया गया कि यह टंकी 01 वर्ष से संचालित है। 508 घरों के सापेक्ष 480 घरों को कनेक्शन दिया गया है। पानी सप्लाई हो रहा है। 10 वर्ष तक देखरेख कम्पनी द्वारा किया जायेगा। सुबह 7 बजे से 09 बजे तथा 03 बजे से 05 बजे तक सप्लाई दिया जाता है। केन्द्रीय प्रभारी अधिकारी नीति आयोग/अपर सचिव उर्वरक विभाग, भारत सरकार अनीता सी0मेश्राम द्वारा ग्राम की महिलाओं से वार्ता किया गया। पानी के गुणवत्ता के बारे में पूछा गया। केन्द्रीय प्रभारी अधिकारी नीति आयोग/अपर सचिव उर्वरक विभाग, भारत सरकार अनीता सी0मेश्राम द्वारा परिसर में पौधरोपण भी किया गया। इस अवसर पर अधिशासी अभियन्ता जल निगम संजय जायसवाल, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी बीएस यादव, व अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे।

### अज्ञात ट्रक की टक्कर से महिला की मौत, पति गंभीर

**बस्ती।** बस्ती जिले के मंगलवार 19 नवंबर को करीब 3:10 बजे हर्रैया-बस्ती मार्ग पर भदावल स्टेट बैंक के आगे एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। हर्रैया से बस्ती की ओर जा रही टीवीएस स्टार सिटी बाइक (P51 AB 8608) को पीछे से आए अज्ञात ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार रामचरण (45 वर्ष) पुत्र शुभम, निवासी बलुआ, थाना कप्तानगंज, व उनकी पत्नी अनुराधा (42 वर्ष) गंभीर रूप से घायल हो गए। दंपति हर्रैया कस्बे में किसी काम से आने के बाद अपने ससुराल ग्राम चौबेपुर, थाना हर्रैया तिलक समारोह में शामिल होने जा रहे थे। स्थानीय लोगों और थाना हर्रैया पुलिस की मदद से दोनों को एंबुलेंस द्वारा सीएचसी हर्रैया पहुंचाया गया। यहां चिकित्सकों ने अनुराधा को मृत घोषित कर दिया, जबकि रामचरण का इलाज जारी है। घटना की सूचना परिजनों को दे दी गई है, जो अस्पताल पहुंच चुके हैं। पुलिस ने मृतका का पंचायतनामा भरकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

## क्षेत्राधिकारी तिलोई द्वारा थाना शिवरतनगंज का किया गया वार्षिक निरीक्षण

**●थाना परिसर, कार्यालय आदि की साफ-सफाई व रजिस्टरों का रखरखाव संतोषजनक पाया गया**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**तिलोई अमेठी।** क्षेत्राधिकारी तिलोई दिनेश कुमार मिश्र द्वारा थाना शिवरतनगंज का वार्षिक निरीक्षण किया गया। क्षेत्राधिकारी दिनेश कुमार मिश्र द्वारा थाना परिसर, कार्यालय, शस्त्रागार, दंगा नियन्त्रण उपकरण, मेस, बैरिक, मिशन शक्ति केंद्र व अभिलेखों के रख-रखाव आदि का निरीक्षण किया गया। थाना परिसर, कार्यालय आदि की साफ-सफाई व रजिस्टरों का रखरखाव संतोषजनक पाया गया। थानाध्यक्ष शिवरतनगंज दयाशंकर मिश्र एवं उपस्थित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण को अपराध नियंत्रण, लंबित विवेचना व शिकायती प्रार्थना पत्रों के समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु आवश्यक आदेश/निर्देश दिये गये। थाना परिसर की साफ सफाई एवं स्वच्छता को देखकर क्षेत्राधिकारी ने थाना अध्यक्ष दयाशंकर मिश्र की सराहना की।

# वीडियों साक्ष्य देने के बाद भी रुधौली वीडियो भ्रष्टाचारियों पर नहीं कर रहे कार्यवाही

**●-मुख्य विकास अधिकारी जैसे तेजतर्रार अधिकारी के मंसूबों पर पानी फेर रहे बीडीओ रुधौली-ब्लाक रुधौली ग्राम पंचायत छतरिया में मजदूरों की फर्जी हाजिरी व मनरेगा घोटाला से जुड़ा मामला**






स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले के रुधौली विकासखंड में भ्रष्टाचार की आग में जल रहा है वीडियो साक्ष्य मुहैया कराने के बाद भी बी0डी0ओ0 रुधौली द्वारा भ्रष्टाचारियों पर कार्यवाही न करना जहाँ चर्चाओं का विषय बना हुआ है तो वही जनपद के तेजतर्रार अधिकारियों में शुमार मुख्य विकास अधिकारी की मंशा भी चोटिल हो रही है। सरकारी योजनाओं के माध्यम से ग्राम पंचायत स्तर पर विकास को बढ़ावा देने के प्रयासों के बीच, जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा फर्जी हाजिरी लगाकर सरकारी धन का दुरुपयोग कर सरकार के भ्रष्टाचार मुक्त अभियान को चुनौती दी जा रही रही है, बल्कि विकास की गति को भी धीमा किया जा रहा है।

प्राप्त समाचार के अनुसार विकासखंड रुधौली के ग्राम पंचायत छतरिया में मनरेगा योजना के तहत दो साइडो पर काम चल रहा है जहाँ 8 मस्टरोल जारी किए गए हैं, जिनमें 68 मजदूरों के नाम रजिस्टर में दर्ज हो रहा है। नजीबुल्लाह के खेत से कलावती के खेत तक 32मजदूर व मोहम्मद उमर के खेत से विजय के खेत तक 36मजदूर लेकिन जब मीडिया टीम ने मौके पर जाकर जांच की, तो वहां एक भी मजदूर काम करते नहीं मिले। ग्रामीणों ने इसकी सूचना मीडिया को दी, जिसके बाद मीडिया टीम ने मौके पर जाकर जमीनी हकीकता पता किया तो पता चला कि मजदूरों की फर्जी हाजिरी लग रही थी जब कि साइडों पर काम नहीं हो रहा है। जिम्मेदार अधिकारियों ने कागजों में फर्जी हाजिरी दिखाकर मजदूरों के नाम पर लाखों रुपये का भुगतान करने की तैयारी कर ली है। हैरानी की बात यह है कि मौके पर एक भी मजदूर काम करते नहीं मिले, लेकिन सरकारी रिकॉर्ड में उनकी उपस्थिति दर्ज की गई है लेकिन सवाल यह है कि जब मीडिया में शिकायतें आ रही हैं, तो अब तक जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा कार्रवाई क्यों नहीं की गई? पूरे प्रकरण पर जब बीडीओ रुधौली से बात की गयी तो उन्होंने कहा कि शिकायत दे दीजिए तब देखवाता हूँ।

## थाना महाराजगंज तराई द्वारा महिलाएं बालकों को किया गया जागरूक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बलरामपुर-** महाराजगंज तराई बलरामपुर पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के निर्देशन में एण्टी रोमियो टीम, मिशन शक्ति की महिला उपनिरीक्षक आकांक्षा तिवारी ने मौजा चौराहा में पुलिस टीम के साथ एकत्रित महिलाओं व बच्चों नए आपराधिक कानून व यातायात नियमों से अवगतकराया गया तथा दहेज बाल विवाह न करने के लिए जागरूक किया गया तथा बाल विवाह कानूनी अपराध है। इसके बारे में भी विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई तथा दहेज प्रतिषेध अधिनियम के बारे में बताया गया तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाएं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना ,वृद्धा पेंशन योजना ,विधवा पेंशन योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, इत्यादि के बारे में जानकारी प्रदान की गई *तथा उन्हें सरकार द्वारा चलाए जा रहे ।सभी विभिन्न विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे वूमेन पावर लाइन 1090, एंबुलेंस सेवा 108, आपातकालीन पुलिस सेवा 112, गर्भवती महिलाओं के लिये 102 स्वास्थ्य सेवा के बारे में जानकारी दी गई। सरकार द्वारा चलाई गई लाभकारी योजनाओं सामूहिक विवाह योजना, कन्या सुमंगला योजना, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, आदि के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई। *पंपलेट वितरित* किया गया।उनकी समस्याएं पूछी गई किसी ने कोई समस्या नहीं बताई।साथ ही सभी को कानून के नियमों का पालन करने का निर्देश दिया गया। बढ़ बेटी सम्मेलन कराया गया। टीम में मुख्य आरक्षी ओम प्रकाश,, मुख्य आरक्षी तरस राम यादव आरक्षी प्रमोद कुमार, पवनेश कुमार महिला आरक्षी श्रेवता मद्धेशिया मौजूद रहीं।

## श्रावस्ती बीजेपी के अल्पसंख्यक पदाधिकारी को दंबगो ने पीटा, पुलिस कार्रवाई शून्य

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर-** डबल इंजन की सरकार में अल्पसंख्यक सशक्तिकरण की मंशा को आगे बढ़ाते हुए श्रावस्ती के अखतियार अहमद ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की थी। पार्टी नेतृत्व ने उन पर भरोसा जताते हुए बीजेपी अल्पसंख्यक मोर्चा का जिला महामंत्री भी नियुक्त किया। लेकिन यह कदम स्थानीय स्तर पर कुछ बीजेपी कार्यकर्ताओं और विपक्षी तत्वों को रास नहीं आया। समुदाय और पार्टी स्तर पर विरोध के बीच अखतियार अहमद पर दबंगों द्वारा हमला किए जाने का मामला अब गंभीर रूप लेता जा रहा है। अखतियार अहमद के नज़दीकी रिश्तेदार नसीम पुत्र असलम इदरीसी के छोटे भाई टोपी ने भाजपा में उनके शामिल होने पर नाराज़गी जताई। इसी नाराज़गी के चलते वह अखतियार अहमद की दुकान पर पहुँचा और जमकर गाली-गलौज की मारपीट की बीजेपी से इस्तीफ़ा देने का दबाव बनाया कहा कि 'मुस्लिम समुदाय की BJP में कोई इज्जत नहीं, सिर्फ इस्तेमाल किया जाता है ' और सबसे भयावह – 'परिवार सहित जान से मार देंगे' की धमकी दी हमले से परेशान अखतियार अहमद ने थाना कोतवाली भिनगा में तहरीर दी। अखतियार अहमद का आरोप है कि विपक्षी दलों से जुड़े दबंग किस्म के लोग राजनीतिक संरक्षण प्राप्त हैं, जिसके कारण पुलिस ख़ुद्रक दर्ज करने में भी टालमटोल कर रही है आरोपी अब तक खुलेआम घूम रहे हैं भाजपा जिला महामंत्री होने के बावजूद उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही यह स्थिति न केवल शर्मनाक है बल्कि कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़ा करती है। बीजेपी कार्यकर्ताओं में भी विरोध? सूत्र बताते हैं कि कुछ स्थानीय भाजपा कार्यकर्ता आज भी अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को पार्टी का हिस्सा मानने में असहज हैं। यही सामाजिक तनाव अब हिंसा का रूप लेने लगा है। क्या मुस्लिम समुदाय बीजेपी से जुड़े लोगों को स्वीकार करेगा? बीजेपी से जुड़ने वाले अल्पसंख्यक नेताओं को लेकर पहले भी विरोध के स्वर उठते रहे हैं। अखतियार अहमद का मामला अब अल्पसंख्यक समुदाय में भी चर्चा का विषय बना हुआ है।

# पीसीएफ गोदाम में डीएम का औचक निरीक्षण, उर्वरक आपूर्ति में लापरवाही पर जताई कड़ी नाराजगी

**●ट्रांसपोर्टर को फोन कर ट्रक बढ़ाने व जीपीएस मॉनिटरिंग के निर्देश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर।** रबी सीजन में किसानों को समय से व पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन ने आज पीसीएफ गोदाम धुसाह का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गोदाम में उपलब्ध डीएपी, यूरिया, एनपीके सहित विभिन्न उर्वरकों के स्टॉक, स्टॉक रजिस्टर, वितरण व्यवस्था तथा डिजिटल पोर्टल पर प्रविष्टियों की विस्तार से जांच की। निरीक्षण में यह पाया गया कि उर्वरक एलॉटमेंट के बाद कई सहकारी समितियों तक समय पर आपूर्ति नहीं पहुंच रही है, जिस पर डीएम ने गहरी नाराज़गी जताई। उन्होंने मौके पर ही ट्रांसपोर्टर को कॉल कर ट्रकों की संख्या तत्काल बढ़ाने, वाहनों की जीपीएस मॉनिटरिंग अनिवार्य करने तथा निर्धारित समय सीमा का सख्ती से पालन सुनिश्चित किए जाने के स्पष्ट निर्देश दिए।

डीएम ने कहा कि गोदाम से सहकारी समितियों एवं खुदरा उर्वरक केंद्रों पर उपलब्धता के आधार पर नियमित एलॉटमेंट जारी किया जाए। किसी भी स्तर पर देरी पाए जाने पर संबंधित अधिकारी व परिवहन एजेंसी जिम्मेदार मानी जाएगी। उन्होंने उर्वरक की मांग और वितरण की रियल-टाइम निगरानी सुनिश्चित करने तथा सहकारी समितियों पर पारदर्शी व सरल वितरण व्यवस्था लागू करने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान एआर कोऑपरेटिव, जिला कृषि अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### पिकअप चालक पर लापरवाही से वाहन चलाने पर मुकदमा दर्ज

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के बछरावां रोड पर मेरुई गांव के निकट बुधवार को हुई सड़क दुर्घटना के मामले में मृतक के पिता की तहरीर पर पिकअप वाहन के चालक के विरुद्ध पुलिस ने लापरवाही से वाहन चलाने का मामला दर्ज कर लिया। बहादुरगंज गांव निवासी नबी ने बताया कि उसका बेटा इरशाद अपने दोस्त सलमान के साथ बड़े नहर चौराहा से नाश्ता लेकर बाइक से घर लौट रहा था। तभी मेरुई के निकट पिकअप वाहन चालक ने सामने से उसकी बाइक पर जोरदार टक्कर मार दी। इससे उसके बेटे की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि मामले में चालक के विरुद्ध लापरवाही से वाहन चलाने का मामला दर्ज कर लिया गया है।

### गलती से दूसरे के खाते में गए रुपये लौटाने से किया इंकार

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के गंगापुर बरस गांव के रहने वाले रंजीत कुमार ने गलती से दूसरे के खाते में 15 हजार रूपये ट्रांसफर कर दिए। उसने पुलिस को तहरीर देकर 15 हजार रुपये न लौटाने का आरोप लगाया है। गांव निवासी रंजीत ने बताया कि उसके घर में निर्माण कार्य चल रहा है। इसी दौरान उसने एक बिल्डिंग मटेरियल दुकानदार को ऑनलाइन भुगतान करना चाहा। लेकिन एक अंक गलत टाइप हो गया और पैसा आंध्र प्रदेश के एक अज्ञात व्यक्ति के खाते में चला गया। पीड़ित के मुताबिक जब उसने फोन करके पैसे वापस मांगे तो उस व्यक्ति ने साफ मना कर दिया। परेशान पीड़ित ने पुलिस से मामले में कार्रवाई की मांग की है।

### 23 नवंबर को होगा उर्दू सीतापुर का 55वां सालाना जश्न

**सीतापुर** बज़्म उर्दू सीतापुर का 55वां सालाना जश्न 23 नवंबर को होगा। कार्यक्रम की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। बज़्मे उर्दू के कन्वीनर खुश्तर रहमानी ने बताया है कि बज़्मे उर्दू सीतापुर के 55 साल पूरे होने पर बज़्म उर्दू ने एक बड़ा 55वां सालाना मनाने का ऐलान किया है, जिसमें सीनियर जर्नलिस्ट अहमद इब्राहिम अल्वी, अदबी नशेमन के एडिटर डॉ. सलीम अहमद, मौलाना आज़ाद यूनिवर्सिटी लखनऊ के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अकबर अली मेहमान होंगे। मौलाना आज़ाद एकेडमी के जनरल सेक्रेटरी डॉ. अब्दुल कुद्दुस हाशमी, त्रैमासिक 'रंग' झारखंड के एडिटर डॉ. इकबाल अहमद, मशहूर फिक्शन राइटर और जर्नलिस्ट डॉ. सोहेल वहीद हिस्सा लेंगे और राष्ट्रपति पुरस्कृत शायर, जर्नलिस्ट और शिक्षक मस्त हफीज रहमानी कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। इसके अलावा, लखनऊ और आस-पास के इलाकों से शारिक लहरपुरी, वासिफ फारूकी, खलील फरीदी, राम प्रकाश बेखुद, डॉ. अखलाक, हैदर अल्वी, जलाल लखनवी, नसीर अहमद नसीर जैसे शेयर और कवि कार्यक्रम का हिस्सा बनेंगे । कार्यक्रम संचालन का उत्तरदायित्व शायर और पत्रकार इलियास चिश्ती निभाएंगे, कार्यक्रम में सभी उर्दू साहित्य प्रेमियों से शिरकत की अपील की गई है।

### प्रयागराजः फतेहपुर की नूरी जामा मस्जिद में और ध्वस्तीकरण नहीं किया जाएगा



उत्तर प्रदेश सरकार ने फतेहपुर की नूरी जामा मस्जिद को लेकर इलाहाबाद उच्च न्यायालय में यह शपथ पत्र दिया है कि इस मस्जिद में और ध्वस्तीकरण की जरूरत नहीं है। इसके साथ अदालत ने मस्जिद की प्रबंधन समिति की याचिका का निपटारा कर दिया। न्यायमूर्ति अतुल श्रीधरन और न्यायमूर्ति अनीश कुमार गुप्ता की खंडपीठ ने याचिका का निपटारा करते हुए याचिकाकर्ता को उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता, 2006 की धारा 24 के तहत मस्जिद की चाहरदीवारी के चिन्हीकरण के लिए आवेदन करने की छूट दी। अदालत ने निर्देश दिया कि यदि याचिकाकर्ता की ओर से आवेदन किया जाता है तो आवेदन करने की तिथि से निर्धारित अवधि के अंदर चिन्हीकरण किया जाएगा। फतेहपुर के ललौली गांव में स्थित नूरी जामा मस्जिद की प्रबंधन समिति ने यह आशंका व्यक्त की थी कि 19वीं सदी का यह ढांचा ढहा दिया जाएगा। सुनवाई के दौरान अपर महाधिवक्ता मनीष गोयल ने राज्य सरकार का रुख स्पष्ट करते हुए कहा कि ध्वस्तीकरण की कार्रवाई का निर्देश केवल अतिक्रमण हटाने के लिए दिया गया था। उन्होंने कहा कि जमीन पर जो भी अतिक्रमण था, उसे पहले ही हटा दिया गया है।

# बारूद के धमाके से दो बच्चे झुलसे दग़े गोले की बारूद आग में डालने से हुआ हादसा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर** जनपद सीतापुर के थाना सदरपुर क्षेत्र के गांव हरीया में बुधवार शाम को उस समय हड़कंप मच गया, जब घर के बाहर खेल रहे दो मासूम बच्चे दगे हुए गोले की बारूद की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गए घायल बच्चों की पहचान आजम 10 वर्ष पुत्र अनीश और आकिब 11 वर्ष पुत्र अनीश के रूप में हुई है। दोनों भाई रोज की तरह घर के बाहर खेल रहे थे, तभी उन्हें गांव के बाहरी हिस्से में पड़ी दगे हुए गोले की कुछ वस्तुएं मिलीं बच्चों ने उत्सुकता और खेल-खेल में उन गोलों को उठाकर घर ले आए। परिजनों के अनुसार बच्चों ने गोले को खोलकर उसमें भरी बारूद को निकाल लिया और उसे खेल का सामान समझकर आग में डाल दिया जैसे ही बारूद आग के संपर्क में आई, अचानक तेज धमाका हो गया धमाका इतना जबरदस्त था कि आसपास मौजूद लोगों में भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। चीख-पुकार सुनकर परिजन बाहर भागे, जहां दोनों बच्चे गंभीर रूप से झुलसे हुए हालत में तड़पते मिले। परिवार ने बिना देरी किए दोनों बच्चों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिसवां पहुंचाया। स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद बच्चों की स्थिति को गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिजनों का कहना है कि सब कुछ इतनी तेजी से हुआ कि बच्चों को बचाने का कोई मौका ही नहीं मिला। घटना के बाद पूरे गांव में दहशत का माहौल है ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में दगे हुए गोले और इस तरह की खतरनाक सामग्री का होना सुरक्षा के लिहाज से बेहद चिंताजनक है ग्रामीणों ने प्रशासन और पुलिस विभाग से तत्काल कार्रवाई की मांग की है फिलहाल पुलिस और प्रशासनिक टीमें मामले की जांच में जुटी हुई हैं जबकि दोनों मासूमों का इलाज जारी है!!

## रेलकोच फैक्ट्री में संविदा कर्मचारीयों को हटाए जाने की शिकायत, जांच शुरू

**लालगंज (रायबरेली)।** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना (आरेडिका) में एक संविदा कर्मी के हटाए जाने के मामले ने प्रबंधन ने जांच शुरू कर दी है। पीड़ित कर्मचारी ने आरेडिका प्रशासन को लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की थी। दरअसल रणमऊ गांव निवासी नंदलाल ने बताया कि वह आरेडिका में लगी एक निजी कंपनी में हाई स्किल्ड कर्मचारी के रूप में काम करता था। उसके खाते में 21 हजार रुपये मासिक मानदेय आता था। जबकि उसे केवल 12 हजार रुपये दिए जाते थे। नंदलाल का आरोप है कि छः नवंबर में कंपनी अधिकारियों ने उस पर लापरवाही का आरोप लगाकर अचानक नौकरी से निकाल दिया।

उसकी जगह किसी अन्य कर्मचारी को रख लिया गया। इससे उसके सामने रोजी रोटी का संकट खड़ा हो गया। पीड़ित ने रेलवे बोर्ड, रेल मंत्री और सांसद राहुल को पत्र भेजकर मामले की जांच और कार्रवाई की मांग की। मामला आरेडिका प्रबंधन तक पहुंचा तो प्रबंधन ने पूरे प्रकरण की जांच शुरू कर दी है। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी आरएन तिवारी ने बताया कि जांच में दोषी पाए जाने पर उचित कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि भविष्य में ऐसे मामले सामने आए तो उन पर भी जांच कर कार्रवाई होगी।

## पं. दीनदयाल उपाध्याय राजकीय इंटर कॉलेज में कैरियर गाइडेंस मेला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लालगंज (रायबरेली)।** क्षेत्र के निहस्था गांव स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज में गुरुवार को कैरियर गाइडेंस मेले का आयोजन हुआ।कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुई। विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ. सुषमा द्विवेदी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। मेले में अतिथि वक्ताओं ने छात्र-छात्राओं को विभिन्न करियर विकल्पों की जानकारी दी। उन्होंने प्रेरक प्रसंगों के जरिए बच्चों में आत्मविश्वास जगाया। अतिथियों ने शिक्षा के महत्व, लक्ष्य निर्धारण और करियर योजना पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि आज छात्राओं के लिए हर क्षेत्र में अवसर खुले हैं। खेल, पत्रकारिता, मेडिकल, नर्सिंग, कृषि, पैरामेडिकल, फार्मेसी और हेल्थ सेक्टर से जुड़े विकल्प बताए गए। शिवप्रकाश, राजेंद्र द्विवेदी, आरके शर्मा, विजय शर्मा और सोनू ने इंजीनियरिंग, तकनीकी शिक्षा, कृषि विज्ञान और आईटी क्षेत्र से जुड़े कोर्सों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि डिजिटल युग में कंप्यूटर, डेटा एंट्री, वेब डिजाइनिंग, साइबर सुरक्षा और ग्राफिक डिजाइन जैसे कोर्स तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं। वक्ताओं ने कहा कि सही मार्गदर्शन मिलने पर गांव के छात्र-छात्राएं भी बड़े पद हासिल कर सकते हैं। उन्होंने लक्ष्य निर्धारण, समय प्रबंधन और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर सुझाव दिए। कहा कि हर छात्र छात्रा अपनी रुचि के अनुसार विषय चुनकर मजबूत भविष्य बना सकती है। बाद में अतिथियों ने विद्यार्थियों की ओर से लगाए गए स्टॉल और टीएलएम कक्ष का अवलोकन किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका मधु सिंह ने किया। अंत में प्रधानाचार्य ने सभी अतिथियों और शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में नयना श्रीवास्तव, क्षमा सिंह, उपासना सिंह, हुमा परवीन, अविनाश पांडेय, कमलेश्वर द्विवेदी सहित शिक्षक और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## राजकीय बालिका इंटर कॉलेज अजीतपुर में करियर मेला

### ● विशेषज्ञों ने दिए छात्राओं को नए अवसरों के बारे में मार्गदर्शन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**रायबरेलीः** खीरोंः क्षेत्र के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज अजीतपुर में गुरुवार को करियर मेले का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं को विभिन्न करियर विकल्पों और भविष्य की संभावनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्या प्रतिमा तिवारी ने की।मेले के विशिष्ट अतिथि एआरसी (आधुनिक रेल कोच फैक्ट्री) के वरिष्ठ अनुभाग अभियंता आदित्य प्रकाश ने इंजीनियरिंग क्षेत्र में मौजूद अवसरों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि तकनीकी शिक्षा आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने छात्राओं को सही दिशा, नियमित अभ्यास और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।डॉ. कमला कांत, श्री गणेश विद्यालय ऐहार के जीवविज्ञान प्रवक्ता, ने विज्ञान वर्ग में मेडिकल, नर्सिंग, पैरामेडिकल और शोध क्षेत्र में उपलब्ध करियर विकल्पों की जानकारी दी। उन्होंने विषय की गहराई से समझ, समय प्रबंधन और सतत अध्ययन के महत्व पर जोर दिया। टेक महिंद्रा, नई दिल्ली के टेक्निकल मैनेजर अभिषेक पांडेय ने आईटी और डिजिटल सेक्टर में रोजगार की बढ़ती संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने बताया कि वेब डिजाइनिंग, साइबर सिक्योरिटी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट जैसे क्षेत्रों में करियर की अपार संभावनाएँ हैं। उन्होंने छात्राओं को डिजिटल कौशल विकसित करने और तकनीक को अपनाने के लिए प्रेरित किया।सभी अतिथियों ने छात्राओं को लक्ष्य निर्धारण, अनुशासन और नियमित अध्ययन को सफलता की कुंजी बताया। अंत में प्रधानाचार्या ने सभी विशिष्ट अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।कार्यक्रम में सोनल सिंह, अमिता सिंह, नीलम और जीतकुमारी भी उपस्थित रहीं।

## सरधना हत्याकांड में दोषी छह लोगों को आजीवन कारावास

**मेरठ** जिले की एक अदालत ने सरधना क्षेत्र में वर्ष 2022 में हुए एक हत्याकांड के छह आरोपियों को दोषी ठहराते हुए बुधवार को आजीवन कारावास की सजा सुनायी। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता नीरज सोम के अनुसार 17 अप्रैल 2022 को सरधना थाना क्षेत्र के छबड़िया गांव के निवासी महिपाल सिंह ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें आरोप लगाया था कि सात आरोपियों ओमबीर, सतेन्द्र उर्फ पिन्टू, जितेन्द्र उर्फ पिंका, अमनदीप उर्फ अंचित, सैन्दर कौर और प्रीती ने उस पर, उसके पुत्रों और परिवार के अन्य सदस्यों पर धारदार हथियारों से हमला किया। सोम ने बताया कि शिकायत के आधार पर दर्ज प्राथमिकी में आरोप लगाया गया कि इस घटना में वादी का पुत्र संदीप गंभीर रूप से घायल हुआ था और इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई थी। इस मामले में हत्या समेत विभिन्न आरोपों में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। उन्होंने बताया कि विशेष न्यायाधीश चन्द्र शेखर मिश्र की अदालत ने बुधवार को सभी छह आरोपियों को विभिन्न धाराओं में दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

## एसडीएम ने बीएलओ, बीएलए संग तहसील सभागार में की बैठकचल रही एसआईआर प्रक्रिया पर दिए विशेष दिशा निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**महराजगंज (रायबरेली)** मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत गुरुवार को एसडीएम गौतम सिंह ने तहसील सभागार में बीएलओ एवं बीएलए के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने बीएलओ और बीएलए को आपसी समन्वय के साथ एसआईआर की प्रक्रिया को पारदर्शी एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने का आव्हान किया इस दौरान क्षेत्रीय विधायक श्याम सुंदर भारती के अलावा तहसीलदार मंजुला भी मौजूद रहीं। एसडीएम गौतम सिंह ने कहा कि यह अभियान राष्ट्र और मतदाताओं के हित में ही चलाया जा रहा है। मतदाताओं को स्वयं जागरूकता का परिचय देते हुए आगे बढ़कर सहयोग करने की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि यदि फार्म भरने में किसी तरह की असुविधा हो रही हो तो संबंधित सुपरवाइजर से संपर्क करें सभी बीएलओ प्रत्येक दिन का एक मैप तैयार करें की प्रत्येक दिन कितने फार्म उन्हें वितरित करने हैं, और इसके अलावा कितने फार्म एकात्रित करके अपलोड करना है, ये सुनिश्चित करें।

तहसीलदार मंजुला मिश्रा ने बीएलओ से मत दाताओं से नवीन फोटो लेने पर जोर दिया जिससे मतदाता सूची में स्पष्ट फोटो प्रकाशित हो सके इसके अलावा उन्होंने सभी मतदाताओं को अपनी एक नवीन फोटो निकलवाकर पहले से ही घर पर रख लेने की बात कही जिससे सिर्फ फोटो की वजह से फार्म परिपूर्ण होने से वंचित न रहे। एसडीएम ने कहा यदि कहीं कोई समास्या होती है तो निश्चित रूप से समस्या का समाधान कराया जाएगा। इस दौरान अमित त्रिपाठी उर्फ मोनू निष्कर्ष सिंह, राहुल यादव, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष सच्चिदानंद त्रिपाठी, नगर अध्यक्ष कांग्रेस अंकुर जायसवाल, राज करन सिंह, अनुपम अगृहरि, फ़िरोज़ अहमद, भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव, आसिफ खान ,तहसील बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष सुरेन्द्र श्रीवास्तव जिला उपाध्यक्ष भाजपा जन्मेजय सिंह, भाजपा नेता सरोज गौतम ,पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा सूर्य प्रकाश वर्मा, सोभनाथ वैश्य, सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# पूर्वांचल की मशहूर बाटी-चोखा की दुकान में लगी आग, पिकअप, काउंटर, नगदी सहित 50 हज़ार का सामान भस्म

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर** जनपद सीतापुर में शहर के स्टेशन रोड स्थित साई संजीवनी अस्पताल के सामने बुधवार देर रात पूर्वांचल की मशहूर बाटी-चोखा की एक दुकान में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। रोजाना की तरह दुकान बंद करने के बाद जब संचालक घर चले गए, उसी दौरान दुकान के अंदर रखी अंगीठी से आग भड़क उठी। देखते ही देखते आग ने पूरे पिकअप वाहन में बने काउंटर और आसपास रखे सामान को अपनी चपेट में ले लिया। आसपास के लोगों ने दुकान से धुआं उठता देखा तो तुरंत दुकान मालिक और फायर ब्रिगेड को इसकी जानकारी दी। स्थानीय लोगों ने बताया कि दुकान बंद करते समय अंगीठी पूरी तरह बुझी नहीं थी। रात में धीरे-धीरे उठी चिंगारी ने पास में रखी लकड़ी, कोयला और प्लास्टिक सामग्री को पकड़ लिया कुछ ही देर में आग तेज हो गई और दुकान के अंदर रखा जरूरत का अधिकांश सामान जलकर राख हो गया मौके पर पहुंचे लोगों ने पानी डालकर आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन आग की लपटें इतनी तेज थीं कि स्थानीय स्तर पर उसे काबू पाना मुश्किल हो गया सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ी कुछ ही मिनटों में मौके पर पहुंची और टीम ने तेजी से आग पर नियंत्रण पाने के लिए प्रयास किया। करीब पंद्रह मिनट की मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया जा सका यदि फायर ब्रिगेड समय पर न पहुंचती तो आग आसपास की अन्य दुकानों तक भी फैल सकती थी, जिससे बड़ा हादसा हो सकता था दुकान मालिक के अनुसार इस आग में दुकान का काउंटर, खाद्य सामग्री, बर्तन, लकड़ी-कोयला और अन्य आवश्यक सामान पूरी तरह जलकर खाक हो गया है लगभग 50 हजार रुपए के नुकसान का अनुमान लगाया गया है। घटना के बाद दुकान मालिक काफी व्यथित दिखे। स्थानीय व्यापारियों ने भी ऐसी घटनाओं पर चिंता जताते हुए दुकानदारों से अपील की है कि कोयला या अंगीठी का प्रयोग करने वाली दुकानों को पूरी तरह सुरक्षित कर ही बंद किया जाए, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों को रोका जा सके!!

## बकाया GST न चुकाने पर ईंट भट्ठा कुर्क प्रशासन ने तीन लाख से अधिक की संपत्ति पर किया कार्रवाई, नोटिस के बाद नहीं चेते थे मालिक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर** जनपद सीतापुर के मिश्रिख तहसील प्रशासन ने आज राजस्व बकायों की वसूली अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए अमन ब्रिक फील्ड की संपत्ति कुर्क कर ली लंबे समय से व्यापार कर (GST) जमा न करने पर मालिको के खिलाफ कार्रवाई की मांग लगातार उठ रही थी प्रशासन ने बताया कि उदईपुर पूर्वी गांव स्थित अमन ब्रिक फील्ड के मालिक सोमेश तिवारी एवं शशांक शेखर तिवारी द्वारा बार-बार नोटिस जारी होने के बावजूद बकाया राशि जमा नहीं की गई थी प्रशासिनक अफसरों के अनुसार ब्रिक फील्ड पर कुल 3 लाख 45 हजार 540 रुपये का व्यापार कर बकाया चल रहा था। कर जमा न होने पर तहसील प्रशासन ने अंतिम नोटिस भी भेजा था, लेकिन निर्धारित समय सीमा बीत जाने के बाद भी भुगतान नहीं किया गया। इसके बाद उपजिलाधिकारी मिश्रिख के निर्देश पर राजस्व टीम आज सुबह गांव पहुंची और बकायेदार की संपत्तियों को कुर्क करने की कार्रवाई शुरू की। राजस्व टीम ने मौके पर मौजूद पुलिस बल की सहायता से ईंट भट्ठे की जमीन को सील करते हुए गाटा संख्या 374, 419, 475 समेत संबंधित भूखंडों को कुर्क कर लिया। टीम ने संपत्ति पर कुर्की का नोटिस चस्पा करते हुए स्पष्ट किया कि देय व्यापार कर जमा होने तक संपत्ति प्रशासनिक कब्जे में रहेगी तहसील प्रशासन ने जानकारी दी कि बकाया राशि की वसूली के लिए पिछले कई महीनों से नोटिस जारी किए जा रहे थे, लेकिन भुगतान न होने पर मजबूरन कठोर कार्रवाई करनी पड़ी। एसडीएम मिश्रिख ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार बड़े बकायेदारों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी कार्रवाई के दौरान ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई लोगों में चर्चा रही कि क्षेत्र पहली बार किसी ईंट भट्ठे की इतनी बड़ी संपत्ति को व्यापार कर बकाया के चलते कुर्क किया गया है प्रशासन ने यह साफ कर दिया है कि आने वाले दिनों में अन्य बकायेदारों पर भी इसी तरह की कार्रवाई की जाएगी!!

# हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव-2025 का गंगा आरती के साथ शुभारंभ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के मां गायत्री जन सेवा संस्थान एवं नीशू वेलफेयर फाउंडेशन के तत्वाधान में 'हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव -2025' गंगा आरती के साथ मान्यवर काशीराम सांस्कृतिक स्थल, (महोत्सव स्थल) स्मृति उपवन, आशियाना, बंगला बाजार, लखनऊ में शुभारंभ हुआ। लखनऊ में महोत्सव 19 नवम्बर से 15 दिसंबर, 2025 लक आयोजित किया जायेगा। महोत्सव का मुख्य उद्देश्य प्रदेश एवं केंद्र सरकार की नीतियों को बढ़ावा देते हुए एक भारत, श्रेष्ठ भारत, आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करना एवं भारत से विलुप्त होती लोककला, लोकसंस्कृति को नवजीवन प्रदान करने के साथ-साथ रोजगार का अवसर प्रदान करते हुए भारतीय कलाकृतियों को आगे बढ़ाना है। हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव 2025 का भव्य उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि सांसद राज्यसभा, पूर्व उपमुख्यमंत्री उ.प्र. सरकार डॉ दिनेश शर्मा, मंत्री उ?द्यान एवं कृषि वि. उ.प्र. सरकार दिनेश प्रताप सिंह डॉ राजेश्वर सिंह विधायक सरोजिनी नगर, अति विशिष्ट अतिथि डॉ. रीता बहुगुणा जोशी पूर्व सांसद प्रयागराज, पवन सिंह चौहान एमएलसी, पूर्व विधायक सुरेश चंद्र तिवारी मुकेश शर्मा एमएलसी, अपर्णा यादव उपाध्यक्ष उ.प्र. राज्य महिला आयोग, आनंद द्विवेदी अध्यक्ष बीजेपी लखनऊ महानगर, नम्रता पाठक वरिष्ठ समाज सेविका, सुषमा खर्कवाल महापौर लखनऊ,

विधायक योगेश शुक्ला, विधायक डॉ नीरज बोरा, विधायक ओपी श्रीवास्तव, पूर्व महापौर संयुकता भाटिया, मुकेश बहादुर सिंह, पूर्व आईजी आर के चतुर्वेदी, दूरदर्शन के प्रोग्राम प्रमुख आत्मकथा मिश्रा, भोजपुरी समाज की राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रभुनाथ राय, संतोष श्रीवास्तव, समीर शेख मनीष वर्मा विनोद मिश्रा, शंकरी सिंह, एडवोकेट ब्रजभान सिंह भानू एवं अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर दिव्य एवं भव्य महोत्सव का शुभ आरंभ किया गया।



मुख्य अतिथि सांसद राजयसभा व पूर्व उपमुख्यमंत्री दिनेश शर्मा ने संस्था के सामाजिक कार्यो की भूरि भूरि प्रशंसा की और बताया कि ऐसे सामाजिक आयोजन विगत कई वर्षो से संस्था द्वारा किए जा रहे हैं जो समाज को एक नई दिशा देते हुऐ लोगों को इससे अनुकरण मिलता है। विधायक डॉ राजेश्वर सिंह ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार हस्तशिल्प एवं हाथ के कारीगरों को पूर्णतया सहयोग कर रही है जो कि काफी प्रशंशनीय कार्य है जिसमें संस्था द्वारा इस तरह के महोत्सव को करने से रोजगार भी मिलता है एवं हस्तशिल्प को बढ़ावा भी मिलता है जो सरकार की योजनाओं को साकार कर रहा है। पूर्व सांसद एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ रीता बहुगुणा जोशी ने बताया कि ऐसे आयोजन विगत कई वर्षों से इस संस्था द्वारा किया जा रहा है संस्था सामाजिक कार्य में समर्पित रहती है जिससे राष्ट्र को भी बल मिलता है और समाज को भी, ऐसे आयोजन प्रतिवर्ष होना चाहिए।

आयोजन समिति के अध्यक्ष अरुण प्रताप सिंह, गुंजन वर्मा व रनवीर सिंह, हेमू चौरसिया ने महोत्सव के विषय में बताया कि देश के कई राज्यों से हस्तशिल्प उत्पाद महोत्सव में आए हैं इन्हें भारत सरकार के साथ मिलकर आगे करना हमारा सूक्ष्म प्रयास है। परिसर में सुरक्षा गार्ड एवं सीसीटीवी लगाए गए हैं। सांस्कृतिक मंच की विस्तृत जानकारी देते हुए गुंजन वर्मा द्वारा बताया गया कि हमारा मंच सांस्कृतिक कार्यक्रम हेतु प्रदेश स्तरीय मंच होता है जो सभी के लिए निःशुल्क प्रदान किया जाता है, मंच से विलुप्त होती भारतीय लोक कला को पुनः जीवित करने हेतु पूर्ण प्रयास किया जाता है जिसमें पूर्व वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूर्ण सहयोग हेतु सूचना एवं संस्कृति विभाग उत्तर पदेश से निवेदन किया गया है। सचिव हेमू चौरसिया ने बताया कि सास्कृतिक मंच पर सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ-साथ चिकित्सक, अधिवक्ता, समाजसेवी, साहित्यकार एवं सम्मानित व्यापारियों को प्रतीक चिन्ह एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित भी किया जाएगा। बच्चों, बड़ों के रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम मंच पर प्रस्तुत किए जाएंगे, मनोरंजन में स्वदेशी झूले, फिश टनल एवम खाने पीने, शॉपिंग करने के लिए लखनऊ सहित आसपास के अन्य जिलों से भी दर्शक महोत्सव में भारत के लगभग सभी राज्यों से हस्तशिल्प सहित, कपडे, फर्नीचर, हांथ से बने संगमरमर के सामान, ड्रायफ्रूट्स, कालीन व दैनिक घरेलू उपयोग की समस्त वस्तुएं के लिए आते हैं। भारत के अन्य प्रदेश से समस्त प्रकार के व्यंजन, गेम जोन, सेल्फी प्वाइंट आदि मनोरंजन के साधन रहेंगे। आयोजन समिति के अध्यक्ष अरुण प्रताप सिंह ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया मेले के अंदर का समस्त परिसर व प्रवेश ?द्वार पर सीसीटीवी कैमरा एवं सुरक्षा गार्ड्स की निगरानी रहेगी।

पेयजल एवं स्वच्छता, सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा गया है। सिंह ने बताया कि 22 नवंबर को विधायक सरोजिनी नगर डॉ0 राजेश्वर सिंह के सौजन्य से युवा उत्सव सरोजिनी नगर मनाया जाएगा जिसमें अंतरराष्ट्रीय सिंगर यो यो हनी सिंह का लाइव शो कसर्ट होगा जिसमें प्रदेश के लिए पास वितरित किए गए है जिनके पास प्रवेश पास होगा उन्हीं को निःशुल्क प्रवेश दिया जाएगा। अन्य किसी को भी बिना पास के अनुमति महोत्सव परिसर में जाने की नहीं मिलेगी। कार्यक्रम के आयोजक मंडल में मनोज सिंह चौहान, रोली जायसवाल, मोनालिसा, अमित तिवारी, संदीप शुक्ला, नीलम श्रीवास्तव, कुंवर अंशुमान सिंह, ठाकुर राम सिंह, सूरज जैसवानी, सल्य शरण सिंह, एकर प्रदीप शुक्ल, रोली सिंह, दुर्गेश प्रताप सिंह, प्रखर सिंह, विजय गुप्ता गोविन्द, नीरज यादव यादव उपस्थित रहे।

## अलग-अलग स्थानों से मोटरसाइकिल चोरी करने वाले 02 शातिर अन्तर्जनपदीय चोर गिरफ्तार

### चोरी की 04 अदद मोटरसाइकिल बरामद

अभिमन्यु मांगलिकपुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा जनपद में चुस्त दुरुस्त कानून व्यवस्था के दृष्टिगत चोरी की घटनाओं के शीघ्र अनावरण व पंजीकृत अभियोग से सम्बंधित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु निर्देश के क्रम में आज दिनांक 20.11.2025 को उ0नि0 उदय नारायण सिंह मय हमराह हे0कां0 विनोद कुमार यादव, कां0 निर्मल कुमार तथा कां0 रामअशीष द्वारा सन्दिग्ध व्यक्ति वाहन के दौरान मुखबीर की सूचना पर मोटरसाइकिल चोरी से सम्बन्धित दो व्यक्तियों 1. जितेन्द्र यादव उर्फ लल्ला पुत्र राजबहादुर यादव निवासी मुगरांव थाना हण्डिया जनपद प्रयागराज उम्र 35 वर्ष 2.शाहिल पुत्र मुंशी उर्फ मिशाईल निवासी छितनी तालाब थाना भदोही जनपद भदोही उम्र 19 वर्ष को मुखबिरी सूचना पर पिपरिस आई0 टी0आई0 कालेज के पास से चोरी की 04 अदद मोटरसाईकिल सहित उपरोक्त अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर म0अ0सं0 507/2025 धारा 317(2), 317(4) बी0एन0एस0 थाना भदोही जनपद भदोही पर पंजीकृत करते हुए विधिक कार्यवाही की गई।

# लोकतंत्र की कसौटी पर चुनाव आयोगः सवाल, आरोप और जवाबदेही




भारतीय लोकतंत्र इस समय ऐसे मोड़ पर खड़ा है जहाँ संस्थागत साख और राजनीतिक जवाबदेही के बीच संघर्ष असाधारण रूप से तीखा हो गया है। हाल ही में 272 नागरिकों (पूर्व जजों, नौकरशाहों, राजनयिकों और सैन्य अधिकारियों) द्वारा जारी खुले पत्र ने इस संघर्ष को और अधिक स्पष्ट और संवेदनशील बना दिया है। पत्र में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी पर संवैधानिक संस्थाओं–विशेषकर चुनाव आयोग–की विश्वसनीयता को बदनाम करने का आरोप लगाया गया है। दूसरी ओर विपक्ष का तर्क है कि ये सभी हस्ताक्षरकर्ता सत्ता से कठिन सवाल पूछने का साहस नहीं कर पा रहे, जबकि चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर वास्तविक और गंभीर शंकाएँ मौजूद हैं। यह पूरा विवाद भारत में लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं, संस्थागत पारदर्शिता और राजनीतिक संवाद की बदलती प्रकृति का दर्पण बन गया है। नागरिकों के इस पत्र में कहा गया कि विपक्ष जानबूझकर सेना, न्यायपालिका, संसद और अब चुनाव आयोग जैसी संस्थाओं पर हमला कर रहा है। पत्र में विशेष रूप से राहुल गांधी द्वारा लगाए गए 'वोट चोरी' के आरोपों पर सवाल उठाए गए, जिनमें उन्होंने दावा किया था कि उनके पास '100% सबूत' हैं, जबकि उन्हें न तो औपचारिक शिकायत के रूप में पेश किया गया, न हलफनामे के रूप में। पत्र में यह भी रेखांकित किया गया कि चुनाव आयोग की स्ढ्ढक्र प्रक्रिया–जिसमें मतदाता सूची की समीक्षा, अवैध नामों को हटाना और पात्र मतदाताओं को जोड़ना शामिल है–पूर्णतः पारदर्शी और सार्वजनिक है। हस्ताक्षरकर्ताओं के अनुसार, केवल राजनीतिक हार के आधार पर आयोग की भूमिका पर संदेह उठाना चयनात्मक आक्रोश है, क्योंकि जीत के समय कोई ऐसी आलोचना सामने नहीं आती। उनके अनुसार मतदाता सूची की पवित्रता बनाए रखना विश्व के किसी भी लोकतंत्र में अपरिहार्य है, और भारत को भी इसी सिद्धांत पर कायम रहना चाहिए। परंतु कांग्रेस की प्रतिक्रिया उतनी ही तीखी और आरोपों से भरी थी। उनका कहना है कि यह पत्र वस्तुतः चुनाव आयोग की संभावित लापरवाही या पक्षपात पर उठ रहे सवालों से ध्यान हटाने का प्रयास है। कांग्रेस प्रवक्ता का यह तर्क कि 272 लोगों में से एक भी पूर्व चुनाव आयुक्त नहीं है, और न ही कोई ऐसा व्यक्ति है जिसने चुनावी प्रबंधन में प्रत्यक्ष भूमिका निभाई हो, इस पत्र की निष्पक्षता पर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। विपक्ष यह भी कहता है कि मतदाता सूचियों में गड़बड़ियों, जैसे एक ही पते पर दर्जनों नाम, फर्जी पते, डुप्लिकेट प्रविष्टियाँ और बिना फोटो पहचान के वोट देने की घटनाओं पर लगातार रिपोर्ट सामने आती रही हैं, फिर भी चुनाव आयोग ने इन मामलों को लेकर पर्याप्त पारदर्शिता या सक्रियता नहीं दिखाई। यह प्रश्न इसलिए और जटिल हो जाता है क्योंकि लोकतंत्र में संस्थाओं को सम्मान देना जितना आवश्यक है, उनसे सवाल पूछना उतना ही अनिवार्य–और वैध–कदम है। केवल आरोप लगाना पर्याप्त नहीं होता, लेकिन केवल आरोपों को खारिज कर देना भी किसी स्वस्थ लोकतांत्रिक व्यवस्था का संकेत नहीं कहा जा सकता। आधुनिक लोकतंत्र केवल निष्पक्ष होने से नहीं चलता; उसे निष्पक्ष दिखना भी पड़ता है। जब जनता का विश्वास किसी संस्था की ओर से डगमगाने लगता है, तब सवालों को 'संस्थाओं पर हमला' बता देना राजनीतिक दृष्टि से सुविधाजनक हो सकता है, लेकिन लोकतांत्रिक दृष्टि से यह खतरनाक संकेत माना जाएगा। भारतीय राजनीति में बढ़ते ध्रुवीकरण ने इस विवाद को और अधिक संवेदनशील बना दिया है। राजनीतिक दल जब अपने-अपने चश्मों से संस्थागत क्रियाकलापों को देखने लगते हैं, तो किसी भी निष्कर्ष पर पहुँच पाना कठिन हो जाता है। विपक्ष की शिकायत है कि चुनाव आयोग अपने निर्णयों पर औपचारिक और तकनीकी रूप से पारदर्शी होते हुए भी राजनीतिक रूप से अप्रत्यक्ष दबावों से मुक्त दिखाई नहीं देता। वहीं सत्ता पक्ष और पत्र पर हस्ताक्षर करने वाले नागरिकों का मत है कि केवल राजनीतिक लाभ के लिए आयोग को कटघरे में खड़ा करना देश की लोकतांत्रिक संरचना को कमजोर करता है। यह दो तरह का अविश्वास है–एक तरफ संस्थाओं पर, और दूसरी तरफ विपक्ष की मंशा पर। इस पूरे प्रकरण की सबसे बड़ी चुनौती यह है कि दोनों पक्ष आंशिक रूप से सही हैं, और दोनों ही लोकतांत्रिक विमर्श का हिस्सा हैं। विपक्ष यदि यह कहता है कि मतदाता सूची में गड़बड़ियाँ हैं, तो इन दावों का स्वतंत्र ऑडिट किया जाना चाहिए। और यदि नागरिक समूह यह कहता है कि बिना सबूत आरोप लगाना संस्थागत साख को चोट पहुँचाता है, तो इसमें भी तर्क है। समस्या तब पैदा होती है जब कोई भी पक्ष अपने दावे को तथ्यों, औपचारिक शिकायतों और सत्यापित प्रक्रियाओं के बजाय भावनात्मक और राजनीतिक आरोपों पर आधारित कर देता है। भारतीय लोकतंत्र की इस घड़ी में सबसे महत्वपूर्ण तत्व सिर्फ राजनीतिक बहस नहीं, बल्कि उस बहस का मूल चरित्र है।

लोकतंत्र में संस्थाओं की रक्षा तभी संभव है जब वे जनता की नज़र में न केवल विश्वसनीय हों, बल्कि उनकी कार्यप्रणाली पारदर्शिता और जवाबदेही के आधुनिक मानकों पर खरी उतरे। विपक्ष की आलोचना और नागरिकों की चिंताओं दोनों को संतुलित रूप से सुना जाना चाहिए। असली सवाल यह है कि क्या भारत अपनी लोकतांत्रिक परिपक्वता को इतना मजबूत रख सकेगा कि राजनीतिक जंग संस्थागत विश्वास को न कुचल दे। लोकतंत्र की शक्ति यही है कि उसमें विवाद होते हैं–पर उसका अस्तित्व तभी सुरक्षित रह सकता है, जब विवाद तथ्यों और नैतिक मर्यादा पर आधारित हों, न कि शोर या संदेह के ध्रुवीकरण पर।

**महेन्द्र तिवारी**

# बांग्लादेश के हालात से सतर्क रहने की सख्त जरूरत है

बांग्लादेश में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के सत्ता से बेदखल के साथ ही वहां के राजनीतिक हालात शांत नहीं रहे है जिसके चलते बंगबंधुओ का बंगाल जातीय कट्टरता की आग में जल रहा है। कहने को भले ही बांग्लादेश की कमान प्रधानमंत्री मोहम्मद यूनुस के हाथों में है लेकिन उसकी डोर कट्टर मजहबी संगठनों के लोगों के हाथों में हे जो विदेशी इशारो पर चलकर धनबल और हथियारों के सहारे मजहबी कट्टरता को भड़का कर बांग्लादेश सहित समूचे एशिया में कट्टरपंथी हुकुमत स्थापित करना चाहते है। सत्ता से बेदखल के बाद बांग्लादेश में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को अपनी जान बचाने के लिए हमारे देश में शरण लेना पड़ी है लेकिन हाल ही में बांग्लादेश की अदालत द्वारा देश में दंगे भडकाने के आरोप में अपनी पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को फासी की सजा सुने हे जिसके बाद से बांग्लादेश एक बार फिर असग की लपटों में घिर गया है। अदालत के फैसले से बांग्लादेश में कट्टरपंथी मजहबी नफरत फैलाने वाले लोगों का एक धड़ा खुश हे और भारत सरकार से पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को बांग्लादेश को सौंपने की मांग कर रहा है जबकि दूसरा धड़ा अदालत के फैसले का विरोध कर अपनी पूर्व प्रधानमंत्री की जान की रहम की मांग कर रहा है जिससे टकराव के चलते बांग्लादेश इस समय आग की लपटों में चौतरफा घिरा हुआ है। बांग्लादेश की अदालत के फैसले के बाद निश्चित ही भारत सरकार पर शेख हसीना को लेकर दबाव बन रहा है लेकिन इसका मतलब यह तो नहीं कि शरण में आये व्यक्ति की जान की हिफाजत न की जाए ! बहरहाल कूटनीतिक दृष्टि से सारी विदेशी मीडिया की नजर अब नई दिल्ली की तरफ मुह लगाए बैठी हे और भारत सरकार के अगले कदम के इंतजार में है। निश्चित ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शेख हसीना की जान बचाने हेतू कोई बड़ा कुटनीतिक कदम चलेगे लेकिन प्रधानमन्त्री मोदी का यह कदम कट्टरपंथी मजहबी और विदेशी ताकतों को जरा भी रास नही आयेगा और वह भारत विरोधी तत्वों के साथ मिलकर देश में अशांति फेलाकर अस्थिरता पैदा कर सकते है। बांग्लादेश में शेख हसीना के तख्ता पलट में पाकिस्तान के साथ अमेरिकी भूमिका को भी नकारा नहीं जाना चाहिए! बेशक खुद को शांति का मसीहा कहलाने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प वाशिंगटन डीसी से बांग्लादेश में हिन्दुओं का नरसंहार की घटना का लाइव देखते रहे लेकिन मजाल की उन्होंने इस नरसंहार पर उफ़ भी किया हो ! बांग्लादेश की अदालत से पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की फांसी की सजा के बाद भारत विरोधी ताकतें देश के अंदर और बाहर एक बार फिर आतंकी फैन फेलाए खड़ी हो रही है। पाकिस्तान बांग्लादेश के कट्टरपंथी आतंकी संगठनो के मार्फत चीन अमेरिका भी यह चाहेगे की भारत में अंदरूनी माहौल अशांत हो ताकि भारत के दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिक महाशक्ति बनाने का मार्ग रोका जा सके! अतएव भारत सरकार सीमाओं पर बाहरी दुश्मनों से जितनी मुस्तैद हे उतनी ही केंद्र व राज्य सरकारों को भी देश के अंदर पंचायत स्तर तक मुस्तैद रहने की जरूरत है। केंद्र व राज्य सरकारों को आंतरिक रूप से इसलिए भी बेहद सतर्क रहने की अब जरूरत हे कि घुसपैठ के माध्यम से देश के अंदर भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री देश के अंदर पहले ही आ चुकी हे जिसकी एक झलक हाल ही में देश के अंदर हजारो किलो आरडीएक्स बरामद कर देखने को मिली है। देश के अन्दर ही भारत विरोधी तत्व सक्रिय हे और



विडम्बना यह हे कि देश की राजनीति से जुड़े कुछ लोग ही देश विरोधी तत्वों की वकालत करते हे तो ऐसे तत्वों के होसले बुलंद होते है। अंतर्राष्ट्रीय कूटनीतिक प्रयासों के चलते कुछ ही दिनों में बांग्लादेश में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की फांसी की सजा तो टल भी जाएगी लेकिन भारत विरोधी अंदर और बाहर बैठे लोग इस मौके का फायदा उठाकर देश के अंदर आतंक की आग में जलाने की पुरजोर कोशिश करेंगे इसलिए भारत सरकार को सुरक्षा से जुड़ी सभी एजेंसियों के साथ देश के अंदर जिम्मेदार लोगों को भी बांग्लादेश के हालात से सतर्क रहने की सख्त जरूरत है।

**अरविंद रावल**

# नक्सलवाद अंतिम चरण में, आत्मसमर्पण की तेज रफ्तार से सीमावर्ती इलाकों में बड़ी सफलता



भारत में वामपंथी उग्रवाद नक्सलवाद-माओवाद अब अपने अंतिम दौर में पहुँच चुका है। केंद्र और राज्य सरकारों के संयुक्त अभियानों, सटीक खुफिया इनपुट, स्थानीय विकास योजनाओं और सुरक्षा बलों की लगातार कार्रवाई के कारण नक्सलियों का नेटवर्क लगभग बिखर चुका है।सैकड़ों नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है और वे मुख्यधारा में लौटने का संकल्प लिए है। बीते एक-दो वर्षों में छत्तीसगढ़, झारखंड, बिहार, महाराष्ट्र और आंध्र-ओडिशा सीमा पर नक्सलियों का बड़े पैमाने पर आत्मसमर्पण हुआ है।

कई दर्जन कैडर अपने हथियारों के साथ पुलिस के सामने पेश हुए।इन आत्मसमर्पण करने वालों ने मुख्यधारा में लौटकर समाज और परिजनों के साथ नई शुरुआत का संकल्प लिया।

सरकार की पुनर्वास नीति और सुरक्षा-सुधार कार्यक्रमों ने इस प्रक्रिया को तेज किया है। छत्तीसगढ़,मध्यप्रदेश सीमा पर बड़ी सफलता पुलिस को मिली है।सीमा क्षेत्र में लगातार सर्च-ऑपरेशन और जंगल क्षेत्रों में बनाए गए नए सुरक्षा कैंपों की वजह से उग्रवादी गतिविधियों में तेज कमी आई है। हाल ही में सात शीर्ष माओवादी मुठभेड़ में ढेर किए गए।कई ठिकाने नष्ट हुए,और हथियार-गोलाबारूद के बड़े भंडार बरामद किए गए। स्थानीय प्रशासन का कहना है कि इस क्षेत्र में अब सक्रिय नक्सलियों की संख्या बहुत कम रह गई है।झारखंड का बोकारो और छत्तीसगढ़ का बस्तर नेटवर्क का तेजी से पतन हुआ है।यह राज्य और देश के लिए सुखद कह जाने वाली और रोमांचित करने वाली खबर है।बोकारो, सरायकेला-खरसावां, चाईबासा और सिंहभूम के घने इलाकों में नक्सलियों का दबदबा वर्षों तक रहा।लेकिन अबसुरक्षा बलों की चौकसी,सड़क निर्माण और ग्रामीण कनेक्टिविटीबढ़नेके कारण नक्सली संगठनों की पकड़ लगातार कमजोर हुई है। बस्तर जैसे क्षेत्रों में भीडीआरजी, सीआरपीएफ डिओबीआरए और बीएसएफके संयुक्त ऑपरेशन ने माओवादियों का नेटवर्क कई हिस्सों में लगभग ध्वस्त कर दिया है। अमित शाह का बयान ने कहा था कि 2026 तक नक्सलवाद का पूर्ण खात्मा हो जाएगा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हाल में स्पष्ट रूप से कहा है कि 2026 तक नक्सलवाद का पूरी तरह सफाया कर दिया जाएगा। अब उग्रवाद की अंतिम सांसें चल रही हैं।सरकार तीन मोर्चों पर काम कर रही है।सुरक्षा मोर्चा, तेज़ ऑपरेशन, नए कैंप, आधुनिक हथियारआदि में पुलिस सक्रियता दिखा रही है। विकास मोर्चा में सड़क, बिजली, बैंकिंग, इंटरनेट, स्कूलआदि में अमूलचूल परिवर्तन हुआ है। जन-संपर्क मोर्चा के जरिए स्थानीय युवाओं को रोजगार, कौशल और मुख्यधारा से जोड़ने जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है।इससे नक्सलवाद कमजोर हुआ है। शीर्ष नेतृत्व की लगातार मौत गिरफ्तारी और नये युवाओं की भर्ती लगभग बन्द होने के कारण नक्सलियों की कमर टूट गई है।इसके बाद जनता का सहयोग कम होना,गांवों में सरकारी योजनाओं की पहुँच और लगातार खुफिया और तकनीकी निगरानी से नक्सली निराश हुए है। भारत लंबे समय से चले आ रहे नक्सलवाद की समस्या को निर्णायक मोड़ पर पहुँचा चुका है। आत्मसमर्पण की तेज़ लहर, सक्रिय कैडरों में भारी गिरावट और सुरक्षा बलों की तगड़ी कार्रवाई ने यह स्पष्ट कर दिया है कि माओवादी आंदोलन अब अपने अंतिम चरण में है। 2026 तकपूरी तरह सफाया हो जाएगा। यह लक्ष्य अब पहले की तुलना में अधिक वास्तविक और सम्भव लगने लगा है। महिलाओं की बड़ी भूमिका है। आत्मसमर्पण की लहर और मजबूत शासन की निर्णायक सफलता है ।भारत का नक्सलवाद, जो कभी देश की आंतरिक सुरक्षा का सबसे बड़ा खतरा माना जाता था, अब अपने अंतिम पड़ाव पर पहुँच चुका है। पिछले एक दशक में सुरक्षा बलों की निरंतर कार्रवाई, केंद्र सरकार की सुदृढ़ नीति और विकास कार्यों के उल्लेखनीय विस्तार ने इस उग्रवाद की जड़ों को हिलाकर रख दिया है। हाल के महीनों में जिन अभियानों को अंजाम दिया गया, उनमें कई कुख्यात नक्सलियों के साथ-साथ कई महिला उग्रवादी भी मुठभेड़ में ढेर हुई हैं। इससे यह भी स्पष्ट होता है कि नक्सलवाद में महिलाओं की भागीदारी बड़ी संख्या में रही है, जो इस आंदोलन का एक कम-चर्चित लेकिन महत्वपूर्ण पहलू रहा है।महिला नक्सलियों की बड़ी संख्या है। आंदोलन की जड़ों को समझने कीआवश्यकता है।नक्सली संगठनों में लंबे समय से महिलाओं की भागीदारी उल्लेखनीय रही है। अनुमान है कि कुछ इलाकों में माओवादी दस्ता 30-40 प्रतिशत तक महिलाओं से बना रहा। महिलाओं के नक्सली आंदोलन में जुड़ने के प्रमुख कारण थे। ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार की भारी कमी सामाजिक शोषण और गरीबी पिछले दशकों में सरकारों की उपेक्षा और विकास से कटे हुए आदिवासी क्षेत्रों में राजनीतिक बेरुखी से यह परिस्थितियाँ ऐसी थीं जिनमें कई महिलाओं को लगा कि हथियार उठाना ही रास्ता है। यही वे परिस्थितियाँ थीं जिनका फायदा नक्सली नेतृत्व ने उठाया और दूर-दराज के गांवों में महिलाओं की भर्ती को बढ़ावा किया।

**कांतिलाल मांडोत**

# संपादकीय

## खतरे की घंटी हैं अपराध की राह पर बढ़ते किशोर

हापुड़ (यूपी) में एक किशोर बेटे ने अपने दो दोस्तों की मदद से किसान पिता की गोली मारकर हत्या कर दी और वारदात को आत्महत्या का मामला बता दिया। अब पुलिस जांच में पाया गया है कि पिता का कुसूर इतना था कि इकलौते बेटे की किसी गलती पर पिटाई की थी जिसका अंजाम बेटे ने पिता को खेत पर बुला कर गोली से उड़ा दिया। यह वारदात बता रही है कि समाज में नाबालिग मन मस्तिष्क कितने शातिर ढंग से अपराध कर रहे हैं। पिछले कुछ माह में राजधानी दिल्ली के मुंडका में नाबालिग की गला रेतकर हत्या। फर्श बाजार में 73 वर्षीय बुजुर्ग की चाकू घोंपकर हत्या। आनंद पर्वत में बदले के लिए युवक की हत्या। जहांगीरपुरी में वर्चस्व कायम करने के लिए युवक की हत्या। इन सभी हत्याओं का जिक्र कर रहे हैं, इन सभी को 14 से 17 साल के बीच के नाबालिग लड़कों ने अंजाम दिया। जिस उम्र में कंधे पर बस्ता और हाथों में कलम होना चाहिए, उसी उम्र में नाबालिग अपराध की दुनिया का रुख कर रहे हैं। इसके पीछे कारण चाहे कुछ भी हो, लेकिन पुलिस के लिए यह नाबालिग मुसीबत बन गए हैं। पढ़ने की उम्र में नाबालिग अपराध की दुनिया में कदम बढ़ा रहे हैं। चोरी, लूटपाट ही नहीं, लोगों का खून बहा रहे हैं।सगे संबंधी पडोसी और परिचित के साथ भी वारदात करने में उनको जरा भी हिचक नहीं हो रही। कई नाबालिग अपराधी तो ऐसे हैं, जो बाल सुधार गृह जाकर भी नहीं सुधर रहे। वह वहां से बाहर आने के बाद अपराध के क्षेत्र में फिर से सक्रिय हो रहे हैं। बीते दिनों दिल्ली के विजय विहार इलाके में लूट का विरोध करने वाले एक ऑटो चालक की निर्मम हत्या में पांच नाबालिगों की गिरफ्तारी गंभीर चिंता बढ़ाने वाली है। देश में नाबालिगों के बालिगों की तर्ज पर गंभीर अपराधों को अंजाम देने की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। वहीं दिल्ली की घटना में गिरफ्तार किशोरों की स्वीकारोक्ति डराने वाली है कि वे नशे के आदी हैं और पैसे जुटाने के लिये लूटपाट जैसे अपराधों में लिप्त रहते हैं। यह घटना हमारे समाज में पनप रही विकृतियों की ओर इशारा कर रही है सीलमपुर में 13 वर्षीय करण की हत्या इसका स्पष्ट उदाहरण है। यह समाज के लिए चिंता की बात है। जघन्य अपराधों में संलिप्त नाबालिगों को लेकर कानून लचर होने के कारण यह दुस्साहस बढ़ रहा है। नाबालिग अपराधियों के हाथों जिनके अपने मारे गए, वह कानून में बदलाव के जरिये सख्ती करने की मांग कर रहे हैं। जाफराबाद में 11 जुलाई 2024 को भाई व दोस्त के साथ कपड़े खरीद रहे 15 वर्षीय मोहम्मद फैज की दुकान से बाहर निकाल बीच बाजार में गोली मार कर हत्या कर दी थी। इस वारदात को नाबालिग शमिल था। उसे पुलिस ने पकड़ कर बाल सुधार गृह भेजा था। अब वह बाहर है। बालिग हो चुका है और हाल में उत्तर पूर्वी जिला पुलिस ने उसे एक अन्य अपराध के मामले में गिरफ्तार किया है। आरोपित गैंग्स्टर बन चुका है। मृतक के पिता मोहम्मद गुफरान का कहना है कि यह न्यायोचित नहीं है कि हत्या जैसा गंभीर अपराध करने वाले को इस बात पर रहम दे दिया जाए कि वह नाबालिग है। न्यू सीलमुर के 17 वर्षीय कुणाल की इसी वर्ष 17 अप्रैल को हत्या कर दी गई थी। इस वारदात में दो नाबालिग शामिल थे, जिन्हें पुलिस ने पकड़ा था। कुछ ही महीनों में वह बाल सुधार गृह से बाहर आ गए। अब वह खुली हवा में सांस ले रहे हैं।यह स्थिति देख कर कुणाल के स्वजन का दम घुट रहा है। उसकी मां प्रवीन अब न्याय की उम्मीद छोड़ चुकी हैं। अब वक्त आ गया है कि किशोर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिये सख्त कानूनों के प्रावधान हों। इसकी वजह यह है कि किशोरों को अपराध करने के बाद सामान्य जेलों में रखने के बजाय बाल सुधार गृहों में भेज दिया जाता है। लेकिन बाल सुधार गृहों में रहने के दौरान भी ऐसे अपराधी किशोरों में बड़ा बदलाव नजर नहीं आता। अक्सर देखा जाता है कि बाल सुधार गृहों में रहने की सीमित अवधि के बाद कई किशोर फिर अपराधों की दुनिया में उतर जाते हैं। समाज विज्ञानियों का मानना है कि किशोर अपराधों को लेकर कानून के अस्पष्ट और लचर होने की वजह से भी दोषियों को दंडित नहीं किया जा सकता। अक्सर कहा जाता है कि नाबालिगों की सजा के मामले में अभियुक्त की उम्र को घटा दिया जाए। दरअसल, बदलते परिवेश में समय से पहले किशोरों में वयस्कों की नकारात्मक प्रवृत्तियां पनपने लगी हैं। जिसके चलते वे बड़ों के जैसे अपराध तो करते हैं। लेकिन उन्हें उस अनुपात में सजा नहीं दी जा सकती। वैसे यह भी हकीकत है कि किशोरों के सामने लंबा भविष्य होता है। यदि परिस्थितिवश या मजबूरी में वे कोई अपराध करते हैं तो उन्हें सुधरने का मौका दिया जाना चाहिए। वैसे भी दंड का अंतिम उद्देश्य व्यक्ति में सुधार ही होता है। किशोर सजा काटने के बाद भी लगातार अपराध की दुनिया में सक्रिय रहते हैं तो उसके लिये दंड के सख्त प्रावधान होने चाहिए। वहीं, अपराध के मूल में आर्थिक विषमताएं भी हैं, जिसके चलते वे पढ़-लिख नहीं पाते हैं। लेकिन हाल के वर्षों में तमाम सामाजिक विद्रूपताएं भी किशोर मन में नकारात्मक प्रभाव डाल रही हैं। जैसेकि दिल्ली की घटना में लिप्त किशोरों ने स्वीकारा कि वे नशे के आदी हैं, यह घटना हमारे समाज में नशे के नासूर से उपजे संकट की ओर इशारा करती है। ऐसे में नशे पर अंकुश के साथ ही उन सामाजिक विसंगतियों पर नजर रखने की जरूरत है जो किशोर मन के भटकाव को जन्म देती हैं। भारतीय समाज में जीवन मूल्यों



का तेजी से होता पतन भी एक वजह है। किशोरों को नैतिक शिक्षा का पाठ सही ढंग से न स्कूलों में मिल पा रहा है और न ही घरों में। इस संकट का एक बड़ा पहलू इंटरनेट पर जहरीली व अश्लील सामग्री की प्रचुरता भी है। अक्सर किशोरों द्वारा भी इंटरनेट पर अश्लील सामग्री देखने के बाद यौन हिंसा को अंजाम दिया जाता है । ऐसे में बच्चों को संस्कार स्कूल और घर के बजाय मोबाइल से मिल रहे हैं। लेकिन इतना तय है कि सोशल मीडिया व इंटरनेट से जुड़े विभिन्न माध्यमों में परोसी जा रही विषैली सामग्री बाल मन पर बुरा असर डाल रही है। ऐसे में नशा, अश्लीलता और अपराध उन्मुख कार्यक्रम किशोरों को अपराध की गलियों में गुजरने के लिए उकसा रहे हैं। बहरहाल, अब समय आ गया है कि नीति-नियंताओं को विचार करना चाहिए कि हत्या-बलात्कार जैसे जघन्य अपराधों में लिप्त किशोरों के लिये कैसे कानून बनें। निश्चय ही कानून का मकसद किसी अपराधी में सुधार ही होना चाहिए। लेकिन इस छूट को सजा से छूट का हथियार बनने देने से भी रोकना चाहिए। कानून में समय परिस्थितियों की मांग के अनुसार परिवर्तन और सुधार करने की जरूरत है अब ऐसे गिरोह भी सक्रिय हैं जो नाबालिगो को कच्चा लालच देकर हायर कर संगीन वारदातों को साजिशन अंजाम दिला रहे हैं। बड़े गैंगस्टर भी इनको वारदातों को अंजाम देने के लिए इस्तेमाल करते हैं। कुछ साल पहले चार नाबालिग लड़कों ने कड़कड़डूमा कोर्ट में जज के कमरे में घुसकर गैंगस्टर इरफान उर्फ छेनू पर हमला करवा दिया था। इन लोगों ने छेनू को पांच गोली मारी, लेकिन उसके बाद भी वह जिंदा बच गया। हमले में दिल्ली पुलिस का एक हवलदार इन नाबालिगों की गोली लगने से मारा गया था। बाद में पता चला था कि छेनू के विरोधी नासिर ने इन नाबालिग शूटरों का इंतजाम किया था। इसके बाद से लगातार इन नाबालिगों के इस्तेमाल का तेजी से ट्रेंड बढ़ गया। मौजूदा समय में बदमाश लगातार वारदातों को अंजाम दे रहे हैं जरूरत इस बात की है कि नाबालिगो की परवरिश के लिए समाज में स्वस्थ माहौल की स्थापना की जाए उनके भीतर नैतिकता रोपी जाए ताकि बचपन भविष्य का अपराधी बनने से बचाया जा सके।

**मनोज कुमार अग्रवाल**

# टेलीविज़नः जो जोड़ता, दिखाता और दिशा देता रहा

**टेलीविज़नः कल्पना से हक़ीक़त तक की सबसे बड़ी क्रांति**
**वह स्क्रीन जिसने मानवता को एक ही फ्रेम में बाँध दिया**

कुछ आविष्कार बदले नहीं जाते, वे हमें बदल देते हैं। टेलीविज़न ऐसा ही एक आविष्कार है। उसने कभी दरवाज़े पर खड़े होकर नहीं पूछा कि आप अमीर हैं या गरीब, कस्बे में रहते हैं या महानगर में; बस एक तार खींचा और पूरी दुनिया को घर के आँगन में खोल दिया। हर सुबह आँख खुलते ही आपकी नज़र सबसे पहले किसे खोजती है? उसी छोटे-से काले रिमोट को, जो एक बटन में समूची दुनिया को आपके कमरे में बुला लेता है। आज हम उस जादुई खिड़की को सलाम कर रहे हैं जिसने इंसान की कल्पना को हक़ीक़त में ढाल दिया–टेलीविज़न को। यह महज़ मशीन नहीं, एक क्रांति है। एक तिलिस्म है। एक ऐसा दर्पण, जिसमें हम अपने आप को देखते हैं–हँसते हुए, डरते हुए, रोते हुए और हर बार थोड़ा बदलते हुए। सोचिए ज़रा। 1920 के दशक में जब जॉन लोगी बेयर्ड ने पहली बार चलती तस्वीरें प्रसारित की थीं, तब किसी ने कल्पना भी न की थी कि एक दिन यही डिब्बा दुनिया को अपने आगे झुका लेगा। 1947 में भारत आज़ाद हुआ, और 1959 में दिल्ली के आकाश में पहला टेलीविज़न टावर खड़ा हुआ। उस दिन दूरदर्शन ने सिर्फ़ तरंगें नहीं भेजीं–एक साझा सपना भेजा। गाँव की चौपाल से लेकर मेट्रो के कोच तक, हर जगह एक ही आवाज़ गूँजने लगी। हम अलग-अलग थे, पर एक साथ सुबके जब 'महाभारत' में भीष्म शर-शय्या पर लेटे; हम साथ गूँजे जब कपिल देव ने लॉर्ड्स की बालकनी में विश्व कप उठाया। टेलीविज़न ने हमें सिर्फ़ जोड़ा नहीं–हमें एक राष्ट्र होने का एहसास दिया। रंग आया और जैसे किसी ने समय की नसों में नया खून दौड़ा दिया। 1982 का एशियाड सिर्फ़ खेल नहीं था; वही वह पल था जब भारत ने पहली बार टेलीविज़न की आँखों से खुद को रंगों में देखा। दुकानों पर सजे नए टीवी ऐसे लगते थे मानो शहर अपनी ही परछाई को चकित होकर निहार रहा हो। सीता-हरण का दृश्य देखकर माँओं ने आँचल से आँसू पोंछे, और बच्चों ने पहली बार नीला आकाश सचमुच के नीले में चमकता देखा। टेलीविज़न सिर्फ़ दिखाता नहीं था–वो हमें जीना सिखाता था। 'हम लोग' ने हमें बताया कि साधारण इंसान भी असाधारण संघर्ष कर सकता है। 'बुनियाद' ने बँटवारे के घावों को फिर से कुरेदा, ताकि हम भूल न जाएँ कि नफ़रत की कीमत कितनी भारी होती है। और फिर आया 90 का दशक। स्टार, ज़ी, सोनी। एक चैनल से सैकड़ों चैनल, सैकड़ों आवाज़ें। दूरदर्शन का एकाधिकार टूटा और सपनों की खुली मंडी लग गई।

'शांति' ने बताया कि औरत भी बोल सकती है। 'तारा', 'हिप हिप हुर्रे' ने दिखाया कि बच्चे भी इंसान होते हैं। केबल वाला भैया जब छत पर एंटीना घुमाता था, तो हम सैटेलाइट के ज़रिए पूरी दुनिया को अपने ड्रॉइंग रूम में बुला लेते थे। सीएनएन पर गल्फ वॉर लाइव देखा, एमटीवी पर माइकल जैक्सन को मूनवॉक करते देखा। टेलीविज़न अब सिर्फ़ भारतीय नहीं रहा, वो ग्लोबल हो गया। फिर आया रियलिटी टीवी का दौर–जहाँ स्क्रीन सिर्फ़ कहानी नहीं, किस्मत लिखने लगी। 'कौन बनेगा करोड़पति' ने साबित किया कि आम आदमी भी करोड़पति बन सकता है। एक सवाल, एक जवाब, और पूरी ज़िंदगी बदल जाती है।

'इंडियन आइडल' ने गलियों के गवैयों को स्टार बनाया। 'बिग बॉस' ने हमें दिखाया कि इंसान कितना नीचे गिर सकता है जब कैमरा 24 घंटे उस पर लगा हो। टेलीविज़न अब महज़ मनोरंजन नहीं रहा, वो समाज का असली आईना बन गया; कभी हँसाता, कभी रुलाता, कभी उबाल देता, और कभी अपनी ही परछाई से शर्मिंदा कर जाता। आज जब हम नेटफ्लिक्स, प्राइम, हॉटस्टार पर बिंज करते हैं, तब भी टेलीविज़न ज़िंदा है। वो अब सिर्फ़ डिब्बा नहीं–वो हमारी जेब में है, हमारी उँगलियों पर है। पर उसकी असली ताकत अब भी वही है–लोगों को एक साथ बाँधने की। 2020 का लॉकडाउन याद है? जब 'रामायण' और 'महाभारत' फिर से चले थे, तो पूरा देश एक ही समय, एक ही सांस में कहानी देख रहा था। करोड़ों स्क्रीन पर एक ही दृश्य। एक ही संवाद। एक ही भाव।



टेलीविज़न ने फिर साबित किया–वो सिर्फ़ तकनीक नहीं, वो भावना है। वो संस्कृति है। वो स्मृति है। विश्व टेलीविज़न दिवस हमें ठहरकर यह सोचने पर मजबूर करता है कि हम इस स्क्रीन को आखिर कैसे देख रहे हैं–सिर्फ़ मनोरंजन उगलती मशीन के रूप में, या दुनिया को नया अर्थ देने वाली एक अतिरिक्त आँख के रूप में? टीवी केवल देखने की क्रिया नहीं, जागने का अनुभव भी बन सकता है। यह बताता है कि कहानियों की शक्ति असीम है, कि कभी-कभी एक अकेला दृश्य हज़ार शब्दों से भी गहरी चोट या गहरा सुकून दे सकता है। यही वह ताकत है जिसने हमें स्थानीय चौखट से उठाकर वैश्विक नागरिक बनाया–दृष्टि को सीमाओं की दीवारों के पार ले जाकर। और यही याद दिलाता है कि इंसान की कहानी चाहे कहीं भी जन्म ले, उसकी गूँज दुनिया के हर कोने में सुनाई दे सकती है। इस दिन यह स्वीकार करना जरूरी है कि टेलीविज़न ने न सिर्फ हमारी आदतें, बल्कि हमारी संवेदनाएँ भी बदल दी हैं। उसने हमें वह दुनिया दिखा दी, जिसके दरवाज़े शायद हमारे लिए कभी खुल ही नहीं पाते। यह वह प्रकाश है जो समय के अंधेरे कोनों को चीरकर हमारे पास आता है–कभी चेतावनी बनकर, कभी उम्मीद बनकर। और शायद यही उसकी सबसे बड़ी खासियत हैः टेलीविज़न ऐसा माध्यम है जो सिर्फ बताता नहीं, बल्कि जोड़ता है; सिर्फ दिखाता नहीं, बल्कि दिशा देता है; और सिर्फ मनोरंजन नहीं करता, बल्कि मानवता के साझा भविष्य पर अपनी तेज़, गहरी स्याही से खिंचती हुई एक अमिट रेखा है।

**प्रो. आरके जैन**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उष्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित **संपादक-राजीव कुमार शुक्ल,** मो0- 7499472288
E-Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### बंदियों के विधिक अधिकारों का न हो हननः मनोज

**देवरिया।** जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण धनेन्द्र प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में सचिव/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज तिवारी ने जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सचिव ने कारागार से जुड़े पराविधिक स्वयं सेवकों को लीगल क्लीनिक से संबंधित प्रपत्रों को सुव्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। जेल पराविधिक स्वयं सेवक सुरेंद्र साहनी को बंदियों को जागरूक बनाने, साक्षरता बढ़ाने और विधिक अधिकार दिलाने में सहयोग करने पर सम्मानित भी किया गया। उन्होंने ठंड के मद्देनजर वृद्ध एवं असाध्य बीमार बंदियों के लिए गर्म कपड़ों की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही निरुद्ध बंदियों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराने, नियमित दवा व्यवस्था, एवं परिजनों से नियम अनुसार बातचीत की सुविधा का बिंदुवार संज्ञान लिया। सचिव ने स्पष्ट कहा कि किसी भी बंदी के विधिक अधिकारों का हनन नहीं होना चाहिए। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सभी बंदियों को विधिक सहायता और विधिक साक्षरता उपलब्ध कराने के लिए सदैव तत्पर है। निरीक्षण के दौरान कारागार अधीक्षक प्रेम सागर शुक्ला, जेलर राजकुमार, डिप्टी जेलर अम्बरीश कुमार सहित न्यायालय कर्मी एवं जेल वार्डन मौजूद रहे।

### एक से अधिक स्थानों पर ईएफ भरना अपराध : जिलाधिकारी

**देवरिया।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी दिव्या मित्तल ने बताया कि यदि किसी मतदाता का नाम दो स्थानों पर दर्ज है, तो उसे कई जगह से ईपी/ईएफ मिल सकता है, लेकिन हस्ताक्षर सिर्फ एक ही ईएफ पर किया जाना चाहिए। एक से अधिक ईएफ पर हस्ताक्षर करना दंडनीय अपराध है, जिसमें एक वर्ष तक की सजा या जुर्माना हो सकता है। उन्होंने कहा कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (SIR) के दौरान कोई भी मतदाता दो जगह से गणना प्रपत्र न भरे। मतदाता जहां मतदान करना चाहता है–पुश्तैनी गांव या वर्तमान निवास–उसी स्थान से फॉर्म भरा जाए। मतदाता सूची 27 अक्टूबर को फ्रीज हो चुकी है, इसलिए प्रविष्टि के अनुसार फॉर्म भरना अनिवार्य है। जिलाधिकारी ने बताया कि चुनाव आयोग ने दोहरी प्रविष्टियों की पहचान के लिए डिजिटल प्रणाली विकसित की है। बीएलओ व सुपरवाइजरों को कार्य में लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए गए हैं। नागरिकों से अपील है कि वे बीएलओ का सहयोग करें और CEO/ECI वेबसाइट पर अपने तथा माता-पिता के नाम ऑनलाइन चेक करें।

### वृद्धजनों की हुई मोतियाबिंद सर्जरी

**देवरिया।** सीएमओ डॉ. अनिल कुमार गुप्ता की पहल पर सीएचसी गौरीबाजार में वृद्धा आश्रम के 9 वृद्धजनों की मुफ्त मोतियाबिंद सर्जरी की गई। हाल ही में मेहड़ा पुरवा स्थित आश्रम में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में 11 वृद्धजन सर्जरी के लिए चुने गए थे। गुरुवार को प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक डॉ. बी.एन. गिरी के नेतृत्व में आयोजित शिविर में फुलमतिया देवी, तेतरी देवी, चमेली देवी, काशीनाथ, सम्पति, बादामी देवी, दयाराम, परमावती और लगनी देवी की सर्जरी सफलतापूर्वक हुई। नेत्र सर्जन डॉ. इक़बाल खान, सहायक चिकित्सक डॉ. एजाज अहमद और ग्रेनिका भारती की टीम ने सर्जरी की। वार्ड ब्वाय नारायण राजभर और आयुष्मान मित्र का सहयोग उल्लेखनीय रहा। शिविर में कुल 20 मरीजों की मुफ्त सर्जरी की गई। वृद्धजनों ने सीएमओ और चिकित्सा टीम के प्रति आभार जताया।

### पराविधिक स्वयं सेवकों के 15 पदों पर आवेदन आमंत्रित

**देवरिया।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा पराविधिक स्वयं सेवक चयन के लिए आवेदन मांगे गए हैं। सचिव/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज तिवारी ने बताया कि जिला स्तर पर 10 और तहसील स्तर पर 5, कुल 15 पराविधिक स्वयं सेवक चुने जाएंगे। पी एल वी बनने के लिए हाईस्कूल पास होना जरूरी है। शिक्षक, सेवानिवृत्त कर्मचारी, वरिष्ठ नागरिक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, डॉक्टर, लॉ स्टूडेंट, एनजीओ से जुड़े लोग और स्वयं सहायता समूह के सदस्य भी आवेदन कर सकते हैं। पी एल वी को वेतन नहीं मिलेगा, लेकिन निर्धारित मानदेय दिया जाएगा। चयन एक वर्ष के लिए होगा और साक्षात्कार के आधार पर किया जाएगा। भरे हुए आवेदन 27 नवम्बर 2025 को शाम 5 बजे तक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एडीआर बिल्डिंग, दीवानी न्यायालय परिसर में जमा करने होंगे। देर से मिले आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

## बिजली सजावट के दौरान बड़ा हादसाः हाईटेंशन लाइन की चपेट में आए युवक की मौत, परिवार में कोहराम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ग़ोला बाजार गोरखपुर** – उपनगर गोला में गुरुवार की दोपहर खुशियों के माहौल को मातम में बदल देने वाली बड़ी दुर्घटना सामने आई। वार्ड संख्या-18 लोहामंडी निवासी 35 वर्षीय युवक मिंटू सैनी उर्फ दुर्गेश सैनी पुत्र सोमनाथ सैनी बिजली सजावट का कार्य करते समय 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया। करंट लगने से वह बुरी तरह झुलसकर छत से नीचे गिर पड़ा। आनन-फानन में अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे की खबर मिलते ही इलाके में हड़कंप मच गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक मिंटू सैनी गुरुवार को लगभग 11 बजे गोला थाने के पास स्थित एक मकान में होने वाले हल्दी कार्यक्रम की सजावट का काम कर रहा था। इसी दौरान वह छत पर चढ़कर लोहे का पाइप उठा रहा था। जैसे ही पाइप ऊपर उठा, पास से गुजर रही 11 हजार वोल्ट की लाइव लाइन से पाइप का संपर्क हो गया। तेज़ करंट की चपेट में आकर मिंटू जोरदार झटके के साथ नीचे गिर पड़ा। स्थानीय लोगों ने शोर सुनकर दौड़ लगाई और तुरंत परिजनों को सूचना दी।

परिजन और आसपास के लोग घायल मिंटू को गंभीर हालत में बड़हलगंज के एक निजी अस्पताल ले गए, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक तीन भाइयों में सबसे छोटा था। करीब दो वर्ष पूर्व उसकी शादी हुई थी, लेकिन अभी तक कोई संतान नहीं थी। पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है, जबकि माता-पिता और भाई सदमे में हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार क्षेत्र में कई स्थानों पर हाईटेंशन लाइनें घरों व मकानों की छतों के बेहद करीब से गुजरती हैं, जिससे ऐसे हादसे लगातार खतरा बने रहते हैं। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द बिजली लाइनों का उचित निरीक्षण व मरम्मत कराई जाए, ताकि इस प्रकार की दुर्घटनाओं पर रोक लगाई जा सके। हंसमुख और मेहनती स्वभाव के रूप में पहचाने जाने वाले मिंटू की अचानक हुई मौत से पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है। परिजन पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने का इंतजार कर रहे हैं। वहीं पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण करते हुए आगे की आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

## गोला सीएचसी में स्वास्थ्य व्यवस्था चरमराई

### ●महज फार्मासिस्ट के सहारे 30 शैय्या अस्पताल संचालित, मरीज बेहाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**गोरखपुर** – गोला तहसील मुख्यालय का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) इन दिनों गहरी अव्यवस्था और स्टाफ संकट से जूझ रहा है। 30 शैय्या वाले इस अस्पताल में जहां तीन फार्मासिस्ट तैनात रहने चाहिए, वहीं वर्तमान में मात्र एक चीफ फार्मासिस्ट जे.के. सिंह के सहारे पूरी व्यवस्था संचालित हो रही है। दवा लाने से लेकर स्टोर मेंटेनेंस और मरीजों को दवा वितरण जैसी जिम्मेदारियाँ एक ही कर्मचारी पर आ जाने से स्वास्थ्य केंद्र की कार्यप्रणाली पूरी तरह लड़खड़ा गई है। इस स्थिति ने मरीजों में गहरा असंतोष पैदा कर दिया है।

**फार्मासिस्टों के अभाव से बढ़ी अव्यवस्था**

प्राप्त जानकारी के अनुसार सीएचसी गोला में तीन फार्मासिस्टों की तैनाती स्वीकृत है। परंतु एक फार्मासिस्ट का स्थानांतरण सरदारनगर हो चुका है। दूसरे फार्मासिस्ट अनिल कुमार श्रीवास्तव सेवा निवृत्त हो गए। इस समय अस्पताल में सिर्फ एकमात्र चीफ फार्मासिस्ट जे.के. सिंह उपलब्ध हैं, जिनपर– जिले से दवा लाना, स्टोर और रिकॉर्ड का रख-रखाव, स्टॉक का अपडेट, मरीजों को दवा वितरण जैसी तमाम जिम्मेदारियाँ अकेले आ पड़ी हैं। ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि तीन अधिकारियों का काम एक व्यक्ति कैसे संभाले? स्थानीय लोगों का कहना है कि दवा वितरण में देरी, स्टॉक व्यवस्थित न होने और भीड़ बढ़ने से मरीजों को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है।

**अधीक्षक बोले— 'जिले को सूचना भेजी गई है'**

इस संबंध में जब सीएचसी अधीक्षक डॉ. अमरेंद्र नाथ ठाकुर से बात की गई तो उन्होंने स्वीकार किया कि अस्पताल फिलहाल एक ही फार्मासिस्ट के भरोसे चल रहा है। उन्होंने बताया– स्थिति गंभीर है, इस संबंध में हमने जिले को लिखित सूचना भेज दी है।

**सीएमओ ने कहा— 'व्यवस्था जल्द सुधारी जाएगी'**

मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. राजेश झा ने भी इस समस्या को स्वीकार किया और कहा– 'मामला मेरे संज्ञान में है। जल्द ही आवश्यक व्यवस्था कर फार्मासिस्टों की कमी दूर की जाएगी। 'गंभीर सवाल यह है कि 30 शैय्या वाला महत्वपूर्ण स्वास्थ्य केंद्र आखिर कब तक सिर्फ एक फार्मासिस्ट के भरोसे चलता रहेगा? स्थानीय लोगों ने स्वास्थ्य विभाग से तत्काल कार्रवाई और अतिरिक्त स्टाफ की तैनाती की मांग की है।

## रबी की बुवाई के बीच खाद-बीज की ओवररेट बिक्री चरम पर

### ●शिकायतों के बाद भी दुकानदार बेखौफ–प्रशासन की निष्क्रियता पर उठे सवाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोंडा।** जिले में किसानों की रबी की बुवाई चरम पर है, और इसी महत्वपूर्ण कृषि सीज़न में कस्बा आर्यनगर, मल्लापुर, गोपालबाग, दुल्हापुर, पहाड़ी और कौड़िया क्षेत्र सहित कई स्थानों पर डीएपी व अन्य खाद-बीज की ओवररेट बिक्री ने किसानों की कमर तोड़ रखी है। मजबूरी में किसान मनमाने दामों पर खाद-बीज खरीदने को विवश हैं, जबकि प्रशासनिक सख्ती केवल कागजनुमा निर्देशों में सिमटकर रह गई है। किसानों का कहना है कि रबी की बुवाई के चलते खाद-बीज खरीदना टाला नहीं जा सकता, और दुकानदार इसी जरूरत का फायदा उठाकर सरकारी दरों की खुली धज्जियाँ उड़ा रहे हैं। शिकायतें जिला अधिकारी तक पहुँचीं, लिखित आवेदन दिए गए, लेकिन न परिणाम दिखा और न कोई अभियान चला।

किसानों के बीच गुस्सा साफ दिखाई देता है– शिकायत करने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। लगता है दुकानदारों के हौसले प्रशासन से भी ज्यादा बुलंद हैं।

**कानून–व्यवस्था और नियंत्रण तंत्र दोनों पर प्रश्नचिन्ह**

एक ओर कौड़िया क्षेत्र में दस माह पूर्व मिले अधजले शव की पहचान तक न कर पाने की पुलिसिया विफलता ने कानून-व्यवस्था की कमजोरी उजागर की है, वहीं दूसरी ओर खाद-बीज की काला-बाजारी न रोक पाने से प्रशासनिक ढाँचों की नाकामी सामने आ गई है। दोनों मोर्चों पर प्रशासन की निष्क्रियता जनता को यह सोचने पर मजबूर कर रही है कि जिले में कानून का असर जमीन पर नहीं, बल्कि सिर्फ फाइलों और बयानबाजी तक सीमित है। किसानों का विश्वास डगमगाया, कार्रवाई की मांग तेज मौसमी खिड़की सीमित है, बुवाई का समय निकलता जा रहा है, और किसान महंगी दरों पर खाद-बीज लेने को मजबूर हैं। प्रशासन की चुप्पी और कार्रवाई का अभाव संकेत देता है कि स्थानीय स्तर पर निगरानी तंत्र कमजोर है या फिर दुकानदारों पर लगाम कसने की मंशा नहीं है।

## सोनभद्र में श्री राम सेवा समिति की अनूठी पहल हर शनिवार खिचड़ी भंडारा

### ● श्री राम सेवा समिति द्वारा खिचड़ी भंडारा पहल उद्देश्य कोई भूखा न रहे

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सोनभद्र (उत्तर प्रदेश)**– श्री राम सेवा समिति ने एक ऐसी मानवीय पहल की शुरुआत की है, जो न सिर्फ भूखों को भोजन कराएगी, बल्कि समाज में सामाजिक समरसता की भावना को भी मजबूत करेगी। समिति ने यह सुनिश्चित करने का संकल्प लिया है कि कोई भूखा न रहे।20 नवंबर 2025 की शाम 4:00 बजे, समिति के तत्वावधान में कमला पेट्रोल टंकी पर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का केंद्रीय उद्देश्य प्रत्येक शनिवार को शाम 4:00 बजे से खिचड़ी का भंडारा आयोजित करने की योजना को अंतिम रूप देना था। यह महत्वपूर्ण बैठक समिति के अनुभवी संरक्षक श्री ओमप्रकाश सिंह के कुशल नेतृत्व में संपन्न हुई। बैठक में समिति के प्रमुख पदाधिकारियों ने अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की संरक्षक ओमप्रकाश सिंह, अध्यक्ष अजीत प्रताप सिंह, कोषाध्यक्ष रीता कुमारी, सक्रिय सदस्य राजू गुप्ता, सुरेश कुमार,बैठक के बाद, संरक्षक ओमप्रकाश सिंह ने मीडिया को संबोधित करते हुए इस पहल के गहरे सामाजिक उद्देश्य को रेखांकित किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह भंडारा केवल दान या भोजन वितरण नहीं है, बल्कि एकता का प्रतीक है। ओमप्रकाश सिंह ने कहा, इस भंडारे का उद्देश्य यह है कि गरीब हो या अमीर, हर कोई एक साथ बैठकर प्रसाद ग्रहण करे। हम सभी एक ही समाज के हिस्से हैं और भोजन के स्तर पर कोई भेद नहीं होना चाहिए। यह समरसता का संदेश है।समिति का स्पष्ट लक्ष्य गरीबों की मदद करना और यह सुनिश्चित करना है कि क्षेत्र में कोई भी व्यक्ति भूखा न सोए। ओमप्रकाश सिंह ने समाज के सभी वर्गों और धर्मपरायण भक्तों से इस पुण्य के कार्य में सक्रिय रूप से जुड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जो भी भक्त समिति में जुड़कर अपनी सेवा देना चाहते हैं और गरीबों की मदद करना चाहते हैं, उनका हृदय से स्वागत है। श्री राम सेवा समिति का यह प्रयास सोनभद्र क्षेत्र में सामाजिक सेवा, आपसी भाईचारे और मानवता की एक अनूठी मिसाल पेश करता है। यह दिखाता है कि कैसे छोटे, संगठित समूह भी बड़े सामाजिक लक्ष्यों को साध सकते हैं और समाज को एक मजबूत धागे में पिरो सकते हैं।

## निमंत्रण में गए बाइक सवारों से पेट्रोल पंप पर मारपीट

### ● पीछे से आयी बोलेरो पर किया पथराव, एफआईआर दर्ज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** थाना बानपुर के ग्राम दिदौरा में रहने वाले नीलेश पुत्र मुकेश ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि 13 नवम्बर को रात करीब 8.30 बजे वह चमरौआ अपनी मोटर साइकिल से निमंत्रण में जा रहे थे। बाइक पर उसके साथ रवि व बिट्टू राजा बैठे हुए थे। रास्ते में ग्राम रानीपुरा में फूल सिंह के पेट्रोल पंप पर पेट्रोल डलवाने गये, तभी पंप के स्टाफ द्वारा रानीपुरा निवासी मुनि अभिषेक पुत्र जानसिंह व सांकरवार निवासी अजय पाल यादव के अलावा एक अज्ञात व्यक्ति ने गालियां दीं। गालियां देने का विरोध करने पर उक्त लोगों ने उसके साथ मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गये। इसी बीच गांव के भूपेंद्र की बोलेरो आयी, जिसमें उनके साथ बैठे हुए साथी व भूपेन्द्र ने गाड़ी रोकी तो गाड़ी पर पत्थर मारना शुरू कर दिये। बोलेरो 100 मीटर तक आगे जाकर रुकी, वहां से उक्त लोग भाग गये। आरोप है कि मारपीट के अलावा उक्त लोगों ने मोटर साइकिल व बोलेरो भी क्षतिग्रस्त कर दी और जान से मारने की धमकी दी। घटना की सूचना डायल 112 व चौकी पुलिस राजघाट को दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 352, 115 (2), 351 (3) व 324 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## मारपीट कर धमकाने का आरोप

**ललितपुर।** थाना सौजना क्षेत्रांतर्गत ग्राम सड़कौरा निवासी बलराम पुत्र नन्दलाल अहिरवार ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि 19 नवम्बर को 10.30 बजे वह घर पर था। तभी पड़ोस के मनोज, रामगोपाल पुत्रगण पंखूलाल, पंखूलाल पुत्र मलखान, कमलेश पुत्र धनीराम अहिरवार ने एकराय होकर खेत की बात को लेकर गालियां दीं। विरोध करने पर उक्त लोगों ने ट्रांस्फार्मर जलाने का आरोप लगाते हुए मारपीट कर दी। शोरगुल सुनकर बचाने पहुंची जसोदा पत्नी नंदलाल, फूलन पत्नी भरोसा व भरोसा पुत्र मुलुवा के साथ मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी गयी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## ख़जनी क्षेत्र तालनवर में विवाद के 29 दिन बाद बुजुर्ग की मौत! बीमारी या मारपीट- पोस्टमार्टम से खुलेगा राज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ख़जनी गोरखपुर।** खजनी थाना क्षेत्र के ग्राम तालनवर टोला मंगलपुर में लक्ष्मी प्रतिमा विसर्जन के दौरान हुए विवाद का मामला बुधवार को उस समय फिर से गरमा गया, जब घटना में घायल हुए बुजुर्ग कल्पनाथ निषाद (करीब 70 वर्ष) की मौत की सूचना मिलते ही पूरे गांव में तनाव का माहौल बन गया। पुलिस ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए गांव में चौकसी बढ़ा दी है और सुरक्षा के लिए पिकेट ड्यूटी भी तैनात कर दी गई है।

**विवाद की जड़ : विसर्जन के दौरान दो पक्षों में मारपीट**

जानकारी के अनुसार, 22 अक्टूबर 2025 को विसर्जन कार्यक्रम के दौरान गांव के दो पक्षों–धनु निषाद पुत्र कल्पनाथ निषाद, दूसरा पक्ष जमुना निषाद पुत्र स्व. लखन निषाद के बीच पुरानी रंजिश को लेकर विवाद बढ़ा और मारपीट की स्थिति बन गई। घटना के बाद धनु निषाद की तहरीर पर मुकदमा संख्या 408/25 धारा संगत में दर्ज किया गया। विवेचना के दौरान पुलिस ने विपक्षी पक्ष के तीन प्रमुख अभियुक्त–सुजीत पुत्र जमुना, मनोज पुत्र भगोलू, लालचन्द पुत्र गुल्लू को गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया था। शेष अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश जारी है। 20 नवंबर 2025 को धनु निषाद के पिता कल्पनाथ निषाद की अचानक मौत की सूचना मिलते ही मामला और संवेदनशील हो गया। परिजनों ने आरोप लगाया कि उनकी मौत का कारण 22 अक्टूबर की मारपीट में आई चोटें ही थीं। हालांकि मेडिकल रिपोर्ट इससे अलग इशारा कर रही है। घटना के बाद कराए गए मेडिकल परीक्षण में केवल दाहिने हाथ की कलाई में सूजन दर्ज की गई थी। किसी अन्य गंभीर चोट का उल्लेख नहीं था। यही नहीं, गांव के अन्य लोगों का कहना है कि मृतक लंबे समय से दम (अस्थमा) रोग से पीड़ित थे, जिसके कारण उनकी तबीयत पहले से खराब चल रही थी।

**पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही साफ होगी तस्वीर**

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने मृतक के शव को बीआरडी मेडिकल कॉलेज पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का वास्तविक कारण स्पष्ट होगा।

**गांव में पुलिस की कड़ी निगरानी**

घटना के बाद गांव में तनाव को देखते हुए पुलिस लगातार गश्त कर रही है। सुरक्षा की दृष्टि से पिकेट ड्यूटी भी लगा दी गई है। स्थानीय पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पूरे प्रकरण पर सतर्क दृष्टि रखी जा रही है और किसी भी तरह की अफवाह या तनाव फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**मीडिया सर्वे में खुलासा**

मीडिया सर्वे के दौरान यह भी सामने आया कि मृतक पहले से गंभीर बीमारी से पीड़ित था और उसके शरीर पर किसी भी तरह की खतरनाक चोट का प्रमाण मेडिकल में नहीं मिला था। इसके बावजूद परिवार द्वारा लगाए गए आरोपों की जांच पुलिस गंभीरता से कर रही है। खजनी का यह मामला अब पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है और सबकी निगाहें पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर टिकी हैं, जो इस विवाद की सच्चाई सामने लाएगी।

## शराब के नशे में बवालः हटवा दुबेपुरा में दो पक्ष आमने-सामने

### ● जमकर हुई मारपीट,दोनों पक्षों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज, पुलिस ने शुरू की जांच

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**गोलाबाजार, गोरखपुर**– गोला थाना क्षेत्र के हटवा दुबेपुरा गांव में मंगलवार की शाम शराब के नशे में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट ने पूरे गांव में तनाव का माहौल पैदा कर दिया। मामूली कहासुनी से शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते गाली-गलौज और हाथापाई में बदल गया। घटना के बाद दोनों पक्षों ने गोला थाने पहुंचकर एक-दूसरे के विरुद्ध लिखित तहरीर दी, जिसके आधार पर पुलिस ने दोनों पक्षों पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

**पहला पक्ष—पूजा का आरोपः नशे में धुत होकर घर पर हमला, पति-ससुर को भी पीटा**

मिली जानकारी के अनुसार, हटवा दुबेपुरा निवासी पूजा पत्नी अर्जुन ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उनके ही गांव के श्रीकांत पुत्र छोटेलाल, अनिल पुत्र छोटेलाल, राम नारायण, बालकरन, सचिन, और विपिन पुत्रगण श्रीकांत ने मंगलवार की शाम शराब के नशे में उनके घर के सामने आकर जमकर गाली-गलौज किया। पूजा ने बताया कि विरोध करने पर आरोपियों ने उनसे मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर जब उनके पति अर्जुन और ससुर मौके पर पहुंचे और बचाव का प्रयास किया, तो आरोपियों ने उन्हें भी लात-घूंसों और डंडों से घायल कर दिया। प्रार्थिनी ने कहा कि हमलावर नशे में पूरी तरह बेकाबू थे और पूरे परिवार को धमकाते हुए वापस लौटे।

**दूसरा पक्ष—श्रीकांत का आरोपः अर्जुन और परिवार ने घर में घुसकर किया हमला**

इधर, दूसरे पक्ष ने भी अपनी तहरीर में अलग कहानी बयान की है। श्रीकांत पक्ष का कहना है कि मंगलवार शाम करीब 7 बजे अर्जुन पुत्र श्री, अरुण पुत्र अर्जुन, श्री, और पूजा उनके घर आए और गाली-गलौज करने लगे। जब मना किया गया तो चारों ने मिलकर उन पर हमला कर दिया। परिवार के सदस्यों ने बीच-बचाव कर किसी तरह मामले को शांत कराया।

**पुलिस ने दोनों पक्षों पर दर्ज किया मुकदमा**

घटना की सूचना मिलते ही गोला पुलिस ने गांव में जाकर स्थिति की जानकारी ली। मामले पर थाना प्रभारी निरीक्षक राहुल शुक्ला ने बताया कि, 'दोनों पक्षों से तहरीर प्राप्त हुई है। तहरीर के आधार पर दोनों पक्षों के लोगों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है। जांच की जा रही है, जो तथ्य सामने आएंगे उसी के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। '

**गांव में तनाव, पुलिस की नजर**

हालांकि घटना के बाद से गांव में हल्का तनाव बना हुआ है। दोनों पक्षों के बीच पहले से चले आ रहे विवाद की भी चर्चा है। पुलिस किसी भी अप्रिय स्थिति से बचने के लिए गांव की गतिविधियों पर नजर बनाए हुए है। ग्रामवासियों का कहना है कि शराब की वजह से गांव में आए दिन विवाद बढ़ रहे हैं और प्रशासन को इस पर सख्त कदम उठाने की जरूरत है। हटवा दुबेपुरा की यह घटना एक बार फिर साबित करती है कि नशे में होने वाली छोटी कहासुनी भी बड़े बवाल का रूप ले सकती है। पुलिस की जांच से ही सच सामने आएगा कि मारपीट की असल वजह क्या थी और किसने पहले विवाद को हवा दी।

## गुणवत्ता पूर्ण वृक्षारोपण हेतु महरौनी में वन विभाग का एक दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

### ● ग्राम्य विकास कर्मचारियों को तकनीकी गुर सिखाए, पौधारोपण के चरणबद्ध निर्देश जारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**महरौनी।** प्रदेश में वन संरक्षण, कृषि वानिकी तथा गुणवत्ता पूर्ण वृक्षारोपण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ग्राम्य विकास विभाग के कर्मचारियों व अधिकारियों के लिए वन विभाग द्वारा एक दिवसीय तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण खण्ड विकास अधिकारी महरौनी के कार्यालय स्थित ब्लॉक सभागार में सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण में क्षेत्रीय वन अधिकारी सरोज कुमार सहित वन विभाग के अन्य अधिकारियों ने प्रतिभागियों को पौधशाला, वनीकरण एवं वृक्षारोपण से जुड़े तकनीकी बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम में खण्ड विकास अधिकारी आज़म अली, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा, समस्त ग्राम पंचायत सचिव, तकनीकी सहायक (मनरेगा), ग्राम रोजगार सेवक, ग्राम प्रधान, तथा किसान बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञों ने पौधरोपण के लिए स्थल चयन, माइक्रोप्लान निर्माण, गड्ढा खुदान, गड्ढा भरान, पौधों की सुरक्षित ढुलाई, रोपण की सही तकनीक, दीमक नियंत्रण, तथा सुरक्षा उपायों पर विस्तृत जानकारी दी। साथ ही एक पौधा लगाकर प्रतिभागियों को रोपण की व्यावहारिक विधि भी समझाई गई। वन विभाग द्वारा प्रतिभागियों को निम्न प्रमुख बिंदुओं पर विशेष जोर दिया गया, जैसे वृक्षारोपण से पूर्व माइक्रोप्लान में स्थानीय प्रजातियों को शामिल कर पौध उपलब्धता सुनिश्चित करना। गड्ढा खुदान 31 मार्च तक पूर्ण करना ताकि मिट्टी का फर्मेंटेशन हो सके। जून में खाद-बालू से गड्ढा भरान और जुलाई के प्रथम सप्ताह में पौधों की डिमांड वन विभाग को भेजना। पौधों को कभी तने से न उठाएं, ढुलाई के दौरान दो लेयर से अधिक पौधे न रखें। पौधा लगाने के तुरंत बाद सिंचाई व सुरक्षा व्यवस्था की जांच अनिवार्य है। प्रत्येक ग्रामसभा में ग्रीन चौपाल आयोजित कर उपयुक्त प्रजातियों का चयन किया जाए। प्रशिक्षण के अंत में वन विभाग ने कर्मचारियों से अपील की कि निर्धारित तिथि पर गुणवत्तापूर्ण वृक्षारोपण सुनिश्चित करते हुए प्रत्येक घंटे प्रगति रिपोर्ट संबंधित अधिकारियों को प्रेषित करें।

## सोनभद्र खनन हादसा मे0 कृष्णा माइनिंग वर्क्स की खदान दुर्घटना की मजिस्ट्रियल जाँच शुरू

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सोनभद्र**/दिनांक 20 नवम्बर, 2025। जिले के ओबरा क्षेत्र स्थित बिल्ली मारकुण्डी खनन क्षेत्र में 15 नवंबर 2025 को हुई हृदय विदारक खनन दुर्घटना की निष्पक्ष और तथ्य-आधारित जाँच के आदेश दिए गए हैं। जिला मजिस्ट्रेट (D M) बी.एन. सिंह ने इस दुःखद घटना की मजिस्ट्रियल जाँच हेतु रमेश चन्द्र, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक), सोनभद्र को जाँच अधिकारी नामित किया है। जिला मजिस्ट्रेट बी.एन. सिंह द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, दुर्घटना दिनांक 15.11.2025 को दोपहर लगभग 03:30 बजे से 04:30 बजे के मध्य हुई।यह हादसा मे0 कृष्णा माइनिंग वर्क्स की खदान में घटित हुआ, जहाँ खदान/पहाड़ का एक बड़ा हिस्सा भसक गया, जिसके नीचे कई मजदूर दब गए। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन, जिला प्रशासन के साथ-साथ एन.डी.आर.एफ. (NDRF) और एस.डी.आर.एफ. (SDRF) की टीमों ने तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया था।दुर्घटनाग्रस्त स्थल मौजा-बिल्ली मारकुण्डी में स्थित 10 वर्षीय खनन पट्टा था, जो मे0 कृष्णा माइनिंग वर्क्स को आवंटित किया गया था। मे0 कृष्णा माइनिंग वर्क्स के पार्टनर मधुसूदन सिंह और दिलीप केशरी हैं। यह दुर्घटना कुल रकबा 8.79 एकड़ में फैली हुई खनन क्षेत्र (आराजी संख्या-4823, 4821, 4814, 4847, 4848, 4849, 4850, 4851, 4860 मि., 4771, 4772, 4780, 4782, 4784, 4885, 4815 मि., 4816 मि0, 4817 मि., 4818 मि0) में हुई। उप जिलाधिकारी, ओबरा सोनभद्र द्वारा घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए मजिस्ट्रियल जाँच कराए जाने की आवश्यकता बताई गई थी, जिसके बाद जिला मजिस्ट्रेट ने यह आदेश जारी किया। रमेश चन्द्र, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक), सोनभद्र। जाँच अधिकारी को उक्त घटना के कारणों की तथ्यगत (factual) मजिस्ट्रियल जाँच पूर्ण करनी है। मजिस्ट्रेट को अपनी सुस्पष्ट साक्ष्य आधारित जाँच आख्या विलम्बतम् एक पक्ष (15 दिन) के भीतर जिला मजिस्ट्रेट को उपलब्ध करानी होगी। यह जाँच रिपोर्ट दुर्घटना के कारणों का पता लगाने, सुरक्षा मानकों के उल्लंघन की जाँच करने और इस त्रासदी के लिए जिम्मेदार लोगों की जवाबदेही तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# संक्षिप्त खबरें

## अज्ञात चोरों ने लाखों के सोना चांदी आभूषणों पर हाथ किया साफ

**पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर शुरू की जांच**

**सिंगाही खीरी।** थाना क्षेत्र सिंगाही के ग्राम टांडा में एक घर मे घुसकर लाखों रुपयों के सोने चांदी के आभूषण व हजारों के बर्तन अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। बुधवार की रात आरिफ पुत्र नन्हे निवासी टांडा मजरा बथुआ थाना सिंगाही के घर में अज्ञात चोर घुस गए और घर में रखे सोने चांदी के आभूषण एक जोड़ी झुमकी सोने की एक जोड़ी कान के बाले, चार पायल चांदी की और 12 चांदी के सिक्के एक गैस सिलेंडर, बर्तन, कपड़े और बच्चों के आधार कार्ड अपने साथ चोरी कर ले गए सुबह जब घर वालों की नींद खुली तो कमरे में सामान बिखरा देखकर उनके होश उड़ गए इधर-उधर चोरों का पता लगाया जब उनका सुराग कहीं नहीं लगा तो उन्होंने सिंगाही पुलिस को तहरीर दी है, पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। इस बाबत सिंगाही कार्यवाहक थाना अध्यक्ष आशुतोष सिंह ने बताया कि अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है और चोरों की तलाश की जा रही है जल्दी चोरी का माल बरामद कर चोरों को जेल भेजा जाएगा।

## ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव की मिलीभगत से लाखो का भ्रष्टाचार




**कागजों पर विकास की गंगा बहा सरकारी धन की लूट किये जाने के ग्रामीणों ने लगाए आरोप**

**आखिर मामले की जांच करने से क्यो बचते नजर आ रहे अफसर**

**लखीमपुर खीरी।** जनपद के विकास खंड पसगवां की ग्राम. पंचायत खमरिया मे ग्राम प्रधान पूनम देवी और ग्राम पंचायत सचिव ने आपसी मिलीभगत करके विकास के नाम पर कागजी गंगा बहाकर लाखो का बंदरबाट कर अपनी अपनी जेबें भर डालीं। प्रधान और पंचायत सचिव ने ग्रा. पंचायत के विकास को आये सरकारी धन का निजी हित मे प्रयोग किये जाने केग्रामीणो ने गंभीर आरोप लगाये हैं। ग्रामीणो का आरोप है कि प्रधान ने जानबूझकर विकास कार्य कराने मे जातिगत भेदभाव भी किया है। समाजवादी विचारधारा वाले प्रधान ने भाजपाई ब्राम्हण विरादरी व हरिजन बस्ती मे कोई भी विकास कार्य नही कराया गया ऐसा मोहल्ले वासियों का आरोप है।इतना ही नही जहां कहीं पर इंटरलाकिंग नाली,खडंजा आदि काम कराये भी गये है तो उनमे मानकों की अनदेखी किये जाने का मामला तूल पकडता जा रहा है।कई कार्य तो केवल कागजो पर करवाकर खुद का विकास कर लिया गया है। बतौर बानगी चबूतरा निर्माण कार्य कराये बगैर भुगतान निकाले जाने का मामला-खम्हरिया मे प्राथमिक विदयालय के पास ब्रम्हदेव स्थान पर चबूतरा निर्माण कार्य कराये बगैर ही भारी भरकम भुगतान निकाल कर हजम कर लिया गया यह इकलौता चबूतरा नही है ऐसे ही दो अन्य चबूतरे बताये जाते हैं जिनका निर्माण कराये बगैर ही भुगतान निकाला गया है। प्रेम कुमार के खेत से कामता के खेत तक रास्ता निर्माण कार्य कराये बगैर लाखो का गवन के आरोप-ग्राम पंचायत खम्हरिया की सीमा मे प्रेमकुमार के खेत से ढखिया निवासी कामता के खेत तक सडक निर्माण कराया ही नही गया और कागजो पर फर्जी निर्माण कार्य दिखाकर लाखो रूपये का भुगतान का दुरूपयोग किये जाने का मामला जन चर्चा का विषय बना है।उक्त आरोप लगाते हुये ग्रामीण संतोष कुमार बाजपेई,सुशील मिश्रा मुन्नालाल आदि ने बताय यह तो घोटाले की बानगी भर है गांव के अधिकांश नल बंद पडे है या उनमे गंदा पानी निकल रहा है।और नल रिबोर व मरम्मत के नाम. पर हर वर्ष लाखो का भुगतान निकाला गया है। वही भारी कमीशन के फेर मे अति निम्न गुणवत्ता वाली स्ट्रीट लगवाकर लाखो का व्आरा न्यारा किया गयाहै।जिसके चलते ज्यादातर लाईटे बंद पडी बतायी जाती हैं। इतना ही नही गांव मे सडकों पर बह रहा चोक पडी नालियों का गंदा पानी और बजबजाती नालियां प्रधान की ईमानदारी की पोल खोलने को काफी हैं।ग्रामीणो की माने तो सडको पर भरा कीचड और गंदे पानी से स्कूल जाते समय अक्सर गिर कर चोटिल तो होही रहे है साथ ही उनकी ड्रेस और बस्ता कापी किताब भीग कर खराब हो जाती है। उपरोक्त मामले की दर्जनो शिकायत होने के बाद भी आज तक कोई जांच व कार्रवाई न होने से हौंसले बुलंद प्रधान और पंचायत सचिव जिला स्तरीय ईमानदार अफसरो का नाम बदनाम करते सुना जा सकताहै।वह ऐलानिया कह रहा कि गांव वालो आपने शिकायत की क्या हुआ दो लाख मे मामला रफा दफा हो गया। ऊपर तक पैसा देता हूं कौन जांच करने आयेगा । खंड विकास अधिकारी पसगवां साहब का तो कहना ही क्या साहब फोन ही नही उठाते है तो उनसे जानकारी लेने और मिलने की अपेक्षा करना भी बेमानी साबित हो रहा है।

# खनन माफिया ने तमंचे के बल पर गनर की राइफल छीनने की कोशिश- खनन इंस्पेक्टर की कनपटी पर लगाया पिस्टल

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**सिंगाही-खीरी।** सिंगाही बेलरायां रोड पर मोतीपुर जौरहा एवं सरजू नदी में अवैध खनन की सूचना अखबारों में प्रकाशित होने के बाद हरकत में आए खनन इंस्पेक्टर ने मंगलवार की रात मोतीपुर के भौका घाट पर छापा मार कर बालू से भरी चार ट्रैक्टर ट्रालियों को पकड़ लिया।बालू से भरे वाहनों के पकड़े जाने से आग बबूला हुए खनन माफियाओं ने खनन इंस्पेक्टर के गनर की रायफल छीन कर दबंगई दिखाते हुए इंस्पेक्टर की कनपटी में पिस्टल लगा कर जानलेवा हमला करने की कोशिश की इस बीच खनन इंस्पेक्टर और खनन माफियाओं में तगड़ी झड़प भी हुई बताया जाता है की खनन माफियाओं और खनन स्पेक्टर में झड़प और पकड़ा धकड़ी पर मची अफरातफरी में दो ट्रैक्टर ट्राली मौके से भागने में कामयाब हो गए।खनन इंस्पेक्टर की तहरीर पर सिंगाही पुलिस ने बालू से भरे दो ट्रैक्टर ट्रालियों को मौके से पकड़कर सीज कर दिया है। खनन के कारोबार में शामिल चार खनन माफिया को नाम जद करते हुए 5 अज्ञात खनन माफियाओ के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। निघासन राजस्व विभाग एवं पुलिस की मिली भगत से मोतीपुर के भौका घाट, देरेहटी, पोखरी घाट पर लम्बे समय से सफेद रेती बालू का अवैध खनन बड़े पैमाने होने की खबरें प्रकाशित होने पर जिला प्रशासन के आदेश पर मंगलवार की रात खनन की जांच कर रहे खनन इंस्पेक्टर आशीष सिंह अपने गनर के साथ मौके पर पहुंचे तो चार ट्रैक्टर ट्राली नदी के किनारों पर रात के अंधेरे में सफ़ेद रेती बालू का खनन कर रहे थे।बालू से भरी ट्रालियों को रोक कर उनसे पुछताछ कर ही रहे थे तभी करीब आधा दर्जन खनन माफिया वहां पहुंच गये और खनन इंस्पेक्टर के गनर की राइफल छीन ली और पिस्टल कान से सटाकर जान से मारने की धमकी देने लगे। जिससे वहां अफरातफरी मच गई सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने खनन माफियाओं से खनन इंस्पेक्टर को मुक्त कराया। खनन इंस्पेक्टर आशीष सिंह चार खनन माफिया



मुन्ना खान, हीरालाल, रविंद्र अग्रवाल, फतेह सिंह व पांच अज्ञात खनन माफियाओं पर सरकारी काम में बाधा डालने अप खनिज (परिहार) एवं खनिज विकास अधिनियम की धारा 4/21 का मुकदमा दर्ज कराया है कार्यवाहक थाना अध्यक्ष आशुतोष सिंह ने बताया कि खनन इंस्पेक्टर की तहरीर पर संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया तथा सफेद रेती का काला कारोबार करने वाले खनन माफियाओं को पकड़ने के लिए एसआई मोहित सिंह की अगुवाई में एक टीम बनाई गई जल्दी खनन माफिया को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## दबंग हमलावर कर रहे ग्रामीण का उत्पीड़न

**चित्रकूट:** दबंगों से परेशान ग्रामीण ने उच्चाधिकारियों को पत्र भेजकर न्याय दिलाने की गुहार लगाई है। कर्वी कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत मनोहर गंज सीतापुर निवासी राम सिंह मौर्य ने उच्चाधिकारियों को भेजे शिकायती पत्र में कहा है कि बीती चार सितम्बर को उसके छोटे भाई गुलाब ने उस पर हमला कर दिया। भाई ने अपनी पत्नी व अन्य सहयोगियों के साथ उस पर जानलेवा हमला किया। बचाव में आने पर बेटी मनीषा मौर्या को भी पीटा। घटना की जानकारी दिए जाने पर मौके पर पहुंची पुलिस को देखकर हमलावर घर के अंदर घुस गए और अंदर से ही गौली-गलौज करते रहे। इसकी जानकारी उन्होंने कोतवाली जाकर दी और मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई। इसके बाद से हमलावर लगातार उन्हें धमकी दे रहे है, किंतु इलाकाई पुलिस कोई सुनवाई नहीं कर रही है। पीड़ित ने मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत भी की थी। जिसकी जांच शुरु होने से विपक्षी हमलावर उनके खिलाफ झूठी गवाही दिलवा रहे है। ऐसे में मामले की जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जानी चाहिए।

# रेलवे में नौकरी लगवाने के नाम पर 30 लाख ठगे डीआईजी के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज चार नाम जद

**● जलसा जो ने नौकरी के नाम पर 30 लाख ठगे फर्जी अभिलेख देकर फरार रिपोर्ट दर्ज**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**बरेली**/शाहजहांपुर के युवक से जालसाज ने रेलवे विभाग में नौकरी दिलवाने के नाम पर युवक से 30 लाख लिए और उसे फर्जी आईडी कार्ड एवं अन्य कागज देकर रफूचक्कर हो गए यह घटना शाहजहांपुर के जलाल नगर निवासी सुरेश चंद्र सक्सेना के बेटेके साथ घटी । उनसे रेलवे विभाग में नौकरी दिलवाने के बरेली के निवासी शंकर मिश्रा ने उनके बेटे शिवम से नौकरी दिलाने के नाम पर गुजरात के अंकलेश्वर बरूच एकता कम्प्लेक्स कपूर दरा पटिया निवासी ने 22 लख रुपएआर टी जी एस के द्वारा लिए हैं 800000 रुपए




नगर लिए थे और उनके बेटे को फर्जी आईडी कार्ड अन्य दस्त भेज देकर फरार हो गए । इसका खुलासा जब हुआ जब कोई भी सफलता हाथ ना लगी पीड़ित ने इसकी शिकायत डी आई जी बरेली से की तो चार लोगों के विरुद्ध शिव शंकर राकेश कुमार वर्मा सुमित संतोष यादव के विरुद्ध सुभाष नगर थाना में रिपोर्ट दर्ज की गई है चारों आरोपी फरार उनके फोन भी बंद जा रहे हैं पुलिस उनको तलाश रही है।

## कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का केंद्रीय प्रभारी अधिकारी नीति आयोग ने किया निरीक्षण

**सिद्धार्थनगर।** केन्द्रीय प्रभारी अधिकारी नीति आयोग/अपर सचिव उर्वरक विभाग, भारत सरकार अनीता सी0मेश्राम द्वारा मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह के साथ कस्तूरबा गांधी आवासी बालिका विद्यालय, उसका बाजार का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान केन्द्रीय प्रभारी अधिकारी नीति आयोग/अपर सचिव उर्वरक विभाग, भारत सरकार अनीता सी0मेश्राम निर्माणाधीन छात्रावास को देखा गया। सहायक अभियन्ता उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम संघ लि0 अमित सिंह द्वारा अवगत कराया गया कि इसका निर्माण कार्य मार्च 2026 तक पूर्ण हो जायेगा। इसके साथ ही केन्द्रीय प्रभारी अधिकारी नीति आयोग/अपर सचिव उर्वरक विभाग, भारत सरकार अनीता सी0मेश्राम द्वारा विद्यालय का भी निरीक्षण किया गया। छात्रा द्वारा तिलक लगाकर एवं बुके देकर केन्द्रीय प्रभारी अधिकारी नीति आयोग/अपर सचिव उर्वरक विभाग, भारत सरकार अनीता सी0मेश्राम का स्वागत किया गया। केन्द्रीय प्रभारी अधिकारी नीति आयोग/अपर सचिव उर्वरक विभाग, भारत सरकार अनीता सी0मेश्राम द्वारा छात्राओं से वार्ता कर पढ़ाई के बारे में पूछा गया। इसके साथ ही कम्प्यूटर लैब, रसोई घर को भी देखा गया।

## आंगनबाडी केन्द्र निर्माण मे जमकर उडायी जा रही मानको की धज्जियां

**● मिलीभगत के चलते सबकुछ जानते हुये अनजान बने जिम्मेदार**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**लखीमपुर खीरी।** मामला घपले घोटाले के लिए चर्चित विकासखंड बिजुआ की ग्राम पंचायत बहादुर नगर के ग्राम सिमरिया का है।जहा पर बनवाए जा रहे आंगनबाड़ी केंद्र में शासन द्वारा जारी गाइडलाइन को दरकिनार कर मानक विपरीत गुणवत्ता विहीन निर्माण कराए जाने का मामला प्रकाश में आया है। सूत्रों द्वारा दी गई जानकारी और वीडियो के अनुसार ग्राम सिमरिया में करवाए जा रहे आंगनबाड़ी केन्द्र निर्माण कार्य में दोयम दर्जे की ईट व बालू और सीमेंट से चुनाई कराए जाने का मामला प्रकाश मे आया हैं ।लोगों के जुबानी सत्य माने तो भले ही उत्तर प्रदेश के मुखिया भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने को जीरो टारलेंश की नीति लागू करने के बडे बडे दाबे और वादे कर रहे हो पर सरकार के यह दावे जनपद खीरी के अफसरो के सामने कोई मायने नही रखते हैं। जिसका जीता जागता उदाहरण ब्लाक बिजुआ के सिमरिया मे बन रहे मानक विपरीत अधोमानक निर्माण है।सूत्र बताते हैं कि एस्टीमेट में फर्स्ट क्लास ईंट और सीमेंट सहित अन्य सामग्री का उल्लेख भले ही किया गया है पर जमीनी हकीकत में काम एस्टीमेट से हटकर निम्न गुणवत्ता का कराकर अपनी-अपनी तिजोरियां भरी जा रही हैं। उक्त आरोप ग्रामीणों द्वारा ग्राम प्रधान व पंचायत सचिव सहित ठेकेदार पर लगाए जा रहे हैं। सूत्र बताते हैं वैसे भी ब्लॉक बिजुआ अपनी कारगुजारी के लिए हमेशा चर्चा में रहता है गत वर्ष पूर्व एक पत्रकार को ब्लॉक बिजुआ का भ्रष्टाचार उजागर करने के चक्कर में जेल तक जाना पड़ा था। यहां पर अहम सवाल यह है कि जब एस्टीमेट में फर्स्ट क्लास ईट का भुगतान किया जाता है तो फिर दोयम दर्जे की ईट व अन्य सामग्री किस सक्षम अधिकारी के आदेश से लगाई जाती है यदि मामले का मुख्य विकास अधिकारी खीरी लें संज्ञान तो एक बड़ा अनियमितता का मामला खुलकर सामने आएगा। क्या कहते हैं जिला कार्यक्रम अधिकारी बाल विकास परियोजना का फोन न लग पाने के चलते उनका पक्ष नही मिल सका। वही खंड विकास अधिकारी बिजुआ ने बताया मामला अब मेरे संज्ञान मे आयाहै जांच कराकर दोषी के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।

# जब कुकुरा चौकी इचार्ज पिये ठगो की चाय तो पीडिता को कैसे मिले न्याय?

**● आई.जी.आर.एस.पोर्टल पर की गयी शिकायतो मे फर्जी रिपोर्ट लगाकर ठगी के आरोपियो को दिया जा रहा संरक्षण-आरोप**

**थाना प्रभारी निरीक्षक मैलानी न्याय दिलाने के नाम पर पिला रहे आश्वासन की घुटटी-पीडिता उषा देवी**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**लखीमपुर खीरी।** मामला थाना मैलानी के अंर्तगत कुकुरा पुलिस चौकी के तहत गांव लालजीपुरवा का है जहां एक विधवा बेसहारा महिलासे मुकदमा फाइनल करवा देने केनाम पर रूपया ले लिया और हजम.कर गये ।जिस अधिकारी को देने के नाम पर लिये उसे पैसा नही दिया गया। जिसकी जानकारी काफी समय बीत जाने के बाद पता चली तो अपने को ठगा महसूस करते हुये मुकदमा पंजीकृत कराये जाने की मांग की तो त्कालीन थानेदार ने 3माह मे पैसा वापस देने की लिखित शर्त पर सुलह समझौता करवा दिया गया था। उक्त फैसले मे दिये गये समय के बाद भी पैसा वापस न करने पर जब पीडिता ने कुकुरा चौकी ईचार्ज को प्रार्थना पत्र दिया तो चौकी प्रभारी ने विपक्षी को चौकी बुला लिया और फिर छोड दिया ।तब से आज तक उसकी न तो रिपोर्ट दर्ज की गयी और न उसका पैसा ही वापस.कराया जा रहा है।आरोपी को चौकी प्रभारी खेला संरक्षण दे रहे है जिसके चलते थाना प्रभारी निरीक्षक भी न्याय दिलाने की बजाय आज कव करके टरकाते चले आ रहे हैं।सबसे मजेदार बात यह है कि सी.एम.पोर्टल पर की गयी। शिकायत मे साहब बिना जांच के मनमानी रिपोर्ट लगाकर आरोपी के पक्ष मे निस्तारण कर दिया जाता है।और पीडिता को चौकी पर बुलाकर डाटा जाता हे कि आप बार बार शिकायत क्यो करती हो। चौकी प्रभारी अबलीश पवार सहित मैलानी थाना प्रभारी और ठगी के आरोपी के बीच चल रही मिलीभगत और अपने चहेते आरोपी ठग को बचाये जाने को खेले जा रहे खेल से आहत पीडिता ने दो दो बार न्याय की गुहार लगायी लेकिन चौकी इंचार्ज की हिटलरशाही के आगे पुलिस अधीक्षक के आदेश भी बौने साबित




हो गये।पीडिता का आरोप है कि बार बार चौकी बुलाकर उसको हडकाया जाताहै और कहा जाता है कहीं जाओ आयेगी शिकायत वापस मेरे पास ही और उसकी चुपके से फोटो खींचकर झूठी रिपोर्ट लगा दी जातीहै। था ना मैलानी पुलिस की इस पक्षपात पूर्ण और खाऊ कमाऊ नीति से आहत पीडिता ने आई.जी.आर.एस.पोर्टल पर लगायी गई रिपोर्ट निकलवाकर मामला आई.जी.जोन लखन ऊ सहित मुख्यमंत्री के जनता दरबार के सामने ले जाने की बात कही है।इस मामले पर जब प्रभारी निरीक्षक थाना मैलानी ब्रजेश मौर्या से उनका पक्ष जानने का प्रयास किया गया तो उन्होने बताया कि व्यस्तता काफी होने के चलते विलंब हुआ है मै मामले को दिखवाता हूं।गोल गोल जलेबी जैसा जबाब देकर पल्ला झाड लिया।

# जब कानूनगो और लेखपाल पियेंगे कथित भूमाफिया की चाय तो पीडित को कैसे मिलेगा न्याय

**● रस्म. अदायगी साबित हो रहे थाना मैलानी मे लगने वाले थाना समाधान दिवस**

**सीएम पोर्टल पर की गई शिकायतों में फर्जी एवं भ्रामक आख्या लगा कर किया जा रहा शिकायतों का निस्तारण**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**लखीमपुर खीरी।** मामला गोला तहसील की ग्राम पंचायत हरदुआ का है जहां पर क्षेत्र लेखपाल कानूनगो और कथित भूमाफियाओं के बीच चल रही दूरभि संधि के चलते तालाबों और अंबेडकर पार्क रास्ता खलिहान के नाम दर्ज कागजात सैकड़ो बीघा सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा का खेल बदस्तूर




जारी है।और तहसील प्रशासन का पूरा अमला सब कुछ जानने के बाद अंजान की भूमिका में नजर आ रहा है ।

सूत्र बताते हैं कि ग्राम हरदुआ में तालाब को पाटकर श्री राम मास्टर नामक दबंग ने जहां अपना मकान बना लिया है वही अंबेडकर पार्क की जमीन पर गन्ना की फसल खड़ी है।वही तालाब पर लोगों की खड़ी फसले लेखपाल और कानूनगो की हठधर्मिता और धनलोलुपता की कहानी स्वयं बयां कर रही हैं। इतना ही नहीं ताजा मामला एक और सामने आया है जहां पर लेखपाल और कानूनगो की शह पर संजय कुमार की भूमिधरी जमीन पर श्रीराम मास्टर द्वारा जबरन अवैध कब्जा कर लिया गया पीडित संजय तहसील दिवस से लेकर मुख्यमंत्री पोर्टल पर अब तक एक सैकड़ा शिकायती पत्र दे चुका है लेकिन लेखपाल और कानूनगो के कान पर जूं तक नहीं रेंग रहा है शायद वह शासन के नौकर होने की बजाय श्री राम के सेवक हैं। पीड़ित संजय न्याय की आस मे दर दर भटकने को मजबूर है।और कानून गो साहब फर्जी रिपोर्ट लगाकर शिकायतो का निस्तारण करने को विवश नजर आ रहे है।

# निबंध में मानवी,चित्रकला में आदर्श राठौर और रंगोली प्रतियोगिता में माही गुप्ता प्रथम

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** स्वच्छ भारत अभियान एवं मिशन शक्ति 5.0 के अन्तर्गत जन-जागरण के नगर पालिका परिषद गोला के आयोजन में विभिन्विगोकर्णनाथ द्यालयों में निबंध, कला एवं रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई।निबंध प्रतियोगिता में मानवी गुप्ता इंडियन हेरिटेज एकेडमी प्रथम,अवनी शर्मा शारदे ज्ञान मंदिर द्वितीय, कृपाणी भारद्वाज इण्डियन पब्लिक एकेडमी तृतीय रही। चित्रकला प्रतियोगिता में आदर्श राठौर शारदे ज्ञान मंदिर प्रथम, खुशी सिंह इण्डियन हेरिटेज एकेडमी द्वितीय, कमल रस्तोगी यदुशील शिक्षा निकेतन तृतीय रहे।तथा रंगोली प्रतियोगिता में माही गुप्ता पुत्री छोटे लाल गुप्ता प्रथम स्थान पर रही इसके साथ आरुषि गुप्ता पुत्री अविनाश गुप्ता, स्वाती वर्मा पुत्री पंकज वर्मा, अंशिका पटेल पुत्री योगेन्द्र कुमार वर्मा, गरिमा वर्मा पुत्री कौशल किशोर वर्मा, अंजुम पुत्री जाकिम अली सांत्वना रही। सभी प्रथम ,द्वितीय, तृतीय तथा सांत्वना प्रतिभागियों




को नगर पालिका परिषद गोला सभागार पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला ने प्रथम ,द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वना स्थान के प्रतिभागियों को प्रशस्तिपत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित करते हुए कहा,' *देश,प्रदेश एवं नगर को स्वच्छ व साफ रखना हमारा कर्तव्य है।बच्चों को जागरूक करने के उद्देश्य से विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस अवसर पर अधिशाषी अधिकारी संजय कुमार, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक संदीप वर्मा, लेखाकार मोहित अवस्थी, लाइब्रेरी प्रभारी सुरेन्द्र वर्मा, विमलेश वर्मा, रविन्द्र कटियार ,शत्रोहन मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## नोडल अधिकारी ने गोआश्रयों का किया पर्यवेक्षण

**देवरिया।** निराश्रित गोवंश संरक्षण हेतु संचालित गोआश्रयों के संचालन, प्रबंधन तथा संरक्षित गोवंश के भरण पोषण, पराली संग्रहण के पर्यवेक्षण एवं मूल्यांकन के लिए नोडल अधिकारी डॉ. संजय कुमार श्रीवास्तव,अधीक्षक मंडलीय प्रयोगशाला गोरखपुर ने वृहस्पतिवार को जनपद का भ्रमण किया। नोडल अधिकारी के साथ पशु चिकित्साधिकारी डॉ सतीश कुमार ने सर्वप्रथम कान्हा गोशाला गौरीबाजार का पर्यवेक्षण किया गया, इसके बाद अस्थाई निराश्रित गौआश्रय स्थल बलटिकरा पहुंचे। मौके पर पशुधन प्रसार अधिकारी निशाकान्त तिवारी एवं प्रधान प्रतिनिधि भोलू राय मौजूद रहे। नोडल अधिकारी ने भूसा गृह के निर्माण कराने के लिए कहा, पशुओं को ठंड से बचाव के लिए काउ कोट एवं गोआश्रय को ढकने के लिए तिरपाल आदि की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। पराली संग्रहण एवं साईलेज उपलब्ध पाया गया। अशक्त एवं बीमार पशु के लिए आइसोलेशन रुम का निर्माण किया गया है। पशुओं के टीकाकरण एवं बधियाकरण का आनलाइन फिडिंग शत प्रतिशत करने का निर्देश दिया। मृत पशुओं का सम्मानजनक तरीके से शव निस्तारण करने के लिए केयर टेकर को कहा। हरा चारा की समुचित व्यवस्था का स्थलीय सत्यापन किया।

# आदर्श नगर पंचायत मैलानी में जनकल्याणकारी शिविर सफलतापूर्वक सम्पन्न




**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**मैलानी-खीरी।** आदर्श नगर पंचायत मैलानी में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल तथा सीडीओ अभिषेक सिंह के निर्देशन में 20 तारीख को जनकल्याणकारी शिविर का आयोजन किया गया।शिविर में लगभग 150 से अधिक लोग उपस्थित रहे। शिविर का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष कीर्ति माहेश्वरी और उनके पति तथा समाज सेवी भवानी शंकर माहेश्वरी द्वारा क्षेत्र की बुजुर्ग महिलाओं से कराकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।कार्यक्रम में दिव्यांग पेंशन,विधवा पेंशन,वृद्धावस्था पेंशन सहित विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं में लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इसके साथ ही शिविर में उठी शिकायत पर तत्काल कार्रवाई की गई।यह शिकायत सुहानी पुत्री सुंदर लाल निवासी वार्ड संख्या 02 तथा रूपा पुत्री राजू निवासी वार्ड संख्या 01 मैलानी खीरी के द्वारा की गई थी,जो दिव्यांग थीं।उनकी शिकायत थी कि हुआब पुत्र मो.अली के द्वारा उनके दिव्यांग पेंशन योजना के महत्त्वपूर्ण कागज़ जबरन अपने पास रखे जा रहे हैं।जिसको गम्भीरता से लेते हुए मैलानी नगर पंचायत अध्यक्ष कीर्ति माहेश्वरी ने संबंधित थाने के अधिकारियों को तुरंत बुलवा कर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए।

## झोलाछाप डॉक्टर की क्लीनिक पर सीएचसी प्रभारी ने मारा छापा

**सीएचसी प्रभारी ने तत्काल प्रभाव से बंद कराई गई क्लीनिक**

**सिंगाही खीरी।** शिकायत पर सिंगाही क्षेत्र के सिंगहा खुर्द स्थित झोला छाप डॉक्टर क़े यहां स्वास्थ विभाग टीम की छापा मारकर क्लीनिक बंद कर प्रेक्टिस न करने की हिदायत दी। निघासन सीएचसी प्रभारी ने थाना सिंगाही के ग्राम सिंगहा खुर्द में झोलाछाप डॉक्टर अनिल गुप्ता के यहां एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली(IGRS) के अंतर्गत की गई शिकायत पर बुधवार को छापेमारी की जिसमे अवैध रूप से संचालित क्लीनिक संचालक द्वारा किये जा रहे अवैधानिक चिकित्सा एवं दवाई वितरण को तत्काल बंद करने की हिदायत दी और किसी भी प्रकार से इलाज न करने की चेतावनी देते हुए बताया कि अगर अवैध रूप से डॉक्टरी करते हुए पाए गये तो इस बार केवल बंद करने की हिदायत दी है दूसरी बार सीज कर दिया जाएगा । सी एच सी प्रभारी ने भविष्य में उनके द्वारा अवैध रूप से ईलाज करते पाये जाने पर कठोर कानूनी कार्यवाही करने की बात कही गयी। इस बाबत जब निघासन सीएचसी प्रभारी राजेन्द्र कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि आईजीआर एस द्वारा की गई शिकायत के आधार पर छापेमारी कर क्लीनिक को बंद कर दिया। प्रेक्टिस न करने की हिदायत देते हुए सीज करने की भी चेतावनी दी।

# क्या तीसरे भूमाफिया को भी बचा रहा है सहकारिता विभाग

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**लखीमपुर खीरी।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा चलाए गए एंटी भूमाफिया अभियान को जिले का सहकारिता विभाग ध्वस्त करने पर तुला हुआ है। तहसील सदर के ग्राम बसैगापुर स्थित चभाल सहकारी समिति की 258 एकड़ जमीन पर एक अरसे से भू माफिया काबिज हैं इसी बीच एक तीसरा माफिया जिसने तथ्यों को छुपा कर एक सरकारी रजिस्ट्रेशन श्रम विभाग से कराकर इस जमीन पर काबिज होने का प्रयास कर रहा है ? लेकिन प्रशासन की जानकारी दें होने के बाद भी इन सब पर कोई कार्यवाही ना होना शायद इस बात का प्रमाण है कि सहकारिता विभाग दिखावे में तो जांच कर रहा है लेकिन सांठगांठ उसकी भूमाफियाओं से बनी हुई है। तीसरे भूमाफिया द्वारा बैंक मैनेजर जिला सहकारी बैंक सुंदरवल की सांठगांठ से चभाल फॉर्म के खाते का इन फर्जी सरकारी कागज के आधार पर खाता चालू करवा दिया जिस पर सहकारिता विभाग की जांच टीम ने खाता संचालन पर रोक लगाकर अपने कर्तव्यों की इतिश्री कर ली। ना तो खाता चालू करने वाले शाखा प्रबंधक पर ही किसी भी प्रकार की कार्रवाई के समाचार हैं और ना ही तथ्यों को छुपा कर श्रम विभाग से रजिस्ट्रेशन करने वाले लोगों पर किसी भी प्रकार की कार्रवाई के समाचार हैं सब के सब खुलेआम घूम रहे हैं। ज्ञात हो कि सहकारिता प्रशासन की रोक लगाने के बाद भी खेती बाड़ी करने का कार्य बराबर जारी है। रोक के बाद फसल बोने व काटने का कार्य कौन कर रहा है?यह एक बड़ा सवाल है ? मालूम हो कि जांच में अवैध तरीके से भूमाफियों के कब्जे में पाई गई चभाल फॉर्म की उक्त जमीन पर सहकारिता प्रशासन द्वारा रोक लगाई गई है, यह रोक जब लगाई गई थी तब भी उक्त जमीन पर गेहूं की फसल खड़ी थी उसके बाद से गेहूं की फसल तो कट गई दोबारा धान की फसल भी काटी जा चुकी है और पुनः गेहूं बोया जा रहा है। सहकारिता विभाग द्वारा रोक की इस कार्रवाई को रद्द करने के लिए यह भू माफिया मा0 उच्च न्यायालय तक गए लेकिन उच्च न्यायालय ने मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन की कार्रवाई पर रोक नहीं लगाई। दो भूमाफियाओं से सहकारिता प्रशासन निपट ही रहा था कि तीसरे भू माफिया ने चभाल सहकारी का समिति का श्रम विभाग से




तथ्यों को छुपा कर एक रजिस्ट्रेशन कराकर जिला सहकारी बैंक सुंदरवल में बंद पड़े खाता संख्या 24 को शाखा प्रबंधक से सांठ गांठ कर चालू कर दिया। इसकी जानकारी जांच समिति को हुई तो जांच समिति के अध्यक्ष ने खाता चालू होने पर लेनदेन होने पर पाबंदी लगा दी परंतु शायद बड़े-बड़ों को बचाने के चक्कर में शायद जांच को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है। चभाल फॉर्म कृषि समिति के एक सदस्य सरदूल सिंह के विगत कई वर्षों के प्रयास के बाद भूमाफियाओं के विरुद्ध प्रशासन द्वारा यह जांच कार्रवाई जारी है जिसमें पुलिस ने पहले ही जांच कर अपराध होने की पुष्टि कर दी थी परंतु इतनी जांच में दोषी साबित होने के बाद भी किसी पर भी किसी प्रकार की एफआईआर तक ना होना अपने आप में एक आश्चर्य का विषय है? जिस कारण भू माफियाओं के हौसले बुलंद होना स्वाभाविक है।

# संक्षिप्त खबरें

## सेंट थॉमस स्कूल में 22 नवंबर को होगी शहीद झूरी सिंह मेमोरियल वॉलीबॉल प्रतियोगिता




**गोपीगंज।** सेंट थॉमस स्कूल, गोपीगंज में प्रदेश स्तरीय शहीद झूरी सिंह मेमोरियल वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 22 नवंबर, शनिवार को किया जाएगा। यह जानकारी प्रधानाचार्य ब्रिंडा सैम ने दी। उन्होंने बताया कि पूर्व की भांति इस वर्ष भी भदोही सहित आसपास के जनपदों के केंद्रीय विद्यालयों की टीमें प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगी।

## पेड़-पौधों से ही है हमारा अस्तित्व : अशोक कुमार गुप्ता

### 2962 वें दिन भी जारी रहा वृक्षारोपण अभियान

**ज्ञानपुर।** पर्यावरण संरक्षण को समर्पित राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक अशोक कुमार गुप्ता द्वारा 10 अक्टूबर 2017 से निरंतर चलाए जा रहे वृक्षारोपण अभियान के तहत आज 2962वें दिन उच्च प्राथमिक विद्यालय कंसापुर में बेल का पौधा रोपा गया। उन्होंने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए कहा कि 'पेड़-पौधों से ही हमारा अस्तित्व है, लेकिन प्रकृति के अत्यधिक दोहन ने पृथ्वी को संकट में डाल दिया है।' अशोक कुमार गुप्ता ने कहा कि यदि मानव ने समय रहते प्रकृति के संकेतों को समझा होता तो आज इस स्तर पर वृक्षारोपण अभियानों की आवश्यकता न पड़ती। 'हमने विकास की दौड़ में प्रकृति के संतुलन को भाले की तरह भेद दिया है, जबकि सृजनात्मकता और संवेदनशीलता ही धरती को बचा सकती है,' उन्होंने कहा। अभियान के दौरान बच्चों को पर्यावरण संरक्षण,ग्लोबल वार्मिंग तथा प्रदूषण नियंत्रण के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में शिक्षक मनीष कुमार जायसवाल, नीतू, गरिमा सोनी, सेठ अनुरा, महेश, नरेश और किसन सहित अन्य लोगों ने सहयोग किया।

## मेडिकल ऐसेसमेंट कैंप में 14 बच्चों का बना दिव्यांगता प्रमाण पत्र




**भदोही।** समग्र शिक्षा अभियान समेकित शिक्षान्तर्गत स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से गुरुवार को ब्लाक संसाधन केंद्र भदोही में पीएम श्री मेडिकल ऐसेसमेंट कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें स्वास्थ्य विभाग की ओर से गठित मेडिकल बोर्ड के चिकित्सकों के द्वारा जिले के परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत दिव्यांग बच्चों का दिव्यांगता प्रमाण पत्र निर्गत किया गया। कैंप में कुल 35 बच्चों का रजिस्ट्रेशन किया गया। जिसमें कुल 14 बच्चों का दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी किया गया। कैंप में आर्थोपेडिक सर्जन डा. चंद्रबली ने 06 अस्थि दिव्यांग, आई सर्जन डा. मुकुल पांडेय ने 04, वहीं मनोचिकित्सक डा. अभिनव पाण्डेय, नैदानिक मनोवैज्ञानिक डा. अशोक परासर द्वारा 04 मानसिक मंदित बच्चों का प्रमाण पत्र निर्गत किया गया। कैंप में स्वास्थ्य विभाग से प्रिया श्रीवास्तव, फिजियोथेरेपिस्ट डा. जेपी सिंह, सत्येंद्र कुमार द्विवेदी, विजय कुमार मौर्य, राणागोविंद, विवेक पाठक, सरिता मिश्रा आदि ने सहयोग प्रदान किया गया।

## केक काटकर मनाया गया भाजपा जिला प्रतिनिधि का जन्मदिन



**चुनार मिर्जापुर।** भाजपा जिला प्रतिनिधि,पूर्व मंडल अध्यक्ष चंद्रहास गुप्ता का जन्मदिन पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा केक काटकर धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने चंद्रहास गुप्ता को बधाई देते हुए उनके दीर्घायु होने की कामना करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। चंद्रहास ने उपस्थित पार्टी कार्यकर्ताओं को धन्यवाद देते हुए उनका आभार व्यक्त किया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष मंगरू साहनी, वरिष्ठ भाजपा नेता बचाऊ लाल सेठ, ज्योति प्रकाश सिंह, ब्रह्मानंद कुशवाहा, अमित गुप्ता, अखिलेश मिश्रा बच्ची, अजय शेखर पांडे, संजय साहू, आलोक श्रीवास्तव, अभिलाष राय, किशन मोदनवाल, विकास कश्यप, संजय सोनकर, मदन लाल नंदलाल केशरी सहित अन्य पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए. के. शर्मा की अध्यक्षता में कोर कमेटी की बैठक निरीक्षण भवन ज्ञानपुर में संपन्न

● जनहित और प्राथमिकता आधारित कार्यवाही पर जोर

समयबद्धता और पारदर्शिता के साथ विकास कार्यों को करें पूर्ण



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही:-** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री तथा भदोही जनपद के प्रभारी मा. मंत्री ए. के. शर्मा की अध्यक्षता में आज निरीक्षण भवन, ज्ञानपुर में कोर कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जनपद के महत्वपूर्ण बिंदुओं की समीक्षा की गई। मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि सरकार की मंशा जनहित के कार्यों को समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण और पारदर्शी तरीके से आगे बढ़ाने की है। बैठक में जिला प्रशासन, नगर विकास, ऊर्जा, लोक निर्माण, स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास, समाज कल्याण, पेयजल, सिंचाई तथा अन्य विभागों के अधिकारियों ने अपने-अपने कार्यों की वर्तमान स्थिति, प्रगति एवं चुनौतियों का विवरण प्रस्तुत किया। मा. मंत्री ने सभी बिंदुओं पर चर्चा करते हुए निर्देश दिए कि जिन योजनाओं का सीधा संबंध जनता की सुविधा और क्षेत्र के विकास से है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर त्वरित गति से पूरा किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की अनावश्यक देरी या लापरवाही स्वीकार्य नहीं है।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जमीनी स्तर पर कार्य की वास्तविक स्थिति की नियमित निगरानी, फील्ड विजिट और जनसंपर्क के माध्यम से समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए।

प्रभारी मंत्री ने ऊर्जा विभाग की योजनाओं, पेयजल आपूर्ति, सड़क निर्माण, शहरी सुविधाओं, विद्युत वितरण, स्वास्थ्य सेवाएँ, सामाजिक सुरक्षा एवं कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति पर विशेष रूप से चर्चा की। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता आम जनता को बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध कराना है, इसलिए प्रत्येक विभाग परिणाम आधारित कार्यशैली अपनाए।उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिन परियोजनाओं में बाधाएं आ रही हैं, उनके समाधान के लिए तत्परता से कार्रवाई की जाए तथा विभागीय समन्वय को मजबूत करते हुए सभी कार्य समय सीमा के भीतर पूर्ण किए जाएं। इस बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी, विधायक औराई दीनानाथ भास्कर, पूर्व विधायक रविंद्र त्रिपाठी, जिला अध्यक्ष दीपक मिश्रा, जिलाधिकारी शैलेष कुमार, पुलिस अधीक्षक डॉ अभिमन्यु मांगलिक, मुख्य चिकित्सा अधिकारी संतोष कुमार चक, अपर जिलाधिकारी कुंवर वीरेन्द्र मौर्य, आदि प्रमुख अधिकारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# एएसपी ने गोपीगंज थाने में किया निरीक्षण, अपराध नियंत्रण को दिए सख्त निर्देश





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोपीगंज।** अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल ने गुरुवार को थाना गोपीगंज का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने मालखाना, शस्त्रागार, लॉकअप, महिला हेल्प डेस्क और थाना कार्यालय के सभी महत्वपूर्ण अभिलेखों सम्पूर्ण समाधान दिवस रजिस्टर, भूमि-भवन रजिस्टर, मालखाना रजिस्टर की विस्तृत जांच की। इस दौरान एएसपी ने थाने की साफ-सफाई और व्यवस्था पर विशेष बल दिया।

एएसपी शुभम अग्रवाल ने थानाध्यक्ष को अपराध रोकथाम के लिए सख्त निर्देश देते हुए वाहन चोरी, लूट, नकबजनी और अन्य संगीन अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने महिला संबंधित अपराधों पर त्वरित कार्रवाई, सीमा क्षेत्रों में नियमित चेकिंग, पैदल गश्त बढ़ाने, वाहन चेकिंग सख्त करने और बैंक सिक्योरिटी को मजबूत करने पर जोर दिया। उन्होंने संदिग्ध व्यक्तियों की सतर्कतापूर्वक जांच और अधीनस्थ पुलिसकर्मियों के उचित पर्यवेक्षण के भी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान थानाध्यक्ष शैलेश राय सहित अन्य अधिकारी और पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

## वक्फ की सम्पत्तियों का विवरण उम्मीद पोर्टल पर दर्ज कराएं



**चुनार मिर्जापुर।** गुरुवार को लाल दरवाजा स्थित कालू शहीद मदरसे में माइनॉरटीज वेलफेयर सोसाइटी की बैठक आयोजित हुई। बैठक में वक्फ की सम्पत्तियों के पंजीकरण के संबंध में दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में जिला कोऑर्डिनेटर मौलाना नजम अली खान ने बताया कि क्षेत्र के सभी मूतवल्ली अपनी अपनी वक्फ संपत्तियों का विवरण 5 दिसंबर तक उम्मीद पोर्टल पर दर्ज करा दें। इस दौरान संयोजक गुलाम गौस उर्फ चुनमुन राईन, मो यासीन राईन, मो नसीम खान,मो अख्तर, अनुल्लाह, मो अल तालीम अजहरी, मो अशफाक खान, अजीज अहमद, निजाम भाई इत्यादि उपस्थित रहे।

# विधायक खेल स्पर्धा का समापन, खिलाड़ियों ने दिखाया दम

● फुटबॉल में स्टेडियम टीम चैंपियन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** युवा कल्याण व प्रादेशिक विकास दल विभाग के तत्वावधान में आयोजित विधायक खेल स्पर्धा, विधानसभा भदोही की खेल प्रतियोगिताओं का समापन गुरुवार को जिला खेल स्टेडियम मूशीलाटपुर में हुआ। दो दिनों तक चली इस प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

फुटबॉल प्रतियोगिता में स्टेडियम की टीम ने जबरदस्त खेल दिखाते हुए उच्च प्राथमिक विद्यालय खेमईपुर को हराकर चैंपियनशिप अपने नाम की। बालिका वर्ग में उच्च प्राथमिक विद्यालय खेमईपुर की टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि हरियावं की टीम उपविजेता रही।

बैडमिंटन डबल्स में आदित्य कुमार व गणेश की जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब पर कब्जा जमाया। प्रतियोगिता का शुभारंभ विधायक जाहिद बाग ने किया। प्रतियोगिता में कुल आठ विधाओं का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं ने जोश और उत्साह के साथ भाग लिया। नोडल प्रभारी प्रशांत दुबे, जिला क्रीड़ा अधिकारी धर्मेंद्र कुमार, विजय



कुमार, मुनवर, राजाराम समेत अन्य जिम्मेदारों की उपस्थिति से कार्यक्रम और अधिक उत्साहपूर्ण रहा। प्रतियोगिता के सफल समापन पर अधिकारियों ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# स्वच्छता कार्यों की प्रगति पर जिलाधिकारी की कड़ी समीक्षा, समयबद्धता से कार्य पूर्ण करने के निर्देश

● सीडीओ ने दिए निर्देश- हर ग्राम पंचायत में आरआरसी संचालन, डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण और शौचालय शत-प्रतिशत कराए क्रियाशील



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही:-** जिलाधिकारी शैलेष कुमार के कुशल निर्देशन में जिला स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण मैनेजमेंट कमेटी के कार्यक्रम विषयक बैठक मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। समीक्षा में स्वच्छता ही सेवा 2025 प्रगति पर विचार, ग्रामों में आर आर सी निर्माण की स्थिति, आर आर संचालन की स्थिति, मॉडल ग्राम के विभिन्न स्तरों की स्थिति, वित्तीय वर्ष 2025-26 में व्यक्तिगत शौचालय की प्रगति का विवरण, जनपद के ग्राम पंचायत में सामुदायिक शौचालय में नियुक्त केयरटेकर की स्थिति आदि की गहन समीक्षा की गई। मुख्य विकास अधिकारी ने समस्त खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया कि ग्रामीण स्वच्छ भारत मिशन के सभी अभियानों, कार्यक्रमों को समय सीमा में शत-प्रतिशत पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

मुख्य विकास अधिकारी ने आरआरसी सेन्टरों का संचालन सही ढंग से क्रियान्वित न कराने पर जिला पंचायत राज अधिकारी को कड़ी फटकार के साथ निर्देश दिया कि जो आरआरसी सेन्टर बन गये है, जो आरआरसी सेन्टर निर्माणाधीन है की प्रगति अगले बैठक में सभी फोटोग्राफ सहित रिपोर्ट उपलब्ध कराने की हिदायत दी।

सीडीओ ने निर्देश दिया कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में व्यक्तिगत शौचालय हेतु जो पात्र व्यक्ति छुटे हैं उनका ऑनलाइन आवेदन करा कर ग्राम प्रधान से सर्टिफिकेट ले लें कि, इसके अलावा अब कोई पात्र व्यक्ति ग्राम में नहीं छूटा हैं। जनपद के सभी ग्राम पंचायतों में आरआरसी का संचालन जल्द ही सुनिश्चित हो। सीडीओ ने कहा कि जिन ग्राम पंचायत में आरआरसी केंद्र बन गया है, उन ग्राम पंचायत में क्वालिटी के साथ डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन कराए कूड़ा का सेग्रीगेशन भी करने का निर्देश संबंधित ग्राम पंचायत के अधिकारियों को दिया।

वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु व्यक्तिगत शौचालय की प्रगति का विवरण लक्ष्य के क्रम में 7260, व डीडीडब्ल्यूएस बेवसाइट पर ऑनलाईन पेन्डिंग प्रार्थना पत्रों की संख्या 8137, विकास खण्डों से प्राप्त सत्यापन पात्र लाभार्थियों की संख्या 4364, विकास खण्डों से अवशेष सत्यापन पात्र लाभार्थियों की संख्या 2896 है। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायतों में सामुदायिक शौचालयों के क्रियाशीलता की स्थिति में विकास खण्डों में स्थित ग्राम पंचातयों की कुल संख्या 546, क्रियाशील सामुदायिक शौचालयों के ग्राम पंचायतों की संख्या 536, क्रियाशील सामुदायिक शौचालयों के ग्राम पंचायतों का 99.34 प्रतिशत, अक्रियाशील सामुदायिक शौचालयों के ग्राम पंचायतों की संख्या 06 अवशेष है। डीएम ने डीपीआरओ को निर्देश दिया कि एक सप्ताह के अन्दर शत-प्रतिशत शौचालय क्रियाशील कराने का निर्देश दिया।

भारत सरकार के पोर्टल पर मॉडल कैटेगरी में मार्क किए गए राजस्व ग्रामों को उनके मार्ग किए गए तिथि से 90 दिनों के बाद ब्लॉक स्तरीय टीम द्वारा वेरिफिकेशन किया जाना है अधिक राजस्व ग्रामों का वेरीफिकेशन रिपोर्ट अपलोड किया जा चुका है। शेष बचे पेंडिंग वेरिफिकेशन को भी जल्द ही वेरीफाई करने का निर्देश सीडीओ ने दिया। उसके पश्चात संबंधित एडीओ पंचायत को प्रतिकूल प्रविष्टि दी जाएगी। बैठक में शौचालयों के प्रगति, चयनित मॉडल गॉव, शौचालयों के रेट्रोफिटिंग के प्रगति बिन्दुओं पर बल दिया गया। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संतोष कुमार चक, जिला विकास अधिकारी ज्ञान प्रकाश, डीसी मनरेगा राजाराम, जिला पंचायत राज अधिकारी संजय मिश्रा, स्वच्छ भारत मिशन के डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर डॉ.सरोज पांडेय, समस्त खण्ड विकास अधिकारी सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी, भदोही के राजकीय आवास के पास मोरवा नदी पर क्षतिग्रस्त पुल के नवनिर्माण हेतु यातायात रहेगा बन्द




**भदोही:-** अधिशासी अभियंता लोक निर्माण ने बताया कि मोरवा नदी पर क्षतिग्रस्त पुल के नवनिर्माण हेतु यातायात को 25 नवम्बर 2025 से 30 जून 2026 तक बन्द किया जाएगा। उक्त यातायात को सुचारू यातायात प्रदान करने के लिए डायवर्जन सरपतहां वाया मोढ़ करियांव मार्ग पर दाहिने तरफ नन्दापुर होते हुये अजयपुर पुल के रास्ते वाराणसी भदोही मार्ग के देवनाथपुर बाजार से दाहिने तरफ जोरई गांव होते हुये जिला न्यायालय के पास यातायात मुख्य मार्ग ज्ञानपुर सरपतहां पर निकलेगा। तथा मोढ़ करियांव मार्ग से बांये चकलूटी वाया पाली सुरियांवा मार्ग होते हुए पाली पेट्रोल पम्प के पास से निकल कर ज्ञानपुर दुर्गागंज मार्ग से होते हुये मुख्यालय तक यातायात शुलभ रहेगा। उपरोक्त डायवर्जन में पैदल, साइकिल, मोटर साइकिल, तीन पहिया, इलेक्ट्रिक रिक्शा, आटो रिक्शा, चार पहिया एवं हल्के भार वाहनों के लिए यातायात सामान्य होगा, भारी वाहन ट्रक ट्रेलर इत्यादि राज्य मार्गो से आवागमन होगा।

## जन कल्याणकारी योजनाओं की 24 नवंबर को राज्य महिला आयोग की सदस्य नीलम प्रभात करेंगी जनसुनवाई व निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही** उ.प्र.राज्य महिला आयोग द्वारा प्रदेश में महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाए जाने तथा आवेदक/आवेदिकाओं की सुगमता की दृष्टि से जनपद भदोही के राजकीय गेस्ट हाउस ज्ञानपुर में मा.सदस्य नीलम प्रभात द्वारा जिलाधिकारी,पुलिस अधीक्षक,महिला थानाध्यक्ष एवं सम्बन्धित थाने के क्षेत्राधिकारी के साथ जनपद में महिला उत्पीड़न की घटनाओं की समीक्षा,महिला जनसुनवाई व निरीक्षण का कार्यक्रम 26 नवंबर को पूर्वान्ह 11 बजे महिला जनसुनवाई की जाएगी एवं तत्पश्चात महिला बन्दी गृह, बालिका महिला गृह का निरीक्षण किया जाना है। उल्लिखित कार्यक्रम आयोग के पदाधिकारियों की अध्यक्षता में किया जाना है।

जिला प्रोबेशन अधिकारी शत्रुधन कनौजिया ने जनपद की समस्त महिलाओं व बालिकाओं से अपील किया कि महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने हेतु किसी भी शिकायत समस्या के समाधान हेतु 26 नवंबर को 11 बजे राजकीय गेस्ट हाउस ज्ञानपुर में उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती नीलम प्रभात के समक्ष




अपनी शिकायत रखने का कष्ट करें। जिस पर प्रभावी कार्रवाई करते हुए त्वरित समाधान किया जाएगा।

पुलिस अधीक्षक ने संबंधित पुलिस अधिकारीयो, महिला थानाध्यक्ष को जनसुनवाई कार्यक्रम में उपस्थित रहकर जनपद की महिला उत्पीड़न सम्बन्धित घटनाओं की विस्तृत आख्या ;कृत कार्यवाही व अद्यतन स्थिति सहित अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित करने के साथ ही महिला जनसुनवाई हेतु नियमानुसार पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही साथ राज्य महिला आयोग की मा.सदस्य नीलम प्रभात पूर्वाह्न 11बजे से 02 बजे तक महिला जनसुनवाई तथा समीक्षा बैठक एवं महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाए जाने एवं केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं की सदस्य नीलम प्रभात की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आहूत की गयी है।

# नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए. के. शर्मा ने भदोही में यूनिटी मार्च का किया नेतृत्व

● सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती पर विभूति नारायण राजकीय इंटर कॉलेज से अर्पित लॉन तक निकला विराट एकता मार्च

जनप्रतिनिधियों, समाजसेवी संस्थाओं, विद्यार्थियों और नागरिकों की उत्साहपूर्ण भागीदारी

सरदार पटेल न होते तो भारत का इतिहास और भूगोल कुछ और होता: मंत्री ए. के. शर्मा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही:-** राष्ट्रीय एकता दिवस के दृष्टिगत नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री तथा भदोही जनपद के प्रभारी मंत्री ए. के. शर्मा ने सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित भव्य यूनिटी मार्च में प्रतिभाग किया। उन्होंने शहीद सुलभ उपाध्याय व शीतल पाल के मूर्ति पर माल्यार्पण किया, यह मार्च विभूति नारायण राजकीय इंटर कॉलेज से प्रारंभ होकर अर्पित लॉन तक अत्यंत उल्लास और देशभक्ति के जोश के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में राष्ट्रीय एकता, समरसता और अखंडता के संदेश को व्यापक रूप से प्रसारित करना था। मार्च में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संस्थाओं, स्वयंसेवी संगठनों, शिक्षकों, छात्र-छात्राओं और स्थानीय नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। मंत्री ए के शर्मा ने स्वयं मार्च के दौरान प्रतिभागियों से संवाद किया और सभी को एकता एवं राष्ट्रहित के लिए निरंतर योगदान करने का आह्वान किया।

अपने संबोधन में मंत्री ए. के. शर्मा ने सरदार वल्लभभाई पटेल के व्यक्तित्व और कृतित्व पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम के समय सरदार पटेल की संगठन क्षमता, नेतृत्व कौशल और अदम्य साहस ने भारत की स्वतंत्रता में नई ऊर्जा का संचार किया। स्वतंत्रता के बाद लगभग 565 रियासतों को एकजुट कर भारत का राजनीतिक एकीकरण करना विश्व इतिहास की अद्वितीय उपलब्धि है, जो उनके लौह इच्छाशक्ति का परिणाम था। मंत्री ए के शर्मा ने कहा, 'यदि सरदार पटेल नहीं होते तो भारत का इतिहास और भूगोल निश्चित ही आज अलग होता। उन्होंने देश को एकता के सूत्र में बांधकर आधुनिक भारत की नींव रखी। उनकी कर्मनिष्ठा, ईमानदारी और राष्ट्रहित सर्वोपरि की सोच आज भी हम सबके लिए प्रेरणादायी है।

मंत्री ए के शर्मा ने यह भी कहा कि राष्ट्रीय एकता दिवस का उद्देश्य केवल एक कार्यक्रम तक सीमित नहीं है, बल्कि यह देश की सामूहिक चेतना को जागृत करने और समाज के प्रत्येक वर्ग में राष्ट्रप्रेम की भावना को मजबूत करने का अवसर है। उन्होंने कहा कि यह एकता मार्च भदोही



जनपद में सामाजिक समरसता और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक बनकर उभरा है। मंत्री ने सभी प्रतिभागियों, विद्यालयों, सामाजिक संस्थाओं और प्रशासनिक अधिकारियों को धन्यवाद देते हुए कहा कि इसी सामूहिक भावना और एकता के संकल्प से भदोही सहित पूरा प्रदेश और मजबूत होगा। उन्होंने आशा व्यक्त की कि आने वाली पीढ़ियाँ सरदार पटेल के आदर्शों को आत्मसात करते हुए राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँगी। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी, विधायक ज्ञानपुर विपुल दुबे, पूर्व सांसद से गोरखनाथ पाण्डेय, जिलाध्यक्ष दीपक मिश्रा, श्री निवास चतुर्वेदी, संयोजक सुनील मिश्र, रबीश चन्द्र पांडेय, राकेश दुबे, संतोष पांडे, मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविन्द शुक्ल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संतोष कुमार चक, अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि गण, समाजसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि, छात्र-छात्राएं एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक नागरिकों ने प्रतिभाग किया।

# खलिहान में लगी आग पीडिता ने एक ब्यक्ति विरूद्ध नामजद दी तहरीर

● तीन विघे धान सहित दो विघे का पुआल जलकर हुआ राख

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हलिया, मीरजापुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सिकटा गांव स्थित अतरी दक्षिण मजरे में एक व्यक्ति के खलिहान में आग लगने से उसमें रखा तीन विघे की धान की फसल व दो विघे का पुआल जलकर राख हो गया पीडिता ने थाने में तहरीर देकर आवश्यक कार्यवाही की मांग की है। थाना क्षेत्र के सिकटा अतरी दक्षिण गाँव निवासिनी आनन्द की पत्नी सीमा ने दी गई तहरीर में कहा है कि गुरुवार को 10:00 बजे दिन मैं मंदिर से पूजा कर घर वापस आ रही थी तो देखा कि गांव निवासी एक व्यक्ति हमारे खलिहान में रखी हुई धान में आग लगाकर भागने लगे मौके पर पहुँच कर आग बुझाने की कोशिश की गयी लेकिन काफी आग बढ़ चुकी थी जिसमें रखा गया तीन विघे की धान की व दो विघे का पूआल जलकर राख हो गया पीडिता ने थाने में तहरीर देकर



आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में क्षेत्रीय लेखपाल बिन्द्रेस मौर्या ने बताया की पुआल जलने की सूचना मिली है।

# सोरांव यूथ क्लब की वॉलीबाल टीम बनी विधायक खेल स्पर्धा की चैंपियन

● युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग प्रयागराज द्वारा मेजा विधानसभा की खेल स्पर्धा सम्पन्न।




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मेजा:** विधायक खेल स्पर्धा 20 नवम्बर को दुर्गावती इंटरनेशन स्कूल गोशौरकला, मेजा, प्रयागराज में युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग द्वारा एथलेटिक्स, वॉलीबॉल, कबड्डी, जूडो और फुटबॉल पांच विधाओं में सम्पन्न हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा जिलाध्यक्ष यमुनापार, प्रयागराज राजेश शुक्ल जी द्वारा किया गया। जिलाध्यक्ष जी ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य क्षेत्रीय व राष्ट्रीय स्तर पर अधिक से अधिक खिलाड़ियों को तैयार करना है,यह पहल सिर्फ खेल प्रशिक्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि खिलाड़ियों के समग्र व्यक्तित्व विकास पर भी आधारित है। खिलाड़ी अब मनोवैज्ञानिक प्रशिक्षण, चोट प्रबंधन कार्यक्रम और पोषण संबंधी सलाह भी प्राप्त करेंगे। वहीं 200 मीटर दौड़ जूनियर वर्ग पुरुष में इमरान अली एवं सीनियर वर्ग दौड़ में विशाल कुमार प्रथम स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर दौड़ में सीनियर वर्ग महिला में आंचल सोनकर तथा 400 मीटर में स्वाती प्रथम स्थान और बालक वर्ग में 400 मीटर सीनियर वर्ग में रितेश कुशवाहा प्रथम स्थान प्राप्त किया। वही जुनियर बालिका कबड्डी टीम में गीता क्लब मांडा विजेता तथा सुहानी पटेल क्लब उपविजेता रही। वॉलीबाल जूनियर व




सीनियर वर्ग में सोरांव यूथ क्लब विजेता तथा उचडीह उपविजेता रही। विजेता तथा उपविजेता खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि जी द्वारा मेडल और प्रमाण पत्र देकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया गया। उक्त अवसर पर कार्यक्रम में राणा सेठ अध्यक्ष सिरसा, पुष्कर त्रिपाठी महामंत्री, संयोजक लोक सभा यमुनापार प्रकाश प्रचंड शुक्ल, जगत पाण्डेय, मंडल अध्यक्ष शैलेश पांडेय, अमरेश तिवारी, मुकेश शुक्ल, चंद्रशेखर, अर्जुन सिंह, स्वतंत्र मिश्रा जी प्रबंधक दुर्गावती इंटरनेशन स्कूल गोशौराकला, मेजा, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी संतोष सिंह, श्रीमती देवांशिका सिंह, अजय पटेल, लुक्ष्मी जी तथा पीआरडी जवान आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन के अवसर पर उत्तर प्रदेश वॉलीबाल संघ के टेक्निकल कमेटी के चेयरमैन व जिला वॉलीबाल संघ प्रयागराज के महासचिव आर. पी. शुक्ला, बार एसोसिएशन मेजा के पूर्व अध्यक्ष तुलसीदास तिवारी, खंड शिक्षा अधिकारी उरुवा वरुण मिश्रा व भाजपा नेता दिलीप शुक्ला ने विजेता एवं उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किया। कार्यक्रम के अंत मे मेजबान विद्यालय की प्रबंधक द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।।

# संक्षिप्त खबरें

## स्वर्गीय राम कैलाश मिश्रा की मूर्ति का सांसद ने किया अनावरण



**44वीं पुण्यतिथि पर जुटे क्षेत्रवासी, व्यक्तित्व व कृतित्व को किया नमन।**

**प्रयागराज।** थरवई क्षेत्र के जगदीशपुर पूरे चंदा चक ठाकुर राम गांव में बुधवार को स्वर्गीय राम कैलाश मिश्रा की 44वीं पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा का अनावरण किया गया। अनावरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि फूलपुर सांसद प्रवीण कुमार पटेल रहे। सांसद ने पुष्पांजलि करके स्व राम कैलाश मिश्रा के व्यक्तित्व और कृतित्व का स्मरण किया। प्रवीण पटेल ने कहा कि 'मनुष्य का शरीर भले ही नश्वर हो, पर उसका व्यक्तित्व और कार्य सदैव समाज में जीवंत रहते हैं। किसी व्यक्ति का जीवन लंबा हो या छोटा, लेकिन उसका आचरण और सामाजिक योगदान ही उसकी पहचान बनता है।' उन्होंने बताया कि पंडित स्वर्गीय राम कैलाश मिश्रा ने अल्प आयु में ही राजनीति, समाज सेवा और शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया था। गरीब और जरूरतमंदों की सहायता के लिए वे हमेशा आगे रहते थे।सांसद ने कहा कि अब मूर्ति अनावरण स्थल से लेकर मुख्य मार्ग तक यह रास्ता उनके नाम से पहचाना जाएगा, जिससे नई पीढ़ी को भी उनके आदर्शों की प्रेरणा मिलती रहेगी।आयोजक रामाश्रय मिश्र ने कार्यक्रम में शामिल सभी अतिथियों के प्रति आभार जताया। कार्यक्रम स्थल पर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। इस मौके पर संदीप दुबे, प्रेम नरेश शुक्ला, मकसूदन पांडे, भोलानाथ द्विवेदी रमेश चंद्र पांडे, कमलेश द्विवेदी, संतोष मिश्रा, लल्लू शुक्ला, रामनाथ द्विवेदी, केडी मिश्रा, बी.डी शुक्ला, कमलेश शुक्ला, विजय मिश्रा, विनय पांडे सहित बड़ी संख्या मेंसम्मानित क्षेत्रीय लोग पुण्यतिथि मूर्ति अनावरण के कार्यक्रम मेंउपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन धनंजय शाश्वत एवं दीपू दुबे ने किया।

## ट्रक की चपेट में आई बुजुर्ग महिला,मौत




**नैनी,प्रयागराज।** नैनी कोतवाली के समीप गुरुवार सुबह दुकान से घर लौट रही बुजुर्ग महिला की ट्रक की चपेट में आ जाने से मौत हो गई। नैनी कोतवाली के समीप हुई इस दुर्घटना में चालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर ट्रक को कब्जे में ले लिया है।मिली जानकारी के अनुसार काजीपुर नैनी निवासिनी डंगरी देवी (90) पत्नी स्व. संत लाल जायसवाल मेवालाल बगिया चैराहा स्थित अपने दुकान से घर पैदल लौट रही थीं। तभी नैनी कोतवाली के पास स्थित एक गेस्टहाउस के बगल से तेजी से निकले एक ट्रक ने उनको टक्कर मार दी जिससे डंगरी देवी की मौके पर मौत हो गई।मौके पर मौजूद लोगों और कोतवाली के सिपाहियों ने ट्रक चालक को पकड़ लिया और ट्रक भी कब्जे में ले लिया। इसके बाद बुजुर्ग महिला के शव को पीएम के लिए भेज दिया। महिला के पोते आकाश जायसवाल ने नैनी कोतवाली में तहरीर देकर दुर्घटना की जानकारी दी और तहरीर के आधार पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर चालक और ट्रक के विरुद्ध कार्रवाई कर रही।

## दहेज हत्या के अभियोग में 01 वांछित अभियुक्ता गिरफ्तार




**ब्यूरो प्रयागराज।** थाना फूलपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0-480/2025 धारा-85/80(2) भा0न्या0सं0 व ड डी0पी0 एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्ता कौशल्या पत्नी भुल्लन प्रसाद निवासी ग्राम बीरकाजी थाना फूलपुर कमिश्नरेट प्रयागराज को थाना फूलपुर पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक-20.11.2025 को थाना फूलपुर क्षेत्रान्तर्गत बाबूगंज स्थित यादव चौराहा के पास से गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी। अभियुक्त महिला कौशल्या पत्नी भुल्लन प्रसाद निवासी ग्राम बीरकाजी थाना फूलपुर कमिश्नरेट प्रयागराज, उम्र करीब 50 वर्ष।

# सुप्रीम कोर्ट से राहुल गांधी को राहत, ट्रायल कोर्ट की कार्यवाही पर 4 दिसंबर तक रोक बढ़ाई

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**ब्यूरो प्रयागराज।** सुप्रीम कोर्ट ने कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ चल रहे उस मामले में राहत जारी रखी है, जिसमें उन पर 2022 की 'भारत जोड़ो यात्रा' के दौरान सेना पर कथित अपमानजनक टिप्पणी करने का आरोप है। अदालत ने गुरुवार को ट्रायल कोर्ट की कार्यवाही पर लगी अंतरिम रोक 4 दिसंबर तक बढ़ा दी। दो जजों की पीठ, जस्टिस एम.एम. सुंदरेश और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा, ने यह फैसला लिया। इस मामले की सुनवाई टलने का कारण एक स्थगन पत्र बताया गया है। यह मामला राहुल गांधी की उस याचिका से जुड़ा है, जिसमें उन्होंने इलाहाबाद हाई कोर्ट के 29 मई वाले आदेश को चुनौती दी थी। हाई कोर्ट ने राहुल गांधी की वह अर्जी खारिज कर दी थी जिसमें उन्होंने लखनऊ की ट्रायल कोर्ट की तरफ से जारी समन को रद्द करने की मांग की थी। अगस्त में हुई पिछली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट की आगे की कार्यवाही पर रोक लगा दी थी और उत्तर प्रदेश सरकार व शिकायतकर्ता से जवाब मांगा था। उसी दौरान कोर्ट ने राहुल गांधी से यह भी पूछा था कि उन्होंने यह कैसे कहा कि 2000 वर्ग किमी भारतीय भूमि चीन के कब्जे में है, 'क्या आप वहां थे? आपके पास कोई सबूत है?' कोर्ट ने यह भी कहा था कि 'अगर आप सच्चे भारतीय हैं, तो ऐसे बयान नहीं देंगे।' राहुल गांधी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने दलील दी कि विपक्ष के नेता को देश के मुद्दों पर सवाल उठाने से नहीं रोका जा सकता। उन्होंने कहा कि कानून (भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 223) के अनुसार, कोर्ट को कोई भी आपराधिक शिकायत स्वीकार करने से पहले आरोपी की बात सुननी चाहिए, जो इस मामले में नहीं हुआ। राहुल गांधी पर दिसंबर 2022 की यात्रा के दौरान हुए चीन-भारत विवाद के संदर्भ में सेना के खिलाफ आपत्तिजनक बातें कही थीं। इसी शिकायत के आधार पर लखनऊ की अदालत ने उनको मानहानि के आरोप में तलब किया था। राहुल गांधी के वकील ने दलील दी कि शिकायत पढ़कर ही आरोप संदिग्ध लगते हैं, और यह भी कहा कि राहुल गांधी लखनऊ के निवासी नहीं हैं, इसलिए कोर्ट को समन जारी करने से पहले आरोपों की जांच करनी चाहिए थी। अब अगली सुनवाई 4 दिसंबर को होगी और तब तक ट्रायल कोर्ट की प्रक्रिया रुकी रहेगी।

## राम राज्याभिषेक के साथ रामचरितमानस सम्मेलन का समापन

**● सम्मेलन में पत्रकारों को किया गया सम्मानित।**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**नैनी ,प्रयागराज।** श्रमिक बस्ती, नैनी स्थित मानस पार्क में आयोजित पांच दिवसीय भव्य सार्वजनिक श्री रामचरितमानस सम्मेलन के विश्राम दिवस पर राष्ट्रीय संत, मानस मर्मज्ञ दंडी स्वामी विनोदानंद सरस्वती महाराज ने रामराज्याभिषेक प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा कि वन में संत-महात्माओं, कोल-भिल्लों, वानर-भालुओं, सबको अपने व्यवहार से आनंदित करने एवं धरा को राक्षस विहीन करने के उपरांत, वनवास की अवधि पूर्ण होने पर, राम अयोध्या लौटे। अयोध्या में खुशियां मनाई गईं। भरत ने गुरु वशिष्ठ की आज्ञा से तत्काल राम राज्याभिषेक का आयोजन किया। राम कथा व्यास पं0 विनोद मालवीय ने रामराज्याभिषेक के अवसर पर अत्यंत सुंदर भजन, राजा बने हैं रघुरइया अवधपुर बाजे बधइया... गाकर श्रोताओं को राम रंग में सराबोर कर दिया। राम राज्याभिषेक कार्यक्रम में महापौर प्रयागराज गणेश केसरवानी एवं भाजपा महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता सम्मिलित हुए। पूर्व ग्राम प्रधान शिव शंकर दीक्षित एवं बी एल एकडमी के प्रबंधक राजकुमार त्रिपाठी ने उनका माल्यार्पण कर एवं अंग वस्त्रम भेंट कर सम्मान किया। महापौर प्रयागराज ने समिति को उनके इस पुण्य कार्य के लिए बधाई दी एवं नगर वासियों को राम के चरित्र को अपने जीवन में उतारने की प्रेरणा दी।इस अवसर पर उन्होंने यमुना पार के पत्रकार बंधुओ सर्व नरेंद्र श्रीवास्तव, राजीव वर्मा,शिव मूरत केसरवानी,हजारीलाल कुशवाहा, सुनील गिरि, गौरव केसरवानी, अखिलेश शुक्ला,श्याम वर्मा, राहुल जायसवाल,राकेश गुप्ता, देवा श्रीवास्तव,घनश्याम शुक्ला एवं कार्यक्रम के मीडिया प्रभारी आर के शुक्ला को अंग वस्त्रम भेंट कर सम्मानित किया।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व ग्राम प्रधान शिव शंकर दीक्षित, बी एल एकडमी के प्रबंधक राज कुमार त्रिपाठी, समर बहादुर सिंह, सुभाष प्रधान, मीडिया प्रभारी आर के शुक्ला, पार्षद मयंक यादव, ज्ञानेश्वर शुक्ला, राजन शुक्ला, अवधेश पांडेय, अनिल विश्वकर्मा, शालिनी त्रिपाठी, अलका विश्वकर्मा, मंजू प्रधान, आस्था पांडेय, रमेश नेगी, शिवकुमार पाठक, पंकज मिश्रा, हरि शंकर मिश्रा, अतुल सिंह, हिमांशु सिंह, आनंद सिंह, जतिन ठाकुर, रितिक मौर्या, मिहिर सिन्हा, अनुराग शर्मा, निखिल त्रिपाठी, उत्कर्ष शर्मा, नयन कुशवाहा, धीरू यादव, डॉ ओ पी पांडेय, प्रकाश शुक्ला, सुनीता चड्ढा, प्रमोदानंद मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## प्रयागराज में दर्दनाक हादसा, रोडवेज बस ने मजदूर को कुचला, मौके पर मौत, पुलिस ने बस चालक को किया गिरफ्तार

**प्रयागराज।** शहर में रफ्तार का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब रोडवेज बस ने एक मजदूर को कुचल दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। रामबाग में दर्दनाक हादसा देख राहगीरों में खलबली मच गई। कीडगंज पुलिस ने बस के साथ चालक को पकड़ लिया। मृतक की पहचान नहीं हुई है, लेकिन स्थानीय लोगों से पूछताछ में मजदूर होने का पता चला है। इसी आधार पर उसकी शिनाख्त कराने की कोशिश की जा रही है। बताया गया है कि कानपुर डिपो की एक रोडवेज बस बुधवार दोपहर जीरो रोड से सवारी लेकर सोनभद्र के लिए जा रही थी। कीडगंज थाना क्षेत्र के रामबाग में स्थित पराग डेयरी के पास बस पहुंची तो एक व्यक्ति को टक्कर मार दी। जब वह सड़क पर गिर पड़ा तो बस के एक पहिए ने कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। यह देख राहगीरों में खलबली मच गई। तमाशबीनों की भीड़ जुट गई और सवारी भी बस से उतरकर देखने लगी। हादसे से यातायात बाधित हो गया। तब तक इंस्पेक्टर कीडगंज वीरेंद्र कुमार यादव फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। उन्होंने जांच पड़ताल और पूछताछ की, लेकिन कोई मृतक के बारे में नहीं बता सका। कुछ लोगों ने सिर्फ इतना कहा कि इधर-उधर घूमकर मजदूरी करता था। तब पुलिस ने रोडवेज बस और उसके चालक को पकड़कर थाने भिजवाया। इंस्पेक्टर ने बताया कि मृतक की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है। शिनाख्त होने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## अखिल भारतीय प्राइजमनी इन्दिरा मैराथन में महिला वर्ग में रीनू सिंह पुरुष वर्ग में प्रदीप चौधरी प्रथम तो अश्विनी मदन जाधव ज्ञान बाबू द्वितीय स्थान पर रहे

**● ज्योति शंकर गंवाते रोहित सरोज तृतीय स्थान पर।**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**ब्यूरो प्रयागराज।** 40वीं अखिल भारतीय प्राइजमनी इन्दिरा मैराथन का आयोजन किया गया। उक्त मैराथन का शुभारम्भ आनन्द भवन, प्रयागराज से प्रातः 6.30 बजे सौम्या अग्रवाल, ने हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। खेल निदेशालय, उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में क्षेत्रीय खेल कार्यालय, प्रयागराज एवं जिला प्रशासन, प्रयागराज द्वारा दिनांक 19-11-2025 को प्रयागराज में 40वीं अखिल भारतीय प्राइजमनी इन्दिरा मैराथन का आयोजन किया गया। उक्त मैराथन का शुभारम्भ आनन्द भवन, प्रयागराज से प्रातः 6.30 बजे सौम्या अग्रवाल, (आई0ए0एस0) आयुक्त प्रयागराज मण्डल प्रयागराज एवं जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा एवं समापन तथा पुरस्कार वितरण डा0 आर0पी0 सिंह निदेशक, खेल उ0प्र0, लखनऊ के कर कमलों द्वारा मदन मोहन मालवीय स्टेडियम, प्रयागराज में किया गया। इस अवसर पर विनोद कुमार सिंह, नगर मजिस्ट्रेट प्रयागराज, श्याम बाबू गुप्ता वरिष्ठ खिलाड़ी अभिन्न श्याम गुप्ता, अर्जुन एवार्डी, प्रमोद तिवारी, लक्ष्मण एवार्डी, चन्द्रोदय नारायण सिंह, लक्ष्मण एवार्डी एवं जितेन्द्र यादव, क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी मेरठ, आले हैदर, क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी गोरखपुर, अनिमेष सक्सेना, क्षेत्रीय कीडाधिकारी अयोध्या, विमला सिंह, क्षेत्रीय कीड़ा अधिकारी वाराणसी, सुनील कुमार भारती, कीड़ाधिकारी, फतेहपुर, अरविन्द कुमार सोनकर, कीड़ाधिकारी, चित्रकूट, राहुल चोपडा, क्रीड़ाधिकारी, सहानपुर, रूस्तम खॉन, मैराथन प्रवेक्षक, पूनमलताराज, कीडाधिकारी प्रतापगढ़ तथा अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर जगत तारण गर्ल्स इन्टर कालेज, प्रयागराज की बालिकाओं द्वारा स्वागत गीत, ज्वाला देवी सरस्वती विद्या मन्दिर गंगापुरी, प्रयागराज, ज्वाला देवी बालिका इण्टर कालेज, ममफोर्डगंज, प्रयागराज एवं आर्य कन्या इन्टर कालेज, प्रयागराज की बालिकाओं द्वारा नृत्य कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। 40वीं अखिल भारतीय प्राइजमनी



इन्दिरा मैराथन के पुरूष एवं महिला वर्ग के विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया, जिनका विवरण निम्नवत् हैः- महिला वर्ग की सुश्री रीनू सिंह हरियाणा प्रथम, अश्विनी मदन जाधवमहाराष्ट्र द्वितीय, ज्योति शंकर गंवाते महाराष्ट्र तृतीय स्थान प्राप्त किए वही पुरुष वर्ग में प्रदीप सिंह चौधरी प्रथम, ज्ञान बाबू द्वितीय प्रताबगढ़, रोहित सरोज तृतीय स्थान प्राप्त किए। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रहे धावकों को दो दो लाख द्वितीय स्थानपर रहे को एक एक लाख तथा तृतीय स्थान पर रहे धावकों को 75 हजार रुपए दिए गए।

## फ़ैज़ अहमद फ़ैज़ के स्मृति दिवस मनाने की परमिशन मांगने गए दो छात्रों का निलंबन

**● दिशा छात्र संगठन के नाराज छात्रों ने कार्मिक अनशन शुरू करने की चेतावनी दी।**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ब्यूरो प्रयागराज।** फ़ैज़ अहमद फ़ैज़ के स्मृति दिवस के अवसर पर कविता पाठ के लिए परमिशन लेने गए दिशा छात्र संगठन के तीन कार्यकर्ताओं (संजय, सौम्या और पूजा) को प्रॉक्टर ने अपने ऑफिस में बैठाकर भद्दी भद्दी गालियां और जान से मारने की धमकी दी। काफ़ी देर तक मानसिक उत्पीड़न और चरित्र हनन किया और जातिसूचक गलियां भी दी। फर्जी आरोप लगाकर सौम्या और संजय को निलम्बित कर कैम्पस में प्रवेश प्रतिबंध का नोटिस थमा दिया। जब काफी देर तक इन तीनों छात्रों को बाहर नहीं आने दिया गया तब बाहर खड़े छात्रों ने प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शन शुरू होने के कुछ देर बाद तीनों को छोड़ा गया। निलंबन की सूचना मिलते ही बाहर खड़े छात्रों ने निलंबन वापसी के लिए कैंपस में मार्च निकाला और हजारों छात्र मेन गेट पर इक्क्ठे हो गए और मेन गेट को बंद कर दिया। दिन भर चले इस प्रदर्शन के दौरान सौम्या ने कहा कि फर्जी आरोप लगाकर पहले चन्द्र प्रकाश को



निलंबित किया गया था और आज मुझे और संजय को निलम्बित किया गया है। इसलिए जब तक विश्वविद्यालय प्रशासन निलंबन वापस नहीं लेगा, हम पीछे नहीं हटेंगे। इसके खिलाफ कल से हम क्रमिक अनशन करेंगे और अगर इसके बाद भी विश्वविद्यालय प्रशासन निलंबन वापस नहीं लेगा तो आमरण अनशन भी करेंगे। इसको सैकड़ों छात्रों ने समर्थन दिया।

## अनियंत्रित अप्पे पलटी,चालक समेत चार घायल




**नैनी।** कोतवाली क्षेत्र के शंकरढाल के समीप गुरुवार भोर में तेज रफ्तार मालवाहक अप्पे अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसमें ड्राइवर सहित यात्री घायल हो गए। घायलों को मौके पर मौजूद स्थानीय नागरिकों ने तत्काल इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। जानकारी के मुताबिक गुरुवार भोर में प्रयागराज से छिवकी स्टेशन सवारी लेकर तेजरफ्तार में जा रही अप्पे शंकरढाल के समीप अनियंत्रित होकर पलट गई। दुर्घटना में ड्राइवर गुड्डू और उसका खलासी शाहिद गंभीर रूप से घायल हो गए। उनको उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। उसमें बैठी सवारी मंजित सिंह एवं दो महिला भी घायल हो गई । उनका इलाज पास के निजी नर्सिंग होम में चल रहा है।

# नीतीश कुमार 10वीं बार बने बिहार के मुख्यमंत्री, 26 मंत्रियों ने ली शपथ

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**ब्यूरो प्रयागराज।** बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की जीत के बाद आज नई सरकार का गठन हो गया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लगातार 10वीं बार राज्य के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेकर नया रिकॉर्ड बनाया। पटना के गांधी मैदान में आयोजित समारोह में उन्होंने पद और गोपनीयता की शपथ ली। इस मौके पर राज्य की नई कैबिनेट के 26 मंत्रियों ने भी शपथ ग्रहण किया। नीतीश कुमार के बाद सम्राट चौधरी और उनके बाद विजय कुमार सिन्हा ने कैबिनेट मंत्री की शपथ ली। पिछली सरकार में दोनों नेताओं को उपमुख्यमंत्री बनाया गया था। सम्राट चौधरी हाल ही में बीजेपी विधायक दल के नेता चुने गए थे। नई कैबिनेट में जेडीयू, बीजेपी और अन्य सहयोगी दलों के कई महत्वपूर्ण चेहरों को मंत्री बनाया गया है। समारोह के दौरान विजय कुमार चौधरी, विजेंद्र प्रसाद यादव, श्रवण कुमार, डॉक्टर दिलीप जायसवाल, मंगल पांडेय जैसे वरिष्ठ नेताओं ने भी मंत्री पद की शपथ ली। बिहार कैबिनेटः सभी 26 मंत्रियों की सूची-सम्राट चौधरी,विजय कुमार सिन्हा,विजय कुमार चौधरी,विजेंद्र प्रसाद यादव,श्रवण कुमार,मंगल पांडेय,डॉ. दिलीप जायसवाल,अशोक चौधरी,लेसी सिंह,मदन सहनी,नितिन नवीन,राम कृपाल यादव,संतोष कुमार सुमन,सुनील कुमार,मो. जमा खान,संजय सिंह टाइगर,अरुण शंकर प्रसाद,सुरेंद्र मेहता,नारायण प्रसाद,रमा निषाद,लखेंद्र कुमार रोशन,श्रेयसी सिंह,डॉ. प्रमोद कुमार,संजय कुमार,संजय कुमार सिंह,दीपक प्रकाश।

# ईडी की बड़ी कार्रवाई, अनिल अंबानी ग्रुप की 1,400 करोड़ रुपए की संपत्तियां कीं जब्त

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ब्यूरो प्रयागराज।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अनिल अंबानी के नेतृत्व वाले अनिल धीरुभाई अंबानी ग्रुप (एडीएजी) ग्रुप पर बड़ा एक्शन लिया है और 1,400 करोड़ रुपए की वैल्यू की नई अचल संपत्तियां जब्त की हैं। खबरों के मुताबिक, नए कदम के बाद ईडी की ओर से जब्त की गई संपत्तियां की वैल्यू बढ़कर करीब 9,000 करोड़ रुपए हो गई है। ईडी की ओर से संपत्तियां ऐसे समय पर जब्त की जा रही हैं, जब जांच एजेंसी पूछताछ के लिए अनिल अंबानी को कई बार समन भेज चुकी है और वह पेश नहीं हुए हैं।रिलायंस एडीएजी के चेयरमैन अनिल अंबानी को 17 नवंबर को ईडी के दिल्ली मुख्यालय में जयपुर-रींगस हाईवे प्रोजेक्ट से जुड़ी फेमा जांच में दूसरी बार पेश होना था, लेकिन उन्होंने इसे नजरअंदाज कर दिया और वर्चुअल पेशी का प्रस्ताव रखा। इससे पहले पहले अनिल अंबानी 14 नवंबर को भी ईडी के सामने पूछताछ के लिए पेश नहीं हुए थे। हालांकि, दौरान उनकी ओर से रखे गए वर्चुअल पेशी के प्रस्ताव को जांच एजेंसी ने खारिज कर दिया था। ईडी सूत्रों के अनुसार, सरकारी एजेंसी फेमा के तहत उनका बयान दर्ज करना चाहती है। यह जांच उन आरोपों के बाद शुरू हुई थी, जिसमें कहा गया था कि रिलायंस इंफ्रा ने 2010 में मिले हाइवे प्रोजेक्ट के लगभग 40 करोड़ रुपए को सूरत स्थित फर्जी कंपनियों के माध्यम से दुबई भेज दिया था। इससे पहले,अगस्त में ईडी मुख्यालय में कथित 17,000 करोड़ रुपए के ऋण धोखाधड़ी मामले में उनसे लगभग नौ घंटे तक कड़ी पूछताछ हुई थी। यह घटनाक्रम ऐसे समय पर हुआ है जब ईडी ने सोमवार को नवी



मुंबई स्थित धीरूभाई अंबानी नॉलेज सिटी में 4,462.81 करोड़ रुपए मूल्य की 132 एकड़ से अधिक जमीन को धन शोधन निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत अस्थायी रूप से कुर्क किया था। ईडी ने इससे पहले रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड (आरकॉम), रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस लिमिटेड और रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड के बैंक धोखाधड़ी मामलों में 3,083 करोड़ रुपए से अधिक मूल्य की 42 संपत्तियां जब्त की थीं।

# बिलों की मंज़ूरी के लिए गवर्नर/राष्ट्रपति के लिए टाइमलाइन...........

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**पृष्ठ नं.1 का शेष समाचार**

**उत्तरः** अनुच्छेद 361 न्यायिक समीक्षा पर एक पूर्ण प्रतिबंध है। हालाँकि, इसका उपयोग न्यायिक समीक्षा के सीमित दायरे को नकारने के लिए नहीं किया जा सकता है कि यह न्यायालय अनुच्छेद 200 के तहत राज्यपाल द्वारा लंबे समय तक निष्क्रियता के मामलों में प्रयोग करने के लिए सशक्त है। जबकि राज्यपाल को व्यक्तिगत प्रतिरक्षा प्राप्त है, राज्यपाल का पद इस न्यायालय के अधिकार क्षेत्र के अधीन है।

5. संवैधानिक रूप से निर्धारित समय सीमा और राज्यपाल द्वारा शक्तियों के प्रयोग के तरीके के अभाव में, क्या राज्यपाल द्वारा भारत के संविधान के अनुच्छेद 200 के तहत सभी शक्तियों के प्रयोग के लिए समयसीमा लागू की जा सकती है और न्यायिक आदेशों के माध्यम से प्रयोग का तरीका निर्धारित किया जा सकता है?

6. क्या भारत के संविधान के अनुच्छेद 201 के तहत राष्ट्रपति द्वारा संवैधानिक विवेक का प्रयोग न्यायोचित है?

7. संवैधानिक रूप से निर्धारित समयसीमा और राष्ट्रपति द्वारा शक्तियों के प्रयोग के तरीके के अभाव में, क्या भारत के संविधान के अनुच्छेद 201 के तहत राष्ट्रपति द्वारा विवेक के प्रयोग के लिए समयसीमा लागू की जा सकती है और न्यायिक आदेशों के माध्यम से प्रयोग का तरीका निर्धारित किया जा सकता है?

उत्तर - प्रश्न 5, 6 और 7 के उत्तर एक साथ दिए गए हैं - अनुच्छेद 200 और 201 का पाठ इस तरह से तैयार किया गया है, ताकि संवैधानिक अधिकारियों को अपने कार्य करने के लिए लचीलापन प्रदान किया जा सके, विभिन्न संदर्भों और स्थितियों को ध्यान में रखते हुए, टाइमलाइन लगाना इस छूट के बिल्कुल खिलाफ होगा जिसे संविधान ने इतनी सावधानी से बनाए रखा है। संविधान में तय टाइमलाइन के बिना, इस कोर्ट के लिए आर्टिकल 200 के तहत शक्तियों के इस्तेमाल के लिए कानूनी तौर पर टाइमलाइन तय करना सही नहीं होगा। गवर्नर के लिए जैसी सोच थी, उसी तरह आर्टिकल 201 के तहत राष्ट्रपति की मंज़ूरी न्याय के लायक नहीं है। इसी वजह से, राष्ट्रपति भी आर्टिकल 201 के तहत शक्तियों के इस्तेमाल के लिए कानूनी तौर पर तय टाइमलाइन से बंधे नहीं हो सकते।

8. राष्ट्रपति की शक्तियों को नियंत्रित करने वाली संवैधानिक योजना के आलोक में, क्या राष्ट्रपति को भारत के संविधान के अनुच्छेद 143 के तहत एक संदर्भ के रूप में सर्वोच्च न्यायालय से सलाह लेने और सर्वोच्च न्यायालय की राय लेने की आवश्यकता होती है जब राज्यपाल किसी विधेयक को राष्ट्रपति की सहमति के लिए या अन्यथा आरक्षित रखता है?

उत्तरः राष्ट्रपति को हर बार जब कोई विधेयक राज्यपाल द्वारा आरक्षित किया जाता है, तो न्यायालय की सलाह लेने की आवश्यकता नहीं होती है। राष्ट्रपति की व्यक्तिपरक संतुष्टि पर्याप्त है। यदि स्पष्टता की कमी है या सलाह की आवश्यकता है, तो राष्ट्रपति संदर्भित कर सकते हैं।

9. क्या भारत के संविधान के अनुच्छेद 200 और अनुच्छेद 201 के तहत राज्यपाल और राष्ट्रपति के निर्णय, कानून के लागू होने से पहले के चरण में न्यायसंगत हैं? क्या न्यायालयों को किसी भी तरीके से किसी विधेयक की सामग्री पर न्यायिक निर्णय लेने की अनुमति है, इससे पहले कि वह कानून बन जाए?

उत्तर नहीं। भारत के संविधान के अनुच्छेद 200 और अनुच्छेद 201 के तहत राज्यपाल और राष्ट्रपति के निर्णय, कानून के लागू होने से पहले के चरण में न्यायोचित नहीं हैं। विधेयकों को तभी चुनौती दी जा सकती है जब वे कानून बन जाएं।

10. क्या संवैधानिक शक्तियों का प्रयोग और राष्ट्रपति/राज्यपाल के/द्वारा आदेश भारत के संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत किसी भी तरह से प्रतिस्थापित किए जा सकते हैं?

उत्तर-नहीं। संवैधानिक शक्तियों का प्रयोग और राष्ट्रपति/राज्यपाल के/द्वारा आदेश इस न्यायालय द्वारा भारत के संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत किसी भी तरह से प्रतिस्थापित नहीं किए जा सकते हैं। हम स्पष्ट करते हैं कि संविधान, विशेष रूप से अनुच्छेद 142, विधेयकों की 'मानी गई सहमति' की अवधारणा की अनुमति नहीं देता है।

11. क्या राज्य विधानमंडल द्वारा बनाया गया कानून भारत के संविधान के अनुच्छेद 200 के तहत राज्यपाल की सहमति के बिना लागू कानून है?

उत्तर- प्रश्न 10 के उत्तर के संदर्भ में उत्तर दिया गया। अनुच्छेद 200 के तहत राज्यपाल की सहमति के बिना राज्य विधानमंडल द्वारा बनाए गए कानून के लागू होने का कोई सवाल ही नहीं है। अनुच्छेद 200 के तहत राज्यपाल की विधायी भूमिका को किसी अन्य संवैधानिक प्राधिकारी द्वारा प्रतिस्थापित नहीं किया जा सकता है।

12. भारत के संविधान के अनुच्छेद 145(3) के प्रावधान के मद्देनजर, क्या इस माननीय न्यायालय की किसी भी पीठ के लिए यह अनिवार्य नहीं है कि वह पहले यह तय करे कि उसके समक्ष कार्यवाही में शामिल प्रश्न ऐसी प्रकृति का है जिसमें संविधान की व्या या के रूप में कानून के पर्याप्त प्रश्न शामिल हैं और इसे न्यूनतम पांच न्यायाधीशों की पीठ को संदर्भित करना है?

उत्तर- अनुत्तरित लौटा दिया गया क्योंकि प्रश्न इस संदर्भ की कार्यात्मक प्रकृति के लिए प्रासंगिक नहीं है।

13. क्या भारत के संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत सर्वोच्च न्यायालय की शक्तियाँ प्रक्रियात्मक कानून के मामलों तक सीमित हैं या भारत के संविधान का अनुच्छेद 142 निर्देश जारी करने / आदेश पारित करने तक विस्तारित है जो संविधान या लागू कानून के मौजूदा मूल या प्रक्रियात्मक प्रावधानों के विपरीत या असंगत हैं?

जवाब- सवाल 10 के हिस्से के तौर पर जवाब दिया गया।

14. क्या संविधान, भारत के संविधान के आर्टिकल 131 के तहत केस के अलावा, केंद्र सरकार और राज्य सरकारों के बीच विवादों को सुलझाने के लिए सुप्रीम कोर्ट के किसी और अधिकार क्षेत्र पर रोक लगाता है? जवाब नहीं दिया गया क्योंकि यह बेमतलब पाया गया।

## कौशांबी में सराफा कारोबारी से 10 लाख के गहने लूटे, बोलेरो सवार चार बदमाशों ने दिया घटना को अंजाम

**कौशांबी।** पुलिस के सघन चेकिंग अभियान को चुनौती देते हुए बोलेरो सवार चार बदमाशो ने सारे राह सराफा कारोबारी से दस लाख रुपये कीमत के आभूषण लूट लिया। घटना को अंजाम देने के बाद, बिना नंबर प्लेट लगी बोलेरो सवार फकीराबाद की तरफ भाग निकले। वारदात की सूचना से पुलिस महकमें में खलबली मच गई। पुलिस ने क्षेत्र में लगे सीसीटीवी फुटेज के जरिए बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। सराय अकिल क्षेत्र कस्बा निवासी अंशु सोनी पुत्र शिव मूरत सोनी सराफा कारोबारी है। अंशु की दुकान इलाके पुरखास चौराहे पर है। अंशु के मुताबिक बुधवार की शाम करीब पांच बजे वह अपनी दुकान बंद कर प्रतिदिन को भांति सोने चांदी के आभूषण भरे बैग लेकर मोटर साइकिल से घर जा रहा था। इस बीच जैसे ही वह सराय अकिल के बिन्नई मोड़ पहुंचा तभी पीछे से बोलेरो सवार लोगों ने ओवरटेक करके उसकी बाइक रोक लिया। बोलेरा से उतरे दो युवकों ने आभूषण से भरा बैग छीन लिया और फकीराबाद की तरह भाग निकले। अंशु का कहना है कि बोलेरा में कुल चार लोग सवार थे और उसमें नंबर प्लेट नहीं लगी थी। अंशु के शोरगुल करने पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने आसपास के प्रतिष्ठित प्रतिष्ठानों में लगे सीसीटीवी कैमरे से फुटेज निकाल कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दिया है। पुलिस को दी गई तहरीर में अंशु ने बताया कि बैग में पांच किलो चांदी व सोने के लगभग दस लाख रुपये के आभूषण था। घटना से इलाके में दहशत है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि पुलिस यातायात माह नवंबर के तहत जगह जगह चेकिंग अभियान चला रही है। इसके बावजूद बेखौफ बदमाशों ने घटना को अंजाम दिया।

# संक्षिप्त खबरें

## झारखंड पुलिस अकादमी में सड़क सुरक्षा एवं दुर्घटना प्रबंधन पर विशेष व्याख्यान आयोजित



**हजारीबाग, झारखंडः-** झारखंड पुलिस अकादमी में सड़क दुर्घटना एवं उसके प्रभावी प्रबंधन पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें एच.ज़ेड.बी. आरोग्यम अस्पताल के कंसल्टेंट क्रेनियोमैक्सिलोफेशियल सर्जन डॉ अमित कुमार को बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। व्याख्यान के दौरान डॉक्टर अमित कुमार ने सड़क दुर्घटनाओं के कारणों, उनकी रोकथाम के उपायों, प्रारम्भिक उपचार तथा दुर्घटना प्रबंधन की संपूर्ण प्रक्रिया पर विस्तृत और व्यावहारिक जानकारी साझा की। उन्होंने तेज गति, यातायात नियमों की अनदेखी, नशीले पदार्थों के सेवन के बाद वाहन संचालन और मोबाइल फोन के उपयोग को सड़क दुर्घटनाओं में वृद्धि का प्रमुख कारण बताया। सुरक्षित ड्राइविंग, हेलमेट और सीट बेल्ट का अनिवार्य उपयोग तथा सड़क पर सतर्कता को उन्होंने दुर्घटनाओं को रोकने का सबसे प्रभावी उपाय बताया। डॉक्टर अमित कुमार ने दुर्घटना के तुरंत बाद उठाए जाने वाले कदमों पर विशेष रूप से प्रकाश डालते हुए स्वर्णिम घड़ी (गोल्डन ऑवर) के महत्व को समझाया। उन्होंने कहा कि दुर्घटना के बाद प्रारम्भिक एक घंटे में दी गई सही और समय पर सहायता किसी भी घायल व्यक्ति की जान बचाने में अत्यंत निर्णायक होती है। उन्होंने घायल की श्वास और नाड़ी की जाँच, उसे सुरक्षित स्थिति में रखने तथा निकटतम अस्पताल से तुरंत संपर्क करने जैसे कदमों को अत्यंत आवश्यक बताया। प्रशिक्षणरत अधिकारियों ने इस व्याख्यान को बेहद उपयोगी बताया और डॉक्टर से अनेक विषयों पर मार्गदर्शन प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में झारखंड पुलिस अकादमी ने डॉक्टर अमित कुमार के ज्ञानवर्धक और सार्थक योगदान के लिए उने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर आरोग्यम अस्पताल के मेडिकल डायरेक्टर रजत चक्रवर्ती ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल जागरूकता का विषय नहीं, बल्कि जीवन रक्षा का संकल्प है। उन्होंने बताया कि अस्पताल उपचार देने के साथ-साथ समाज को दुर्घटनाओं से बचाने और लोगों को प्रशिक्षित करने की दिशा में भी निरंतर प्रतिबद्ध है। श्री चक्रवर्ती ने कहा कि पुलिस अकादमी जैसे संस्थानों में इस प्रकार के व्याख्यान अस्पताल के सामाजिक दायित्व का प्रतीक हैं और आगे भी अस्पताल ऐसी जनहितकारी गतिविधियों को बढ़ावा देता रहेगा।

## झाड़फूंक से इलाज के नाम पर दुराचार करने वाले बाबा को 10 वर्ष का सश्रम कारावास

**चित्रकूटः** झाड़फूक्र के बहाने सजातीय महिला के साथ दुराचार करने के मामले में दोष सिद्ध होने पर न्यायालय में आरोपी तांत्रिक को 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 17,000 रुपये अर्थदण्ड से भी दण्डित किया है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी सुशील कुमार सिंह ने बताया कि बीती 28 मई 2021 को पहाड़ी थाने में अनुसूचित जाति की एक महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पीड़िता के अनुसार बीती 27 मई 2021 को उसका पेट दर्द कर रहा था। जिस पर उसकी सास ने तौरा गांव के बाबा ननकू पंडा के यहां झाड़फूक्र कराने के लिए देवर के साथ भेजा था। दोपहर के समय वह ननकू पंडा के यहां पहुंची थी। जिसके बाद तांत्रिक ननकू ने उसके देवर को नींबू लाने के बहाने बाहर भेज दिया। देवर के बाहर जाने के बाद तांत्रिक ने उसे अंदर के कमरे से पानी लाने के लिए कहा और पीछे से आकर उसे धक्का दकर बेड पर गिरा दिया। इसके बाद जबरन उसके साथ दुराचार किया। इस दौरान उसकी हालत खराब होने पर तांत्रिक डर गया और बाल पकड़कर उसे चौरी के पास लेकर जाकर झाड़फूक्र करने लगा। साथ ही उसे धमकाया कि घटना की जानकारी किसी को देने पर जान से मार देगा। घर जाने पर पीड़िता ने मामले की जानकारी परिजनों को दी। जिसके बाद परिजन आरोपी ननकू पंडा के घर गए, किंतु वह अंदर से बाहर नहीं निकला। जिसके बाद पीड़िता ने मामले की रिपोर्ट पहाड़ी थाने में दर्ज कराई थी। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज करने के दो दिन बाद ही आरोपी को गिरफ्तार करते हुए न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद गुरुवार को त्वरित न्यायालय के अपर सत्र न्यायाधीश नीरज श्रीवास्तव ने इस मामले में निर्णय सुनाया। जिसमें दोष सिद्ध होने पर आरोपी ननकू पंडा को 10 वर्ष सश्रम कारावास के साथ 17,000 रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई।

# बलिया नगर पालिका में धरना प्रदर्शन और बंदी, कर्मचारियों का प्रदर्शन जारी :वेतन, बोनस और एनपीएस जमा न होने पर चौथे दिन भी धरना

**● शहर में लगा कूड़े का अंबार**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता







**बलिया।** नगर पालिका परिषद में विभिन्न कर्मचारी संगठनों के सदस्यों ने गुरुवार को चौथे दिन भी तालाबंदी कर धरना प्रदर्शन किया। कर्मचारी वेतन, बोनस और अन्य लंबित मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। कर्मचारी संगठनों ने 14 नवंबर को प्रशासन को एक पत्र सौंपकर चेतावनी दी थी कि यदि दो दिनों के भीतर कर्मचारियों का वेतन, बोनस, एरियर और आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों का वेतन जारी नहीं किया गया, तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे। हालांकि, इस चेतावनी पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। प्रदर्शनकारी कर्मचारियों की कुल 12 मांगें हैं, जिनमें प्रमुख रूप से तीन साल से जमा न किया गया एनपीएस (राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली) शामिल है। अन्य मांगों में अधिक पदों पर समायोजन, कर्मचारियों को पेंशन का भुगतान, बकाया धनराशि और लंबित मेडिकल बिलों का भुगतान शामिल है। कर्मचारियों ने अधिशासी अधिकारी पर काम में लापरवाही का आरोप लगाया। धरना दे रहे हैं लोगों का कहना है कर्मचारियों को तीन-चार महीने से वेतन नहीं मिला है। उन्होंने अल्प वेतनभोगी आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की स्थिति पर चिंता व्यक्त की, जिनका वेतन पांच दिन भी देरी से मिलने पर उन्हें कर्ज लेना पड़ता है। लोगों से बात करने पर यह कहा कि चार दिनों से कर्मचारी धरने पर बैठे हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गई, तो आंदोलन और उग्र रूप ले सकता है। इधर शहर में धरना प्रदर्शन के वजह से कूड़ा जगह-जगह डंप पड़ा हुआ है शहर में गंदगी और बदबू की भरमार है फिर भी प्रशासन मौन है।

## बिहार में नीतिश कुमार के मुख्यमंत्री बनने पर जदयू नेता राकेश गुप्ता ने किया हर्ष व्यक्त



**हज़ारीबाग, झारखंडः-** बिहार में नीतिश कुमार द्वारा लगातार 10वीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर जदयू नेता एवं हजारीबाग के समाजसेवी राकेश गुप्ता ने हर्ष व्यक्त किया है। राकेश गुप्ता ने कहा कि नीतिश कुमार का एक बार फिर से मुख्यमंत्री पद संभालना बिहार की राजनीति में नए अध्याय की शुरुआत जैसा है। उन्होंने बताया कि नीतिश कुमार ने लगातार दसवीं बार शपथ लेकर एक ऐतिहासिक रिकॉर्ड कायम किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतिश कुमार के नेतृत्व में राज्य में विकास के संकल्प को पुनः गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि बिहार को नई दिशा और नई ऊर्जा देने की कोशिशें लगातार जारी रहेंगी।

## प्रखण्ड विकास पदाधिकारी ने किया ग्रामीण क्षेत्रों का सघन दौरा, सरकारी योजनाओं का लिया जायजा

**● विद्यालयों में मध्याह्न भोजन व साफ-सफाई व्यवस्था की भी की जाँच**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंडः-** पाकुड़िया प्रखण्ड विकास पदाधिकारी (BDO) सोमनाथ बनर्जी ने 19 नवम्बर को खजूरडंगाल एवं बसतकुंडी पंचायत के कई ग्रामीण इलाकों का सघन भ्रमण कर विभिन्न सरकारी योजनाओं का निरीक्षण किया। दौरे के क्रम में उन्होंने राशन दुकानों, बिरसा हरित वृक्षारोपण योजना सहित अन्य विकासात्मक योजनाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। बीडीओ बनर्जी ने पात पहाड़ी विद्यालय पहुंचकर पठन-पाठन की व्यवस्था, मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता और नियमितता की जांच की। विद्यालय परिसर में साफ-सफाई पर विशेष जोर देते हुए आवश्यक निर्देश भी दिए। बिरसा हरित वृक्षारोपण स्थल पर उन्होंने पौधों की सुरक्षा के लिए घेराबंदी करने को कहा ताकि रोपे गए पौधे सुरक्षित रह सकें। इसके अलावा उन्होंने आबुआ आवास योजना का भी निरीक्षण किया। खजूरडंगाल ग्राम में ग्रामीणों से मुलाकात कर बीडीओ ने सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी और पात्र लाभुकों से योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। ग्रामीणों का कहना है कि बीडीओ द्वारा समय-समय पर किए जाने वाले ऐसे निरीक्षण व जनसंपर्क से सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ रही है और लोग लाभ लेने के लिए प्रेरित हो रहे हैं। दौरे के दौरान बीडीओ के साथ सहायक अभियंता रोहित कुमार गुप्ता, प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी जगदीश पंडित और प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी त्रिदीप शील भी उपस्थित रहे।

# डीएवी बरही में बाल मेला और प्रदर्शनी में सफल छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

**● प्रतिभा का सम्मान विकास का परिचायक है : प्राचार्य डॉ आशुतोष कुमार मैढ़**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरही, हज़ारीबाग, झारखंडः-** डीएवी पब्लिक स्कूल बरही के प्रांगण में बाल दिवस के अवसर पर आयोजित बाल मेला और प्रदर्शनी में सफल छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। पेंटिंग और कला विभाग को विजेता घोषित किया गया और उपविजेता के रूप में ई ई डी पी के छात्र-छात्राओं ने बाजी मारी। फूड स्टॉल में सैंडविच है और स्वादिष्ट कप केक स्टॉल विजेता घोषित किया गया एवं चटपटा चार्ट और पानी पुरी के स्टॉल को उपविजेता घोषित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ आशुतोष कुमार मैढ़ ने सफल प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए कहा कि उनके द्वारा प्राप्त इस सफलता का मापदंड उनके आगे आने वाले जीवन में सही राह दिखाएगा। प्राचार्य महोदय ने सभी को आशीर्वचन देते हुए कहा कि आने वाला भविष्य और भी बेहतर हो तथा अपने आत्म संयम और कड़ी मेहनत से अपने भविष्य को बेहतर बनाएं। अपने बड़ों का सम्मान और सतत प्रयास आपको सदैव सफलता का रहा दिखाएगा। इस अवसर पर ई ई डी पी के छात्र-छात्राओं को शील्ड देकर प्राचार्य महोदय ने सम्मानित किया। कार्यक्रम को समाप्त करते हुए प्राचार्य महोदय ने कहा कि डीएवी परिवार डीएवी सीएमसी, डीएवी ए आर ओ के कुशल मार्गदर्शन में अपने उत्तरदायित्व का सफलतापूर्वक निर्वाहन करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## चित्रकूट सहित पांच जनपद को मिले 6 नए इंटरसेप्टर वाहन

**चित्रकूटः** परिवहन मुख्यालय द्वारा झांसी परिक्षेत्र के झांसी, जालौन और बांदा मण्डल के विभिन्न जनपदों के लिए छह नए इंटरसेप्टर वाहन आवंटित किए गए हैं। उप परिवहन आयुक्त झांसी परिक्षेत्र के.डी. सिंह गौर ने बताया कि झांसी संभाग में झांसी व जालौन जनपद को तीन तथा बांदा संभाग में बांदा, हमीरपुर तथा चित्रकूट जनपद को तीन इंटरसेप्टर मिले हैं। बताया कि इन अत्याधुनिक तकनीक युक्त प्रवर्तन वाहनों से झांसी जोन के सभी जनपदों में सड़क सुरक्षा संबंधी चेकिंग कार्यवाही और ओवर स्पीडिंग के विरुद्ध प्रवर्तन कार्यवाही की मात्रा और गुणवत्ता दोनों में सकारात्मक परिणाम मिलेंगे। परिवहन विभाग के इंटरसेप्टर वाहनों में लेजर स्पीड गन, एच.डी. कैमरा, ऑटोमेटिक नंबर प्लेट रीडर (ए.एन.पी.आर.), प्रिंटर और फायर एक्सटिंग्विशर जैसी हाई-टेक विशेषताएं होती हैं। ये वाहन तेज गति वाली गाड़ियों की स्पीड को 200 से 700 मीटर की दूरी से ही मापकर उनका ई-चालान कर सकते हैं और तुरंत वाहन मालिक को मैसेज भेज सकते हैं। इनका उपयोग यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर नजर रखने और उन्हें पकड़ने के लिए किया जाता है।

# राष्ट्रीय एकता और विकसित भारत के लिए युवाओं का दिखा जोश, बरही में सरदार 150 यूनिटी मार्च का भव्य आयोजन

**● आरएनवाईएम कॉलेज से निकली पदयात्रा, बरही विधायक मनोज यादव हुए शामिल**

**सरदार वल्लभ भाई पटेल का राष्ट्र-निर्माण और रियासतों के एकीकरण में जो अद्वितीय योगदान है, उसे हमें हमेशा स्मरण में रखना चाहिए : मनोज यादव**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** लौहपुरुष और राष्ट्रीय एकता के प्रतीक सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय द्वारा माय भारत के माध्यम से आयोजित की जा रही विकसित भारत पदयात्राओं की गूंज गुरुवार को बरही में सुनाई दी। आरएनवाईएम कॉलेज बरही में आयोजित राष्ट्रीय एकता पदयात्रा में बरही विधायक मनोज यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उनके साथ एलआरडीसी अजय भगत सहित कई गणमान्य लोग हाथों में तिरंगा लहराते हुए इस भव्य आयोजन का हिस्सा बने। पदयात्रा के दौरान सरदार वल्लभ भाई पटेल अमर रहें के नारे खूब लगे, जिसने पूरे शहर में राष्ट्रीय एकता का संदेश प्रसारित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कॉलेज संस्थापक स्वर्गीय रामनारायण यादव और सरदार वल्लभ भाई पटेल की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ हुआ। इसके बाद सामूहिक रूप से वन्दे मातरम् का गायन कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की गई। कॉलेज प्रबंधन द्वारा मुख्य अतिथि विधायक मनोज यादव के साथ जिला परिषद उपाध्यक्ष किसुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, आरएनवाईएम कॉलेज के सचिव परमेश्वर यादव, जीप सदस्या प्रीति गुप्ता, शिक्षाविद शेखर सिंह, प्राचार्य डॉ. विमल किशोर, भाजपा मंडल अध्यक्ष भगवान केशरी, भाजयुमो जिला अध्यक्ष जयकरण पांडेय, सांसद मीडिया प्रभारी रंजन चौधरी, चौपारण मुखिया संघ अध्यक्ष बिरेन्द्र रजक, जीप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, सुरेंद्र रजक, महेंद्र प्रसाद दुबे, समाजसेवी अशोक यादव, युगल यादव सहित सभी गणमान्य अतिथियों का पौधा भेंटकर और अंग-वस्त्र ओढ़ाकर आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के छात्रों द्वारा राज्य की संस्कृति एवं सभ्यता पर आधारित सामूहिक नृत्य भी प्रस्तुत किए गए, जिसने कार्यक्रम में रंग भर दिया। अतिथियों द्वारा हरी झंडी दिखाकर कॉलेज परिसर से पदयात्रा का शुभारंभ किया गया। इसके बाद सैकड़ों छात्र-छात्राएं व एनसीसी के कैडेट्स कतारबद्ध और अनुशासित तरीके से हाथों में तिरंगा झंडा लहराते हुए राष्ट्रहित और लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के जयकारे लगाते हुए निकले।यह विशाल समूह कॉलेज परिसर से निकलकर जीटी रोड होते हुए बरही चौके से ब्लॉक मैदान तक पहुंचा। यह पदयात्रा देखते ही देखते बरही में राष्ट्रीय एकता का संदेश लेकर एक सरदार 150 यूनिटी मार्च के रूप में बदल गई, जिसमें युवाओं का जोश देखते ही बन रहा था। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक मनोज यादव ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल का राष्ट्र-निर्माण और रियासतों के एकीकरण में जो अद्वितीय योगदान है, उसे हमें हमेशा स्मरण में रखना चाहिए। उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि देश की एकता और अखंडता के साथ अपने अंदर राष्ट्रहित सर्वोपरि रखने की भावना को आत्मसात कर ही हम उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित कर सकते हैं। उन्होंने सरदार पटेल के लौह पुरुष बनने की मार्मिक कहानी का चित्रण करते हुए उनके जीवन के हरेक गतिविधि से प्रेरणा लेने की बात कही। इस मौके पर प्रोफेसर डॉ. संगीता चौधरी, डॉ. अरुणा कुमारी, अरुण कुमार, गिरधारी यादव, नागेश्वर यादव, दिनेश यादव, अशोक कुमार, प्रो. हिरामन साव, अजय रंजन, प्रो बद्री साव, ओबीसी मंडल अध्यक्ष मुन्ना यादव, पंचायत समिति सदस्य अशोक यादव सहित कॉलेज के अन्य प्राध्यापक और गणमान्य नागरिक Smart रहे।

# देवघर सॉफ्टबॉल क्रिकेट संघ में नई टीम का गठन, आदर्श लक्ष्य बने अध्यक्ष

**● 196 पंचायतों में सॉफ्टबॉल क्रिकेट की शुरुआत, जिला से अंतरराष्ट्रीय स्तर तक खिलाड़ियों के चयन की योजना तैयार**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**देवघर, झारखंड-** देवघर जिला सॉफ्टबॉल क्रिकेट संघ का चुनाव सह वार्षिक आम बैठक बीते गुरुवार को बड़े उत्साह और पूर्ण पारदर्शिता के साथ आयोजित की गई। बैठक की शुरुआत संघ के वरिष्ठ पदाधिकारियों के स्वागत भाषण से हुई, जिसके बाद चुनाव प्रक्रिया औपचारिक रूप से शुरू हुई। सर्वसम्मति से आदर्श लक्ष्य को संघ का नया अध्यक्ष चुना गया। उनके चयन के बाद उपस्थित सदस्यों और खिलाड़ियों में खुशी की लहर दौड़ गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड राज्य सॉफ्टबॉल क्रिकेट संघ के प्रदेश महासचिव संजीव कुमार झा उपस्थित रहे। उन्होंने चुनाव प्रक्रिया की सराहना करते हुए कहा कि देवघर जिले में खेल के प्रति बढ़ते सकारात्मक माहौल से भविष्य में बड़ी उपलब्धियों का रास्ता खुल रहा है। पर्यवेक्षक आलोक कुमार बोस भी मौके पर मौजूद रहे और पूरे चुनाव आयोजन को सफल व व्यवस्थित बताया। बैठक में राहुल कुमार राय, यश राज गुप्ता, सावरा खातून, सुनील यादव, आलोक राय, निशांत आनंद झा, अमन झा, पवन यादव, दशरथ महथा, कुशाग्र सिंह, गौतम राय सहित संघ के कई सक्रिय सदस्य मौजूद रहे। सभी ने नव-निर्वाचित अध्यक्ष को बधाई दी और जिले में सॉफ्टबॉल क्रिकेट को नई दिशा देने में सहयोग का आश्वासन दिया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष आदर्श लक्ष्य ने अपने संबोधन में कहा कि देवघर जिले में खेल प्रतिभाओं की पहचान और उन्हें राज्य, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मंच उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने घोषणा की कि इसी सप्ताह से जिले के सभी 196 पंचायतों में सॉफ्टबॉल क्रिकेट मैच शुरू किए जाएंगे, ताकि जमीनी स्तर से नई प्रतिभाओं को खोजा जा सके। उन्होंने चयन प्रक्रिया की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि पंचायत स्तर से चयनित खिलाड़ियों को प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल किया जाएगा। प्रखंड स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन जिला स्तरीय मैच के लिए होगा। जिला स्तर से आगे चुनी गई प्रतिभाओं को राज्यस्तरीय टीम में जगह दी जाएगी। राज्यस्तर पर चयनित खिलाड़ी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देवघर का प्रतिनिधित्व करेंगे, और राष्ट्रीय प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ियों को भूटान में आयोजित होने वाली अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। उन्होंने यह भी बताया कि दिसंबर में राज्यस्तरीय प्रतियोगिता, जनवरी में राष्ट्रीय स्तर का मैच और मार्च में भूटान में अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी, जिनकी तैयारियाँ शुरू कर दी गई हैं। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि संजीव कुमार झा ने आदर्श लक्ष्य को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनका नेतृत्व देवघर सॉफ्टबॉल क्रिकेट को नई ऊर्जा, नई दिशा और नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले समय में देवघर के खिलाड़ी राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर विशेष पहचान बनाएँगे।

# फुटपाथ दुकानदारों की समस्याओं को लेकर नगर आयुक्त से मिले पूर्व सदर विधानसभा प्रत्याशी मुन्ना सिंह, दुकानदारों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था होने तक कार्रवाई रोकने की मांग

**● जब तक फुटपाथ व्यापारियों के लिए सुनियोजित वैकल्पिक व्यवस्था नहीं बनाई जाती तब तक किसी भी प्रकार की कार्रवाई रोकी जानी चाहिए : मुन्ना सिंह**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हज़ारीबाग, झारखंडः-** पूर्व सदर विधानसभा प्रत्याशी मुन्ना सिंह ने गुरुवार को हजारीबाग जिले के नगर निगम क्षेत्र के नगर आयुक्त और नगर उप आयुक्त से मुलाकात कर फुटपाथ दुकानदारों की लगातार बढ़ती समस्याओं को गंभीरता से उठाया। मुलाक़ात के दौरान सैकड़ों फुटपाथ दुकानदार मौजूद रहे, जिन्होंने अपनी दुकानों को बिना किसी नोटिस के तोड़े जाने और लगातार चलान काटे जाने की घटनाओं को लेकर अपनी पीड़ा व्यक्त की। दुकानदारों ने बताया कि बिना किसी वैकल्पिक व्यवस्था के निगम कर्मियों द्वारा की जा रही कार्रवाई से उनके सामने रोज़गार का संकट गहरा गया है। मुन्ना ने अधिकारियों को स्पष्ट रूप से अवगत कराया कि पिछले कुछ समय से फुटपाथ व्यापारियों में डर और असुरक्षा का माहौल है। उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी दुकानों से अपने परिवार का गुजर-बसर करने वाले इन मेहनतकश लोगों को यूँ ही परेशान किया जाना बिल्कुल अनुचित है। उन्होंने यह भी कहा कि बीच का ऐसा रास्ता निकाला जाए जिससे हाई कोर्ट के आदेश का भी पालन हो और फुटपाथ दुकानदारों व अन्य दुकानदारों का व्यापार भी प्रभावित न हो। सिंह ने मांग की कि जब तक फुटपाथ व्यापारियों के लिए सुनियोजित वैकल्पिक व्यवस्था नहीं बनाई जाती, तब तक किसी भी प्रकार की कार्रवाई रोकी जानी चाहिए। उन्होंने नगर निगम से आग्रह किया कि दुकानदारों के प्रति संवेदनशील रुख अपनाते हुए उनके रोज़गार और सम्मान की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। कांग्रेस पार्टी गरीब, कमजोर और श्रमजीवी वर्ग की आवाज़ उठाने के लिए सदैव प्रतिबद्ध रही है और आगे भी ऐसे लोगों के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखेगी। मौके पर प्रदेश महासचिव विनोद कुशवाहा, ओबीसी प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सुरजीत नागवाला, कांग्रेस नगर अध्यक्ष प्रवेज अहमद, मनीष सिंह, रघु जयसलाल, धीरज सिंह, साबीर अली, करमुद्दीन, मोहम्मद शाहनवाज, टींकु खान , इरफान अहमद उर्फ़ काजू,विजय कुमार, विकास केशरी, रंजित सिंह, ग़ालिब अहमद, विजय कुमार, साबिर अहमद, साहिद अनवर, संतोष कुमार, फिरोज़ खान, सलिक अहमद, बबलू कुमार, दानिश सिद्दीकी, प्रिंस सिद्दीकी, खालिद अनवर आज़म राजन, सलीम सिद्दीकी, मोहम्मद सलीम, बबलू खान और गोलू उपस्थित थे।

# बरही ज्वेलरी लूटकांड का सफल उद्भेदन, उत्कृष्ट कार्य के लिए पुलिस टीम को एसपी ने प्रशस्ति-पत्र देकर किया सम्मानित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरही/हजारीबाग/झारखंडः-** हजारीबाग जिले के बरही थाना क्षेत्र में 16 नवंबर 2025 को बरही चौक स्थित जय माता दी ज्वेलर्स दुकान में दिनदहाड़े हथियारबंद अपराधियों द्वारा फायरिंग करते हुए सोने व चांदी के जेवरात की बड़ी लूट की घटना ने पूरे क्षेत्र में सनसनी फैला दी थी। घटना की गंभीरता को देखते हुए हजारीबाग पुलिस तत्काल हरकत में आई और त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी अभियान चलाया गया। इस पूरे प्रकरण के सफल उद्भेदन में डीएसपी बरही अजीत कुमार बिमल एवं पुलिस टीम ने अहम भूमिका निभाई। एसडीपीओ अजीत कुमार बिमल के नेतृत्व, सूझबूझ, मेहनत और त्वरित कार्यवाही के कारण न केवल इस लूटकांड का खुलासा हुआ, बल्कि लूटी गई सोने-चांदी की जेवरात भी बरामद की गई और अपराधियों को गिरफ्तार करने में पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता मिली। इस उत्कृष्ट कार्य के लिए पुलिस अधीक्षक हजारीबाग अंजनी अंजन ने पूरी पुलिस टीम को प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया। एसपी द्वारा जारी प्रशस्ति-पत्र में लिखा गया है कि प्रदर्शित कार्यकुशलता, सतर्कता और समर्पण पुलिस विभाग की पेशेवर दक्षता को दर्शाता है। इस कार्रवाई से हजारीबाग पुलिस के प्रति जनता का विश्वास और अधिक मजबूत हुआ है। एसपी ने प्रशस्ति-पत्र देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की तथा उम्मीद जताई कि वे आगे भी इसी निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते रहेंगे।

**पूरे छापामारी दल को किया गया सम्मानित :**

इस सफल अभियान में शामिल पूरी पुलिस टीम को भी सराहनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। सम्मानित टीम में अजीत कुमार विमल अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बरही, बिनोद कुमार, पु.नि. सह थाना प्रभारी बरही, चंद्रशेखर कुमार, पुलिस निरीक्षक, बरही अंचल, पु.अ.नि. सरोज सिंह चौधरी, थाना प्रभारी चौपारण, बरही थाना के अधिकारी पु.अ.नि. मृत्युंजय कुमार, पु.अ.नि. सुमित साव, पु.अ.नि. सुशील कुमार, पु.अ.नि. राजवल्लभ कुमार, पु.अ.नि. नरेन्द्र कुमार पांडेय, पु.अ.नि. सौरभ कुमार, पु.अ.नि. सुरजीत चौधरी, पु.अ.नि. दीपक कुमार, पु.अ.नि. रुपलाल यादव, पु.अ.नि. बादल कुमार हेम्ब्रम , अन्य थाना एवं तकनीकी शाखा के सदस्य, स.अ.नि. बादल महतो, चौपारण थाना, आ. संजय यादव, आरक्षी नीरज कुमार सिंह, विवेक कुमार, तकनीकी शाखा, हजारीबाग, थाना सशस्त्र बल सम्मानित हुए। इन सभी अधिकारियों और जवानों की संयुक्त कार्रवाई से यह बड़ा कांड कम समय में सुलझ गया और अपराधियों को गिरफ्तार कर न्याय की प्रक्रिया शुरू की गई। हजारीबाग पुलिस द्वारा की गई यह त्वरित और प्रभावी कार्रवाई न सिर्फ पुलिस की पेशेवर क्षमता को दर्शाती है, बल्कि जनता के बीच सुरक्षा और विश्वास की भावना को भी मजबूत करती है।

# डॉ. बी. एन. एस. उच्च विद्यालय में शिक्षक-अभिभावक बैठक का हुआ आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चौपारण हजारीबाग, झारखंडः-** प्रखंड के बसरिया डॉ बंसत नारायण सिंह उच्च विद्यालय में प्रथम शिक्षक-अभिभावक बैठक का विशेष आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक अशोक रजक ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में प्रबंधन समिति सचिव सह विधायक प्रतिनिधि राजदेव यादव उपस्थित रहे। मंच संचालन समाजसेवी पिंटू सोनी ने किया। बैठक में सचिव श्री यादव ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए विद्यालय के उद्देश्यों और योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि विद्यालय का मुख्य लक्ष्य बच्चों के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ 6 वर्ष से 18 वर्ष तक के सभी बच्चों का 100% नामांकन सुनिश्चित करना है। साथ ही 10 वीं तक की शिक्षा को अनिवार्य बनाने, ड्रॉप आउट की संख्या कम करने, लर्निंग गैप को दूर करने और विद्यार्थियों की पूर्ण उपस्थिति पर विशेष जोर दिया गया। उन्होंने यह भी कहा कि मासिक परीक्षा समेत अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में बच्चों के प्रदर्शन को अभिभावकों के सामने दर्पण की तरह प्रस्तुत किया जाएगा। साथ ही, विद्यालय में चल रहे व्यवहारिक ज्ञान और पाठ्यक्रमों की जानकारी दी गई और बच्चों को कौशल आधारित शिक्षा की ओर प्रेरित करने पर बल दिया गया। साथ ही विद्यालय के निगरानी के लिए सीसीटीवी की भी व्यवस्था की गई है। वही प्राचार्य अशोक ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षक-अभिभावक बैठक बच्चों के भविष्य निर्माण का एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे स्वयं नशामुक्त रहें और अपने बच्चों पर सकारात्मक निगरानी रखें। बच्चों को गलत रास्ते पर जाने से रोकें तथा गलती करने पर उन्हें सुधार का अवसर दें। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक जाबिर अंसारी अनिल देव रजक , संजीत कुमार , रंजन कुमार , संदीप कुमार निर्भय कुमार, सुनील साव, अरुण रजक शिक्षिका सीमा कुमारी, वही ग्रामीण में पंकज सोनी , सुरेश शर्मा , प्रभु केशरी , कपिल यादव , विनय यादव समेत बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित थे। बैठक के अंत में सभी ने बच्चों की शिक्षा एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए मिलकर सहयोग करने का संकल्प लिया।

## संक्षिप्त खबरें

### सार्वजनिक शौचालय का रास्ता खुलवाने की मांग



**महिलाओं ने डीएम को भेजा ज्ञापन**

**ललितपुर।** वर्षों से सार्वजनिक शौचालय को बाउण्ड्रीवाल से ढक दिये जाने का आरोप लगाया गया है। सार्वजनिक शौचालय जाने वाले रास्ते को बंद किये जाने के मामले को लेकर महिलाएं जिलाधिकारी कार्यालय पहुंची, जहां उन्होंने सार्वजनिक शौचालय को जाने वाले रास्ते को खुलवाये जाने की मांग उठायी है। डीएम को दिये ज्ञापन में वार्ड नं. 7 मोहल्ला बड़ापुरा झांसीपुरा में रहने वाली महिलाओं ने बताया कि वार्ड पार्षद व नगर पालिका के कर्मचारियों द्वारा कांशीराम पार्क के पीछे बाउण्ड्रीवाल बनाकर दी थी और बाउण्ड्रीबाल के बन जाने से वहां पर पूर्व से बने सार्वजनिक शौचालय को जाने वाले मार्ग को भी चारों ओर से बंद कर दिया है। इस कारण मोहल्ले के लोग सार्वजनिक शौचालय का उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। महिलाओं ने बताया कि यह रास्ता नगर पालिका के द्वारा बनाया गया था, जो कि सार्वजनिक शौचालय की ओर जाता है। इसे जल्द खुलवाये जाने की मांग उठाते हुए महिलाओं ने जनहित में डीएम से मांग की है। ज्ञापन देते समय पार्वती, सरोज, प्रीति, शारदा, सोना, जानकी व लक्ष्मी आदि मौजूद रहीं।

### राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर बैठक



**ललितपुर।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार जिला जज/अध्यक्ष विधिक सेवा प्राधिकरण अशोक कुमार सिंह की अध्यक्षता में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 13 दिसंबर 2025 के आयोजन के सम्बन्ध में जनपद के समस्त नोडल अधिकारी के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सचिव मयंक जायसवाल, एएसपी कालू सिंह, एसडीएम ज्ञानेन्द्र विक्रम, एआरटीवी वी.के., एलडीएम रंजीत कुमार, डीआईओ, एसडीओ पुष्पेन्द्र सिंह, एसआई नगर पालिका जितेन्द्र स्वरूप, जल संस्थान एक्सईएन मुंशीलाल वर्मा, एलईओ अनिल, एसओसी राकेश कुमार, विद्युत वितरण-2 वीरवल सिंह, सब डीएफओ सतेन्द्र तोमर उपस्थित रहे। बैठक में विगत राष्ट्रीय लोक अदालत पर चर्चा कर आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु अधिक से अधिक वादों को नियत करें एवं अधिक से अधिक नोटिस की तामीली करावें तथा हर संभव प्रयास करें, जिससे आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाया जा सकें।

### छह गिरे और खोए हुये फोन्स लौटाए



**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन, एएसपी कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी महरौनी आशीष मिश्रा के पर्यवेक्षण में थाना महरौनी के साइबर हेल्प डेस्क पर गिरे, खोये हुए मोबाइल फोन के सम्बन्ध में प्राप्त प्रार्थना पत्रों में नियमानुसार गुमशुदगी अंकित की गयी थी। थाना महरौनी की साइबर हेल्प डेस्क पुलिस टीम ने पीड़ितों द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रपत्रों का अवलोकन कर त्वरित व प्रभावी कार्यवाही करते हुए भारत सरकार द्वारा संचालित सीआईईआर पोर्टल पर सम्बंधित मोबाइल फोन की डिटेल अपलोड किया गया व मोबाइल फोन के आईईएमआई नम्बरों को रन कराया गया। सम्बंधित एजेंसियों के माध्यम से प्राप्त डेटा का अवलोकन व विशलेषण कर प्राप्त जानकारी के आधार पर 06 अदद गिरे हुए / खोये हुए मोबाइल फोन्स बरामद कर उनके स्वामियों को सुपुर्द किया गया। फोन बरामद करने वाली पुलिस टीम में प्र.नि. राजा दिनेश सिंह, उ.नि. अभिषेक सिंह, क.आ. विपिन कुमार शामिल रहे।

# डगडगी गौशाला का हाल बेहाल

**●आश्रय स्थल में नाकाफी है इंतजाम, भूख-प्यास से दम तोड़ रहे बेजुबान**

**जिला पंचायत सदस्य मनोज कुशवाहा ने खोली अव्यवस्थाओं की पोल**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता







**मड़ावरा।** सत्ताशीन पार्टी के जनप्रतिनिधियों की जब अधिकारी न सुनें और मनमानी पर उतारू हों तो जनप्रतिनिधियों को स्वंय सिस्टम से लड़ना पड़ता है। ऐसा ही एक मामला जनपद ललितपुर के आकांक्षी ब्लॉक मड़ावरा से जुड़ा हुआ प्रकाश में आया। जहां सत्ताशीन पार्टी के जिला पंचायत सदस्य मनोज कुशवाहा ने गौशाला में व्याप्त भ्रष्टाचार की परतें खोलना शुरू कीं। सूबे के मुख्यमंत्री द्वारा मड़ावरा ब्लॉक के सर्वांगीण विकास हेतु इसे गोद लिया गया और आकांक्षात्मक ब्लॉक घोषित किया गया। जिसके जरिये शासन स्तर से लागू होने बाली तमाम योजनाएं प्राथमिकता के साथ यहां धरातल पर पहुंचने का लक्ष्य है। किंतु बिभागीय कर्मचारियों व अधिकारियों की मिलीभगत कहें या लापरवाही के नतीजतन तमाम योजनाएं कागजों तक सिमटकर रह जा रहीं। ब्लॉक मड़ावरा के नाराहट क्षेत्र से जिला पंचायत सदस्य मनोज कुशवाहा द्वारा बीते रोज सोशल मीडिया के जरिये अन्ना मवेशियों की गौ शाला में हो रही दुर्गति का मुद्दा उठाया गया। जो गुरुवार को गिरार क्षेत्र के गौवंश आश्रय स्थल डगडगी पहुँचे। मनोज कुशवाहा के साथ मीडिया भी मौके पर गई। सूचना पर तमाम विभागीय कर्मचारी मौके पर आनन-फ़ानन में पहुंचे। मनोज कुशवाहा का आरोप था कि गौ शाला के अंदर मौजूद गौवंशों के लिए मानक अनुसार चारा और दाना-पानी का प्रबंध नहीं है। वह कर्मचारियों से गौशाला के अंदर जाने की ज़िद करते रहे। लेकिन कर्मचारी उच्चाधिकारियों के आदेशों का हवाला देते रहे कि गौशाला में किसी भी बाहरी व्यक्ति का प्रवेश निषेध है। जिस पर जिला पंचायत सदस्य ने खण्ड विकास अधिकारी रमेश कुमार यादव से दूरभाष के जरिये संपर्क किया व अन्य उच्चाधिकारियों से गौशाला के अंदर जनप्रतिनिधि होने के नाते जाने की मांग की। किंतु उनके द्वारा स्पष्ट मना कर दिया गया। जिसपर मनोज कुशवाहा गौशाला के प्रवेश द्वार पर लगे गेट को लांघकर अंदर घुस गए और अंदर के दृश्यों को अपने मोबाईल के कैमरा में रिकॉर्ड करके वापस लौटे। हालांकि इस दौरान उनके साथ गौशाला के प्रभारी सचिव इंद्रेश कुमार भी मौजूद रहे। बापिस लौटने पर मनोज कुशवाहा ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि गौशाला के अंदर भारी संख्या में गौवंश मृत अवस्था में पड़े हैं व कई गौवंश ऐसे है जिनकी आंखों से खून टपक रहा। उन्होनें आरोप लगाया कि गौशाला में सभी प्रकार की व्यस्थाऐं अस्त-व्यस्त हैं। उन्हें भूसा, गुड़, चूनी और साईलेज भी घटिया क्वालिटी का बो भी मानक से कम मात्रा में मिल रहा।

**गौशाला के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल**

जिला पंचायत सदस्य मनोज कुशवाहा ने गौशाला के अंदर पहुंचकर अपने मोबाईल में वीडियो रिकॉर्ड किये जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे। इन वीडियो में गौवंश की बेहद दयनीय स्थिति दिख रही। कई गौवंश बीमारी से दम तोड़ रहे तो कई भूख-प्यास से तड़प रहे।

**भाजपा नेता गेट फांदकर पहुंचे अंदर**

भारतीय जनता पार्टी के सिंबल पर नाराहट क्षेत्र से चुनाव जीते मनोज कुशवाहा को गौशाला के अंदर प्रवेश नहीं करने दिया गया। जबकि वह एक जनप्रतिनिधि होने का हवाला देते रहे। उनके द्वारा बार-बार अंदर जाने का आग्रह किया गया। किंतु सत्ताशीन पार्टी के जनप्रतिनिधी को गौशाला का गेट नहीं खोला गया और उन्हें गेट फांदकर मज़बूरी में अंदर घुसना पड़ा।

**पत्रकारों के प्रवेश पर पहले ही लगी रोक**

जनपदीय गौशाला के अंदर की हकीकत दिखाने के लिए पूर्व में पत्रकारों द्वारा खूब मामले उठाये गए किंतु बाद में तत्कालीन जिलाधिकारी के आदेश के बाद पत्रकारों का प्रवेश गौशाला के अंदर निषेध कर दिया गया। जिस वजह से अंदर की सच्चाई जन-मानस तक नहीं पहुंच पा रही, जिससे बदहाल व्यवस्थाओं में सुधार नहीं हो रहा।

# अधिकारियों और व्यापारियों की हुई संवाद बैठक

**● स्मार्ट मीटर, बाजारों की सुरक्षा और अतिक्रमण को लेकर हुई वार्ता**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता







**तालबेहट।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल निर्देशानुसार नगर उद्योग व्यापार मंडल के तत्वाधान में तहसील सभागार में उपजिलाधिकारी अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में नगर की प्रमुख समस्याओं पर विचार-परामर्श बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्मार्ट मीटरों में आ रही विसंगतियां, खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा किए जा रहे अनियमित छापों, नगर के मुख्य मार्गों पर बढ़ते अतिक्रमण तथा सराफा बाजार सहित अन्य भीड़भाड़ वाले मार्गों पर सुरक्षा व्यवस्था की कमी जैसे मुद्दे प्रमुख रूप से उठाए गए।

बैठक में क्षेत्राधिकारी रक्षपाल सिंह, एसडीओ विद्युत मनोज सोनी, खाद्य सुरक्षा अधिकारी एस.एस. निरंजन, मीटर अभियंता अविनाश जैन, जेई किशन शुक्ला मौजूद रहे। व्यापारियों ने बिजली विभाग के मनमाने बिल, मीटर रीडिंग की त्रुटियों एवं कार्रवाई की पारदर्शिता पर सवाल उठाए। वहीं खाद्य सुरक्षा विभाग के छापों को लेकर भी निष्पक्षता व नियमानुसार कार्रवाई की मांग रखी गई। नगर में बढ़ते अतिक्रमण के कारण यातायात अवरुद्ध होने और सुरक्षा व्यवस्था प्रभावित होने पर भी व्यापारियों ने चिंता जताई। सराफा बाजार में पुलिस गश्त बढ़ाने एवं सीसीटीवी कवरेज मजबूत करने का प्रस्ताव रखा गया।

बैठक में सराफा व्यापार मंडल के नेता शरद सोनी ने बाजारों में सुरक्षा व्यवस्था करने, बर्तन व्यवसाई बृजेंद्र गुप्ता ने अतिक्रमण हटाने के दौरान टीन शेड न तोड़े जाने का अनुरोध करते हुए कहा कि जिन दुकानदारों ने अपना सामान अपनी सीमा से बाहर रखा है उनके विरुद्ध नगर पंचायत अभियान चलाएं। वरिष्ठ व्यापारी नेता अशोक मोदी और राजीव जैन ने विद्युत अधिकारियों से स्मार्ट मीटर जबरन थोपे जाने का विरोध जताया। उन्होंने कहा पहले बिजली विभाग विद्युत की तमाम कमियों को दूर करें और व्यापारियों के अनियमित बिलों को दुरुस्त करे। व्यापारियों की विभिन्न समस्याएं सुनकर एसडीएम अभिजीत सिंह ने अधिकारियों को दिशा निर्देशित किया और व्यापारियों से अनुरोध किया के शासन के दिशा निर्देशों का पालन करें आपका सहयोग आवश्यक है। वही क्षेत्राधिकारी रक्षपाल सिंह ने सीसीटीवी कैमरे और दुकानों के बाहर बल्ब जलाने का व्यापारियों से अनुरोध किया। बैठक में नपाध्यक्ष पुनीत सिंह परिहार, नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष सुनील त्रिपाठी बाबा, सराफा कमेटी संरक्षक शरद सोनी, आशीष लक्ष्यकार, राजू चौबे, रंजीत साहू, राकेश चौरसिया ,कुलदीप साहू, अर्पित जैन, हुकुम प्रजापति, विजय सोनी बब्लू, ब्रजेन्द्र गुप्ता, नीरज गुप्ता, महेश कुशवाहा ,अशोक साहू, अरुण सोनी, पुष्पेंद्र यादव, शिवम गुप्ता, सौरभ जैन, विवेक गुप्ता, पवन सोनी , महावीर जैन , स्वतंत्र जैन ,शुभम मोदी , विकास जैन, प्रवीण साहू ,दीपांश लिटौरिया, प्रवीण साहू, हरिकांत बिलासी, सुरेंद्र श्रीवास, अभिषेक जैन, मनोज गुप्ता ,आलोक चौबे सहित बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने सभी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निपटाने का आश्वासन दिया। बैठक के अंत में नगर उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष सुनील त्रिपाठी ने सभी का आभार जताया।

# प्रभात फेरी की वर्षगांठ पर खिरिया लटकन जू में हुआ भव्य आयोजन

**●सत्रह वर्ष से लगातार निकाली जा रही प्रभातफेरी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**महरौनी (ललितपुर)-** समीपस्थ ग्राम खिरिया लटकन जू में सत्रहवीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में अखंड रामधुन एवं प्रभात फेरी गांव के विभिन्न गलियों से गुजरते हुए निकाली गई द्य नगर भ्रमण पर गांव में घर घर द्वारे पर रंगोलियां बनाकर,दीप प्रज्वलित कर पुष्प वर्षा कर स्वागत किए गए। इस मौके पर राकेश त्रिपाठी द्वारा प्रतिदिन प्रभात फेरी में जाने वाले व्यक्तियों को कंबल,श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। प्रभात फेरी आयोजक प्रेम नारायण मिश्रा ने बताया कि यह सत्रहवीं वर्षगांठ है,और प्रभातफेरी ब्रह्म मुहूर्त में प्रतिदिन गांव में निकाली जाती है। राकेश त्रिपाठी ने कहा कि गांव की महिलाओं एवं लोगों को अधिक संख्या में प्रभात फेरी में सम्मिलित होना चाहिए,क्योंकि धर्म से ही व्यक्ति का उद्धार होता है। इसके उपरांत सभी प्रभातफेरी मंडलियों को भोजन प्रसादी कराया गया।

इस मौके पर मनोज कौशिक ,प्रभुदयाल पुरोहित, राजाराम निरंजन, दयाराम निरंजन, रामसेवक निरंजन, रामभरोसे मिश्रा, जयनारायण मिश्रा, गणेश कुशवाहा, कोमलसिंह बुंदेला, पन्नालाल निरंजन ,शिवनारायण निरंजन, प्रीतम सिंह बुंदेला, शोभाराम निरंजन, पुरुषोत्तम चौबे, धर्मेंद्र तिवारी, नीरज मिश्रा, झूनाबाई, विमला, भागवती, देनपुराबाई, गढ़ाघाटबाई, सोनू त्रिपाठी, सार्थक पुरोहित, पल्लू,दिलीप निरंजन, विश्वनाथ निरंजन, रामस्वरूप निरंजन,राम नारायण पुरोहित, दीपू राजा, लाखन राजा, गोकुल अहिरवार,रामा सदर, सोनू दुबे, रामप्रताप दुबे, रामगोपाल तिवारी, अशोक दुबे, मंगलसिंह राजा, आलोक त्रिपाठी, दिनेश कौशिक, बिट्ठल चौबे एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे। अंत में पधारे हुए सभी गणमान्य व्यक्तियों का प्रभातफेरी संचालक प्रेम नारायण मिश्रा द्वारा आभार जताया गया।

# युवक को कारागार के बाहर से उठा ले गए कार सवार

**●जमानत पर रिहा हुआ था युवक, भाई ने दिया शिकायती पत्र**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** ललितपुर में जिला जेल से जमानत पर रिहा हुए एक युवक के अपहरण का आरोप लगा है। परिजनों ने कोतवाली पुलिस को शिकायत पत्र देकर बताया कि अज्ञात लोग युवक को कार में बैठाकर ले गए। हालांकि, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने ऐसी किसी घटना या शिकायत पत्र मिलने से इनकार किया है। थाना जखौरा अंतर्गत ग्राम चक लागौन निवासी रुद्र प्रताप सिंह ने बुधवार रात कोतवाली पहुंचकर प्रार्थना पत्र दिया। उन्होंने बताया कि 19 नवंबर की शाम करीब 7.30 बजे उनके भाई शिवाजी राजा की जिला कारागार से रिहाई हुई थी। जेल से निकलते ही एक सफेद रंग की डिजायर कार आई और उनके भाई को जबरन उसमें बैठा के ले गई। रुद्र प्रताप ने आशंका जताई है कि उनके भाई के साथ कोई अनहोनी हो सकती है। उन्होंने पुलिस से शिवाजी राजा की तत्काल खोजबीन करने की मांग की है। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सदर अनुराग अवस्थी ने बताया कि उन्हें ऐसे किसी मामले की कोई सूचना नहीं मिली है और न ही उनके पास कोई प्रार्थना पत्र आया है। कथित तौर पर अपहृत हुए युवक शिवाजी राजा पर गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें 26 अक्टूबर 2023 को कस्बा तालबेहट में छवि कंप्यूटर की दुकान में घुसकर विश्वनाथ उर्फ शिवम ठाकुर की गोली मारकर हत्या करने का मामला प्रमुख है। इसके अलावा, उन पर जानलेवा हमला सहित अन्य मामले भी दर्ज हैं।

# अडानी फाउंडेशन की ग्रामीण पहल निंगा गाँव में निःशुल्क मेगा हेल्थ कैंप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सोनभद्र (उत्तर प्रदेश)-** कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (छ्स्त्र) के तहत, अडानी फाउंडेशन सलाईबनवा ने पनारी पंचायत के निंगा गाँव में एक व्यापक सामान्य स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। यह पहल दूरस्थ ग्रामीण समुदायों तक आवश्यक चिकित्सा सेवाएँ पहुँचाने और स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से की गई, जो क्षेत्र के निवासियों के लिए एक बड़ी राहत बनकर आई है। यह सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यक्रम अडानी सीमेंट सलाईबनवा के प्रोजेक्ट हेड श्री नीरज त्रिपाठी के कुशल मार्गदर्शन और दिशा-निर्देशों में आयोजित किया गया। शिविर में डॉक्टर अरुण चौबे और डॉक्टर एकता के नेतृत्व में एक विशेषज्ञ चिकित्सा दल मौजूद रहा। इस एक दिवसीय शिविर में कुल 281 लोगों की गहन स्वास्थ्य जाँच की गई। जाँच के उपरांत, सभी जरूरतमंद ग्रामीणों को उनकी बीमारियों के अनुरूप दवाओं का निःशुल्क वितरण भी सुनिश्चित किया गया। यह सफल आयोजन दिखाता है कि कैसे निजी क्षेत्र की पहलें दूर-दराज के क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की कमी को पूरा कर सकती हैं। इस अवसर पर, अडानी फाउंडेशन के सी.एस.आर. हेड मनोज चौबे ने मीडिया को संबोधित किया और फाउंडेशन के बहुआयामी सामाजिक एजेंडे पर प्रकाश डाला। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनका कार्य केवल स्वास्थ्य तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समग्र ग्रामीण विकास पर केंद्रित है। अडानी फाउंडेशन समाज के मूलभूत क्षेत्रों जैसे स्वास्थ्य, शिक्षा, आजीविका, पशुधन विकास, जल संरक्षण, ग्रामीण अवसंरचना, कौशल प्रशिक्षण एवं रोजगार में सतत् रूप से प्रयासरत है। हमारा लक्ष्य केवल तात्कालिक मदद देना नहीं, बल्कि समुदायों को आत्मनिर्भर बनाना है।यह दृष्टिकोण सुनिश्चित करता है कि फाउंडेशन का प्रभाव दीर्घकालिक और टिकाऊ रहे। शिविर को सफल बनाने में स्थानीय सामुदायिक कार्यकर्ताओं और फाउंडेशन टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कम्युनिटी वालेंटियर सत्यम एवं राहुल कुमार ने पंजीकरण और व्यवस्थापन में महत्वपूर्ण सहयोग दिया। बसंत, राव विरेंद्र, गाँव की आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और गाँव के अन्य ग्रामीण भी शिविर में उपस्थित रहे, जिन्होंने ग्रामीणों को शिविर तक लाने और व्यवस्था बनाए रखने में मदद की। यह संयुक्त प्रयास निंगा गाँव में स्वास्थ्य और सामुदायिक विकास के प्रति सकारात्मक माहौल बनाने में सहायक सिद्ध हुआ।

# सिंचाई विभाग में भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी सिंचाई व्यवस्था

**● किसान पानी को तरस रहे, क्षेत्र के किसानों के लिए सिंचाई का संकट गहराता जा रहा है**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** सजनाम बांध से निकलने वाली सिंगेपुर-खजुरिया माइनर नंबर 1 की दुर्दशा ने हालात और गंभीर कर दिए हैं। माइनर खजुरिया गांव से होकर गुजरती है, लेकिन लंबे समय से इसकी मरम्मत न होने और जगह-जगह टूट जाने के कारण बांध से छोड़ा गया पानी खेतों तक पहुंच ही नहीं पा रहा। वहीं, जहां किसी तरह पानी पहुंच भी रहा है, वहां वह फसलों को बचाने के बजाय पूरी तरह बर्बाद कर रहा है। माइनर के कई स्थानों पर टूटे होने के चलते पानी खेतों में पहुंचने से पहले ही बाहर बह जाता है। ऊपर की तरफ से बहकर निकलने वाला पानी बड़े नाले में समा जाता है, जिससे सिंचाई के लिए छोड़ा गया कीमती पानी व्यर्थ चला जाता है। निचले हिस्सों में जिन खेतों तक पानी पहुंचता भी है, वहां अचानक ज्यादा मात्रा पहुंचने से खड़ी फसलें चौपट हो रही हैं। एक तरफ ऊपरी हिस्से के किसान पानी की एक-एक बूंद को तरस रहे हैं, वहीं नीचे की ओर रहने वाले किसानों के खेतों में बेतरतीब पानी पहुंचकर नुकसान कर रहा है। फसलें गल रही हैं, अनेक खेतों में पानी भर गया है, वहीं अन्य किसान सूखे से परेशान हैं। ये स्थिति सिंचाई व्यवस्था की खामियों को साफ बयां करती है।स्थानीय किसानों का आरोप है कि सिंचाई विभाग के संबंधित अधिकारियों और ठेकेदारों की मिलीभगत से लाखों का घोटाला चल रहा है। मरम्मत के नाम पर कागजों में बजट खर्च दिखा दिया जाता है, जबकि जमीनी हकीकत में माइनर और नहरें जर्जर हालत में पड़ी हैं। विभाग के अधिकारी मलाई खा रहे हैं, ठेकेदार मजे कर रहे हैं, और हम किसान पानी के लिए आस लगाए बैठे हैं। लगातार खराब होती सिंचाई व्यवस्था से किसानों में रोष बढ़ता जा रहा है। कई किसानों ने बताया कि वे कई बार विभागीय कार्यालयों के चक्कर लगा चुके हैं, लेकिन सुनवाई नहीं हो रही। हर बार आश्वासन मिलता है, पर माइनरों की मरम्मत आज तक नहीं हुई। खराब सिंचाई व्यवस्था का सीधा असर रबी की तैयार फसलों पर पड़ रहा है। चना, गेहूं और मसूर जैसी प्रमुख फसलों के लिए समय पर पानी अत्यंत आवश्यक है, लेकिन टूटे माइनरों और नहरों के कारण पानी पहुंच नहीं पा रहा। यदि हालात जल्द नहीं सुधरे तो किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। किसानों ने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की माइनरों और नहरों की तुरंत मरम्मत,जिम्मेदार अधिकारियों व ठेकेदारों की जांच,सिंचाई की नियमित निगरानी की मांग उठायी है।

# धौर्रा स्टेशन पर डीआरएम का निरीक्षण

**●रेल मरम्मत के दौरान यात्रियों की सुविधा के लिए पूर्व प्रधान ने सौंपा ज्ञापन**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** धौर्रा रेलवे स्टेशन पर मंडल रेल प्रबंधक डीआरएम अनिरुद्ध कुमार ने निरीक्षण किया। स्थानीय प्रतिनिधि द्वारा उनसे भेंट कर रेल मरम्मत कार्य के दौरान यात्रियों को होने वाली असुविधाओं के संबंध में एक महत्वपूर्ण ज्ञापन सौंपा गया। रेलवे सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 27 नवम्बर से 06 जनवरी 2026 तक रेल मरम्मत कार्य होने से झेलम एक्सप्रेस का मार्ग परिवर्तन और मेमो ट्रेनों को बंद किया जा रहा है। इसके चलते झांसी बीना खंड के लगभग 19 छोटे बड़े स्टेशनों से यात्रा करने वाले हजारों लोग और उनकी रोटी रोजी प्रभावित होगी। साथ ही साथ कई स्टेशन बिना यात्री गाडय़िों के स्टॉपेज के अजायबघर मात्र बनकर रह जायेंगे। सभी लोगों ने धोर्रा स्टेशन पर महामना एक्सप्रेस और जाखलौन स्टेशन पर अमृतसर दादर एक्सप्रेस के ठहराव और वैकल्पिक मेल ट्रेन की मांग की ताकि जनमानस को परिवहन की सुविधा मिल सके। ज्ञापन देते समय रामेश्वर प्रसाद मिश्रा, शाहिद खान, राकेश शर्मा, धर्मेंद्र यादव, डा.रमेश चंद जैन, भगवान सिंह यादव, विपिन जैन, मोनू चौबे, आर्यन मिश्रा, अभिषेक, श्यामसुंदर मिश्रा, मुन्ना यादव, नंदराम रजक, रवि यादव एवं बारे लाल अहिरवार मौजूद रहे।

**सांसद ने भी दिए निर्देश**

इस संदर्भ में स्थानीय सांसद डा.अनुराग विश्वनाथ शर्मा से पूर्व रेल सलाहकार समिति सदस्य सुरेश कौंते, पाली चेयरमैन मनीष तिवारी, भाजपा मंडल अध्यक्ष बृजेश राजपूत, माधव पाठक, नरेंद्र ताम्रकार, आशीष चौरसिया, रामेश्वर प्रसाद मिश्रा, अखलेश साहू ने जाखलौन स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों के स्टॉपेज का अनुरोध किया था। सांसद ने आम जनता की समस्या को देखते हुए, मंडल रेल प्रबंधक को आवश्यक कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया है। क्षेत्रीय जनता ने सांसद का आभार व्यक्त किया है।

# नाराहट में सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत हुए विभिन्न कार्यक्रम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**नाराहट /** स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज में सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सुश्री पारुल चंदेल थाना प्रभारी नाराहट ने सर्वप्रथम दीप प्रज्वलन व मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ कार्य किया।तत्पश्चात विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि सुश्री पारुल चंदेल ने छात्र-छात्राओं को ट्रैफिक नियमों का पालन करने की हिदायत दी तथा ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक किया , साथ ही यह आह्वान किया कि आप लोग अपने आसपास अपने गांव मोहल्ले में भी ट्रैफिक नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करें।इसके अलावा उन्होंने साइबर क्राइम के माध्यम से हो रही ठगी व धोखाधड़ी के प्रति भी छात्र-छात्राओं को जागरूक किया।इस अवसर पर उप निरीक्षक श्री राजेश यादव ने भी संबोधित करते हुए गाड़ी चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करने तथा ट्रैफिक नियमों को का पालन करने का आह्वान किया उन्होंने कहा कि किसी भी स्थिति में नाबालिग बच्चों को गाड़ी ड्राइव करने के लिए नहीं दिन दी जानी चाहिए क्योंकि यह एक कानूनी अपराध है, विद्यालय प्रबंधक उमाकांत मिश्रा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सभी छात्र-छात्राओं से सड़क सुरक्षा के संबंध में शासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन करने का आह्वान करते हुए कहा कि यदि हम सड़क पर नियमों का पालन करेंगे तो दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है, इस अवसर पर सड़क सुरक्षा विषय पर आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता के विजय प्रतिभागियों क्रमशः प्रथम द्वितीय तृतीय अमित बंसल, अरुण पटेल, अविनाश विश्वकर्मा , हर्षवर्धन तथा रंगोली में मुस्कान ,पलक, अंजलि , कृष्णा को शील्ड व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कांस्टेबल योगेश प्रताप सिंह, प्रेमेंद्र सिंह, विवेक सिंह , विद्यालय के प्रधानाचार्य राजीव पुरोहित ऋषि पांडे , संजीव कुशवाहा , दयाराम राठौर , रूपेश गौतम, अरविंद रैकवार, सोनू राज, आनंद बुंदेला, मनोहर विश्वकर्मा, लक्ष्मी कुशवाहा ,स्वाति बुंदेला, शिवानी बुंदेला, इंदु तिवारी, सृष्टि, रघुवर दयाल, छोटू यादव सहित सभी शिक्षक व कर्मचारी मौजूद रहे अंत में प्रधानाचार्य राजीव पुरोहित ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# वीरांगना झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई को दी दीपांजलि

**●कचहरी चौराहे पर अधिवक्ताओं और समाजसेवियों ने जलाई कैण्डिल**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** अधिवक्ता संवाद और मानव ऑर्गेनाइजेशन के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को कचहरी चौराहे पर अधिवक्ताओं और समाजसेवियों ने वीरांगना झांसी की रानी लक्ष्मीबाई को श्रद्धापूर्वक दीपांजलि अर्पित की। इस दौरान उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों ने रानी लक्ष्मीबाई के बलिदान को याद किया और उन्हें नमन किया। कार्यक्रम के दौरान अधिवक्ताओं ने रानी लक्ष्मीबाई के राष्ट्र के प्रति योगदान को याद किया और उनकी वीरता की प्रशंसा की। एड. हरदयाल सिंह लोधी ने अपने कमेंट में कहा कि वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई का जीवन हम सबके लिए एक प्रेरणास्रोत है। उनकी बहादुरी और राष्ट्रप्रेम हमें सिखाता है कि हमें अपने देश और मूल्यों की रक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहना चाहिए। वहीं, मानव ऑर्गेनाइजेशन के अध्यक्ष एड.पुष्पेन्द्र सिंह चौहान ने कहा कि रानी लक्ष्मीबाई ने जिस साहस से अंग्रेजों का मुकाबला किया, वह भारतीय इतिहास का स्वर्णिम अध्याय है। आज हम सब मिलकर उन्हें दीपांजलि अर्पित कर रहे हैं और यह संकल्प लेते हैं कि हम उनके आदर्शों पर चलेंगे। यह कार्यक्रम रानी लक्ष्मीबाई के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने का एक सुंदर माध्यम बना। इस कार्यक्रम में हरदयाल सिंह लोधी, सुनील देवलिया, पुष्पेन्द्र सिंह चौहान, महेंद्र पाराशर, शशिकांत राजपूत, शेर सिंह यादव, अनुराग लोधी, ब्रजेश श्रीवास्तव, जगदीश पटेल, सचिन जैन, गौ पुत्र प्रशांत शुक्ला, कमलेश लोधी, बलराम कुशवाहा, मनीष दुबे, विकास झां, देव सिंह, आशीष चौबे, रवि रैकवार, अक्षय गौतम, अनुज शर्मा, उमेश सोनी, वैभव सक्सेना, आनंद लोधी, बसंत पाराशर, शिवम पाराशर, दिलीप सिंह, प्रमोद नामदेव आदि कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### पुलिस आयुक्त रघुबीर लाल द्वारा थाना पनकी क्षेत्र अन्तर्गत हुई घटना के सम्बन्ध में किया गया निरीक्षण



**कानपुर।** पनकी इंडस्ट्रियल एरिया में दम घुटने से हुई चार मजदूरों की मृत्यु के बाद पुलिस आयुक्त रघुबीर लाल ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने फैक्ट्री मालिक से आग्रह किया है कि वो इनके परिवारों की जितनी मदद हो सके करें। उन्होंने बताया कि थाना पनकी क्षेत्र के इंडस्ट्रियल एरिया साइट-2 स्थित एक ऑयल सीड मील में कार्य चल रहा था। वहां कुल 7 कर्मचारी मौजूद थे, जिनमें से तीन बाहर चले गए थे और रात में चार युवकों ने खाना खाने के बाद कमरे के अंदर कोयला जलाकर दरवाजा अंदर से बंद कर लिया। कमरे में किसी प्रकार का वेंटिलेशन नहीं था। कोयला जलने से कार्बन मोनोऑक्साइड गैस उत्पन्न हुई,जिसे चारों युवक धीरे-धीरे बिना महसूस किए इनहेल करते रहे और उसी दौरान सो गए। सुबह जब उनके साथी दरवाजा खुलवाने पहुंचे तो दरवाजा अंदर से बंद मिला। किसी तरह दरवाजा खुलवाने पर देखा गया कि चारों युवक मृत अवस्था में पाए गए। घटना की फॉरेन्सिक जांच पूरी कर ली गई है। आगे आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। साथ ही फैक्ट्री मालिकों से अनुरोध किया गया है कि मृतक कर्मचारियों के परिवारजनों को यथासंभव आर्थिक सहायता प्रदान की जाए।

### कानपुर के बिधनू में प्राथमिक शिक्षक संघ के सदस्यों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए



**घाटमपुर।** कानपुर जिले खंड विकास बिधनू में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ, कानपुर नगर, की बिधनू इकाई के सदस्यों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए,इस कार्यक्रम में बिधनू खंड विकास के खंड शिक्षा अधिकारी,बीईओ, भरत कुमार वर्मा ने संघ के सभी नामित सदस्यों को सम्मानित किया, खंड शिक्षा अधिकारी भरत कुमार वर्मा ने इस अवसर पर शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की , उन्होंने सभी सदस्यों को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी और उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में इसी समर्पण और लगन के साथ कार्य करते रहने के लिए प्रेरित किया,यह कार्यक्रम शिक्षकों के उत्साह वर्धन और बेसिक शिक्षा के स्तर को ऊपर उठाने में उनके महत्व पूर्ण योगदान को मान्यता देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था,नामित सदस्यों में संयोजक क्षमा तिवारी,सह संयोजक मंजू लता, एवं रेखा उत्तम, तथा सदस्य सत्यप्रकाश शुक्ला, प्रतिभा शर्मा,और सारिका सिंह शामिल हैं,इन सभी सदस्यों ने खंड शिक्षा अधिकारी भरत कुमार वर्मा के प्रति आभार व्यक्त किया,और सम्मान पाकर प्रसन्नता जताई।

### कानपुर के हनुमंत विहार थाना क्षेत्र में नवजात को मुंह में दबाकर ले आया डॉग

**घाटमपुर।** कानपुर में एक स्ट्रीट डॉग नवजात को मुंह में दबाकर उठा कर पार्क में ले आया, बसंत विहार की फ्रेंड्स के पार्क में वह नवजात को नोच रहा था,इसी दौरान टहलने वालों की नजर डांग पर पड़ी, तो लोग दौड़े,इस पर डॉग मौके से भाग गया, लोगों ने देखा कि पार्क में नवजात का एक हाथ का पंजा पड़ा था,जिस पर वीगो लगा हुआ था, जबकि उसका सिर और हाथ डॉगनोच कर खा गया, लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया मामला हनुमंत विहार थाना क्षेत्र का हैं, बसंत विहार निवासी सपा युवजन सभा के महानगर अध्यक्ष अर्पित दुबे ने बताया कि गुरुवार सुबह वह इलाकाई लोगों के साथ घर के बाहर मौजूद थे,तभी एक कुत्ता नवजात को मुंह में दबाकर जाता दिखा दौड़ाने पर वह घर के सामने मौजूद फ्रेंड्स पार्क में नवजात को छोड़ कर भाग गया, मौके पर पहुंचे तो देखा कि नवजात के सिर व हाथ नहीं था, किनारे पर हाथ का पंजा का टुकड़ा पड़ा था, जिसमें वीको लगा था, अर्पित ने मामले की जानकारी डॉयल 112 पर दी, जानकारी पर हनुमंत विहार पुलिस मौके पर पहुंची, जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा, कुछ दूरी पर कब्रिस्तान हैं जिसमें बाउंड्री वॉल नहीं है, हनुमंत विहार थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आसपास लगें सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है।

# कानपुर की मिल में चार मजदूरों की दम घुटने से मौत : ठंड से बचने के लिए अंगीठी जलाकर सोए थे

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** मौत आती है तो इंसान को किसी ने किसी बहाने से अपने साथ ले ही जाती है। कुछ ऐसा ही हुआ चार युवा मजदूर के साथ। उनकी ठंड से बचने के चक्कर में मौत हो गई। चारों कोयले की अंगीठी जलाकर सोए हुए थे। पुलिस का दावा है कि मौत की वजह धुएं से दम घुटने है। घटना की सही वजह जानने के लिए पुलिस ने उनके परिजनों को सूचित करने के साथ ही पोस्टमार्टम के लिए शवों को भी भेज दिया है। यह घटना बीती सुक्रवार की रात पनकी थाना क्षेत्र के इंडस्ट्रियल एरिया साइट-2 में स्थित एक ऑयल सीड मील में हुई। मौके पर पहुंची पुलिस ने बताया कि यहां पर ठंड से बचने के लिए कमरे के अंदर कोयला जलाकर सो रहे चार मजदूरों की कार्बन मोनोऑक्साइड गैस से दम घुटकर मौत हो गई। सुबह साथियों ने दरवाजा खोला तो अंदर का दृश्य देखकर उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। पुलिस से जानकारी के मुताबिक, मील में कुल सात कर्मचारी काम करते थे। देर रात खाना खाने के बाद चार युवक–अमित वर्मा (32), राहुल सिंह (23), संजू सिंह (22) और दाऊद अंसारी (28)–कमरे में ही रुक गए। उन्होंने अंदर से दरवाजा बंद कर ठंड दूर करने के लिए कोयला जला लिया। कमरे में वेंटिलेशन का कोई इंतज़ाम नहीं था। कोयला जलने से धीरे-धीरे कार्बन मोनोऑक्साइड गैस भरती गई और चारों युवक नींद में ही दम तोड़ बैठे। वहीं पुलिस आयुक्त रघुबीर लाल ने बताया कि फेब्रिकेटर का काम करने वाले सभी मृतक देवरिया जिले के तरकुलवा क्षेत्र के रहने वाले थे। इस घटना की जानकारी तब हुई जब सुबह करीब छह बजे जब उनके साथी कमरे के बाहर पहुंचे तो काफी देर आवाज देने के बाद भी कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। किसी तरह दरवाजा खुलवाने पर अंदर चारों को मृत अवस्था में देख चीख-पुकार मच गई। घटना की सूचना पर पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। टीम ने कमरे की बारीकी से जांच की और सैंपल जुटाए। पुलिस ने बताया कि मौत का कारण जहरीली गैस ही प्रतीत हो रहा है। घटना की जांच की जा रही है।

### ताला तोड़कर हजारों की नगदी व लाखों के जेवरात उड़ा ले गए चोर



**लालगंज, प्रतापगढ़।** अज्ञात चोर छत के रास्ते घर में घुसकर हजारों की नकदी व लाखों के जेवरात उड़ा ले गए। फोरेंसिक टीम ने पहुंच कर जांच के लिए आवश्यक नमूने जुटाए। उदयपुर थाना क्षेत्र के दलापट्टी बैजलपुर गांव निवासी विनय कुमार सिंह पुत्र विजय जीत सिंह एलआईसी एजेंट है।पीड़ित विनय ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि वह बुधवार की रात परिवार के साथ घर के बाहर बरामदे में सो रहा था। इसी बीच अज्ञात चोर घर के पीछे से छत पर चढ़कर अंदर दाखिल हो गए। कटर से ताला काटकर कमरे में घुस गए। अलमारी का लाक तोड़ डाला और उसमें रखी 75 हजार की नकदी तथा परिवार के लाखों रुपए का जेवरात चुरा ले गए। गुरुवार की सुबह कमरे में बिखरा सामान देख स्वजन अवाक रह गए। सूचना पर पहुंची पुलिस छानबीन में जुटी है। सूचना पर पहुंची फोरेंसिक टीम ने आवश्यक नमूने जुटाये। पीड़ित विनय ने अज्ञात चोरों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार का कहना है कि जांच की जा रही है। शीघ्र ही चोरी की घटना का खुलासा किया जायेगा।

# सिकरी बाजार में रामलीला मेला का विधायक ने किया उद्घाटन



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** जिले के लोटन ब्लाक क्षेत्र के सिकरी बाजार में लगने वाले 6 दिवसीय भव्य वार्षिक मेले का उद्घाटन मुख्य अतिथि सदर विधायक श्यामधनी राही द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर सदर विधायक श्यामधनी राही ने कहा कि यह मेला न केवल हमारी सांस्कृतिक जड़ों को मजबूत करता है, बल्कि युवाओं में संस्कृति और परंपरा के प्रति सम्मान की भावना विकसित करता है। ये मेला एक ऐसा मंच हैं जो रोजगार के अवसर पैदा करता है, युवाओं को स्वावलंबी बनाता है और समाज के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देता है। इस दौरान ब्लाक प्रमुख आशीष सिंह ने कहा कि यह मेला ऐतिहासिक है, जो की कई वर्ष पूर्व से लगातार लगते आ रहा है। और सांस्कृतिक विरासत को सम्भाल कर रखा है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष बृजबिहारी मिश्रा ने मेला आयोजकों के प्रयासों की सराहना की जो मेले को सफल बनाने में निरंतर लगे हुए हैं। उन्होंने सभी से अपील की कि वे इस मेले में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और अपने सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाएं। मेला आयोजन समिति के अध्यक्ष योगेन्द्र मौर्य उर्फ टाईगर ने बताया कि मेला 6 दिन तक चलेगा। इस अवसर पर भाजपा मण्डल अध्यक्ष दूगनारायन सिंह, मेला अध्यक्ष योगेंद्र मौर्य उर्फ टाईगर, मेला प्रबन्धक मणिकांत शुक्ला, मण्डल महामन्त्री भाजपा रूद्र नारायण पाण्डेय, मेला कोषाध्यक्ष वजहुद्दीन, मेला सचिव रमेश पाण्डेय, सन्दीप मद्धेशिया, हीरालाल मद्धेशिया, राकेश पाण्डेय, फूलचन्द्र कन्नौजिया, डॉ. संजय शुक्ला, दूधनाथ यादव, मिथलेश तिवारी सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

# दृष्टिबाधित प्रतिभा कृष्णा ने जीता सबका दिल डीएम ने बढ़ाया हौसला, दिया स्नेह का संबल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** जनता दर्शन का माहौल उस समय भावुक हो उठा जब नेहरू नगर स्थित कानपुर ब्लाइंड स्कूल के कक्षा-7 के छात्र कृष्णा अपनी माता शोभा देवी और छोटे भाई ऐश्वर्य वर्मा के साथ जिलाधिकारी के समक्ष पहुंचे। जिलाधिकारी ने दोनों बच्चों को अपने पास बुलाकर समीप बैठाया और स्नेहपूर्वक स्कूल बैग एवं खाद्य सामग्री भेंट की। दृष्टिबाधित होने के बावजूद कृष्णा की तकनीक पर पकड़ और मोबाइल फोन को सहज व दक्षता से संचालित करने का उनका आत्मविश्वास देखकर जिलाधिकारी विशेष रूप से प्रभावित हुए। उनके चेहरे पर उभरी प्रसन्नता यह दर्शा रही थी कि कृष्णा



असाधारण प्रतिभा के धनी हैं।

कृष्णा पढ़ाई में निरंतर प्रगति कर रहे हैं। साथ ही, मोतीझील स्थित लक्ष्मी देवी कला अकादमी में संगीत की शिक्षा लेने की उनकी लगन उन्हें अपने साथियों से अलग पहचान देती है। कला और तकनीक–दोनों में समान दक्षता रखने के कारण कृष्णा शहर के पहले दृष्टिबाधित सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर भी हैं, जो अपनी रचनात्मकता और संवेदनशील लेखन से कई लोगों को प्रेरित कर रहे हैं। इस अवसर पर माता शोभा देवी ने कहा कि प्रशासन से मिला यह सहयोग उनके बच्चों के लिए नई प्रेरणा और हिम्मत का स्रोत है। उन्होंने जिलाधिकारी का आभार जताते हुए बताया कि कृष्णा छोटी-सी उम्र से ही कठिनाइयों को पीछे छोड़कर दृढ़ता के साथ आगे बढ़ रहा है। जिलाधिकारी ने कृष्णा के उत्साह, आत्मविश्वास और बहुमुखी प्रतिभा की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि कृष्णा जैसे बच्चे समाज के लिए प्रेरणा स्वरूप हैं। दृढ़ संकल्प और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने वाले ऐसे बच्चे साबित करते हैं कि किसी भी चुनौती को अवसर में बदला जा सकता है।

## डीएम ने एसआईआर अभियान के तहत प्राथमिक विद्यालयों का किया औचक निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने गुरुवार को विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) के तहत तहसील सदर के प्राथमिक विद्यालय जहनईपुर, प्राथमिक विद्यालय रूपापुर व मॉडल प्राथमिक विद्यालय सगरा व तहसील पट्टी के प्राथमिक विद्यालय रूदापुर व पीएम श्री कम्पोजिट स्कूल गहरीचक का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) आदित्य प्रजापति, उपजिलाधिकारी सदर नैन्सी सिंह व उपजिलाधिकारी पट्टी पूर्णेन्दु मिश्र भी मौजूद रहे। यह निरीक्षण विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के प्रभावी, पारदर्शी और समयबद्ध क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए किया गया।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विद्यालय में उपस्थित बीएलओ से घर घर जाकर किये जा रहे गणना प्रपत्र वितरण की स्थिति और मतदाताओं से सम्पर्क की प्रगति के बारे में जानकारी ली तथा अभियान को प्रभावी रूप से संचालित करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने जोर दिया कि प्रत्येक पात्र मतदाता तक गणना प्रपत्र अवश्य पहुंचे ताकि कोई भी व्यक्ति मतदाता सूची से वंचित न रह जाए। जिलाधिकारी ने बीएलओ को निर्देश दिए कि सभी गणना प्रपत्र शीघ्र वितरित करायें और मतदाताओं को प्रपत्र भरने की प्रक्रिया के बारे में समुचित जानकारी दें। उन्होंने चेतावनी दी कि इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि वे अपना गणना प्रपत्र अवश्य भरें। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बीएलओ के पास मतदाताओं द्वारा जमा किये गये गणना प्रपत्रों का अवलोकन भी किया और कहा कि गणना प्रपत्रों को शुद्ध रूप से भरा जाय। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को यह भी निर्देशित किया कि निर्वाचन कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाय और सभी विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम से संबंधित कार्य समयबद्धता और पारदर्शिता के साथ पूर्ण किये जाय।डीएम ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची को सटीक, त्रुटिरहित और अद्यतन बनाना है। इसका लक्ष्य है कि कोई भी पात्र मतदाता छूटे नहीं और कोई अपात्र व्यक्ति सूची में शामिल न हो। उन्होंने इसे लोकतंत्र को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया। यह विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान 4 दिसंबर तक संचालित किया जायेगा। इस अवधि में बीएलओ घर-घर जाकर गणना प्रपत्र वितरित करेंगे, जिन्हें मतदाताओं द्वारा भरकर पुनः बीएलओ को सौंपा जाना है।

# बीएलओ द्वारा फार्म वितरण कार्य में उदासीनता बरतने से सरकार की नियत पर सपा को संदेह

**● सपा संस्थापक श्रद्धेय मुलायम सिंह यादव जी का जन्मदिन नगर संगठन हर्षोल्लाह के साथ मनाएगा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** समाजवादी पार्टी के नगर पदाधिकारियों कार्य समिति के सदस्यों विधायकों पूर्व विधायको फ्रंटल अध्यक्षो विधानसभा अध्यक्षो एवं राष्ट्रीय एवं प्रांतीय पदाधिकारियों की एक आपात बैठक सपा महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद की अध्यक्षता में सपा कार्यालय 7 नवीन मार्केट में दोपहर 2:00 बजे से आरंभ हुई। बैठक का संचालन महानगर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने कहा कि सरकारी बीएलओ द्वारा एस आई आर कार्यक्रम में मतदाताओं को फॉर्म देने में उदासीनता बरतने से सरकार की नियत पर संदेह पैदा हो रहा है सरकार के




इशारे पर बी एल ओ जानबूझकर पोलिंग बूथों पर नहीं पहुंच रहे हैं सरकार नहीं चाहती है कि ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल हो बी एल ओ सरकार को फायदा पहुंचाने के लिए अपने काम को सही तरीके से अंजाम नहीं दे रहे हैं सपा कार्यकर्ता अपने अपने बूथों पर पूरी तरह से सक्रिय होकर मतदाता सूची में अपना नाम जरुर चेक कर ले इस कार्य में लापरवाही बिल्कुल ना करें क्योंकि अगर आप लोग लापरवाही करोगे तो सरकार अपने मंसूबों में कामयाब हो जाएगी हमें 2027 में हर हाल में उत्तर प्रदेश में अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनना है

महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने अपने संबोधन में आगे कहा कि आगामी 22 नवंबर 2025 को सपा के संस्थापक एवं पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रद्धेय मुलायम सिंह यादव की जयंती के अवसर पर प्रात 10:00 बजे उर्सला अस्पताल में फल वितरण करके अपराह्न 3:00 बजे पार्टी कार्यालय नवीन मार्केट में एक भव्य समारोह के रूप में मनाया जाएगा जयंती मे सभी सांसद विधायक पूर्व विधायक पदाधिकारी कार्य समिति के सदस्य विधानसभा अध्यक्ष फ्रंटल अध्यक्ष एवं सभी राष्ट्रीय एवं प्रांतीय पदाधिकारी अपने-अपने साथियों के साथ ज्यादा से ज्यादा संख्या में सपा कार्यालय नवीन मार्केट पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाएं पार्टी कार्यालय में केक काटने के बाद में नवीन मार्केट में मिष्ठान वितरण करके सभी को जयंती की बधाई दी जाएगी। अंत मे घोसी के विधायक सुधाकर सिंह जी के असामयिक निधन पर दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। बैठक में प्रमुख रूप से महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद, महासचिव संजय सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू, प्रदेश सचिव के के शुक्ला, पूर्व अध्यक्ष ओमप्रकाश मिश्रा उपस्थित रहे।

## अधिवक्ताओं के अधिकार व सम्मान की सुरक्षा का लिया गया सामूहिक संकल्प

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज, प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश में बार कौंसिल के चुनाव को लेकर प्रतापगढ़ की लालगंज बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल तिवारी महेश के चुनाव प्रचार अभियान में वकीलों का गुरुवार को भारी जोश दिखा। तहसील के समीप जोश व उत्साह के माहौल में अनिल तिवारी के प्रधान चुनाव संपर्क कार्यालय का उद्घाटन हुआ। वरिष्ठ अधिवक्ताओं की विशिष्ट मौजूदगी व युवा अधिवक्ताओं का जोश समारोह का खासा आकर्षण दिखा। आल इंण्डिया रुरल बार एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश शुक्ल , वरिष्ठ





अधिवक्ता टीपी यादव, केबी सिंह, राजेन्द्र प्रसाद मिश्रा, मो. ईशा, कमलेश त्रिपाठी विशिष्ट अतिथि रहे। बार कौंसिल प्रत्याशी अनिल तिवारी महेश ने अधिवक्ताओं के अटूट समर्थन का आभार जताया। रुरल बार के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने अधिवक्ता सुरक्षा कानून को लेकर अनिल महेश के संघर्ष को सराहा। इसके बाद वकीलों का हूजूम अनिल महेश की अगुवाई में कार्यालय से अधिवक्ता सुरक्षा मार्च को लेकर निकला। तहसील गेट पर वकीलों ने अनिल महेश को फूल व मालाओं से लादकर गर्मजोशी से स्वागत किया। संचालन पूर्व अध्यक्ष विकास मिश्र ने किया। वहीं रूरल बार एसो के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश शुक्ल व राष्ट्रीय महासचिव अनिल महेश प्रतापगढ़ में वकील परिषद् के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए।

# सजेती क्षेत्र के अनूपुर मोड़ पर चला संयुक्त प्रवर्तन अभियान, 10 डंपर सीज, 50 के चालान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर ।** जिलाधिकारी के निर्देश के तहत बुधवार की रात्रि घाटमपुर तहसील और परिवहन विभाग की संयुक्त टीम ने थाना सजेती क्षेत्र के अनूपुर मोड़ पर बड़े स्तर पर प्रवर्तन अभियान चलाया। उपजिलाधिकारी घाटमपुर अबिचल प्रताप सिंह, एसीपी घाटमपुर कृष्णकांत और परिवहन विभाग से एआरटीओ प्रवर्तन कहकशा के नेतृत्व में तीन थानों की पुलिस फोर्स और परिवहन विभाग की टीम ने भारी वाहनों पर सख्त कार्रवाई की। अभियान के दौरान 10 भारी वाहन/डंपर सीज किए गए, जबकि 50 डंपरों का चालान किया गया। टीम ने जिन अनियमितताओं पर कार्रवाई की, उनमें शामिल रहीं–बिना नंबर प्लेट के वाहन, नंबर प्लेट छिपाकर चलाना,



ओवरलोडिंग, टैक्स जमा न करना, बिना तिरपाल मिनरल्स का परिवहन और प्रदूषण प्रमाणपत्र न प्रस्तुत करना।

अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़क सुरक्षा और अनुशासित परिवहन व्यवस्था को मजबूत बनाना बताया गया। अधिकारियों के अनुसार, बिना नंबर प्लेट या धुंधले/ढके हुए नंबर प्लेट वाले वाहन दुर्घटना के बाद पहचान से बच जाते थे, जिससे 'हिट एंड रन' की घटनाएं बढ़ रही थीं। ओवरलोडिंग से सड़कें भी तेजी से क्षतिग्रस्त हो रही थीं और दुर्घटना का जोखिम बढ़ रहा था। इस अभियान से ऐसे वाहनों पर प्रभावी रोक लगेगी। उपजिलाधिकारी घाटमपुर अबिचल प्रताप सिंह ने कहा कि सड़क सुरक्षा और अनुशासित परिवहन प्रणाली बनाने के लिए प्रशासन, पुलिस और परिवहन विभाग मिलकर इस अभियान को आगे बढ़ा रहे हैं। इससे सड़क पर अनुशासन बढ़ेगा और दुर्घटनाओं में कमी आएगी। एआरटीओ प्रवर्तन कहकशा ने बताया कि सड़क मार्ग पर चल रहे वाहनों की अनियमितताओं को रोकना और लोगों को सुरक्षित व सुगम यातायात उपलब्ध कराना ही इस प्रवर्तन का उद्देश्य है। वाहन चालकों से अपेक्षा है कि वे परिवहन नियमों का पालन करें और सुरक्षित ड्राइविंग करें।

# सहकार से समृद्धि के संकल्प को साकार करने हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ आयोजित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** सहकारिता मंत्रालय द्वारा ''सहकार से समृद्धि'' के संकल्प को साकार करने की दिशा में इन्दिरा गांधी सहकारी प्रबन्ध संस्थान लखनऊ के तत्वाववाधान में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जिला सहकारी बैंक लिमिटेड प्रतापगढ़ के सभागार में किया गया। इसका उद्देश्य नवगठित एम पैक्स के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करना है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले सभी नवगठित एम पैक्स के पदाधिकारी एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण सहकारी समितियों को



आत्मनिर्भर, व्यवसायिक रूप से सशक्त एवं प्रशासनिक रूप से दक्ष बनाना है। कार्यक्रम का संचालन अभिषेक तिवारी द्वारा किया गया, उन्होंने अपने सम्बोधन में सहकारिता की मूल भावना, सामाजिक महत्व एवं स्थानीय संसाधनों के उपयोग पर प्रकाश डालते हुए समितियों द्वारा नवाचार एवं पारदर्शिता के साथ कार्य करने के महत्व को बताया। विभागीय मार्गदर्शन एवं वित्तीय परामर्श कार्यक्रम में सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक देवेन्द्र बर्मन द्वारा समिति के पदाधिकारियों को उनके कर्तव्यों, उत्तरदायित्वों एवं सदस्य सहभागिता के महत्व पर मार्गदर्शन दिया। जिला सहकारी बैंक के सचिव/मुख्य कार्यपालक अधिकारी नन्द किशोर द्वारा समितियों वित्तीय प्रबन्धन, ऋण सुविधा, व्यवसायिक पूँजी निवेश एवं बैंकिंग सहयोग योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम के समापन अवसर पर संयोजक अभिषेक तिवारी ने सभी अधिकारियों, प्रतिभागियों एवं संस्थान के प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया।

# जीवन में अनुशासन एवं सफलता के लिए खेलकूद प्रतियोगिता अत्यंत महत्वपूर्ण - सांसद जगदंबिका पाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** जनपद स्तरीय 33वें बेसिक बाल क्रीड़ा एवं शैक्षिक समारोह का द्वीप प्रज्ज्वलित कर एवं मॉ सरस्वती के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उदघाटन सांसद जगदम्बिका पाल द्वारा जिला खेल स्टेडियम में किया गया। इस अवसर पर कम्पोजिट विद्यालय, करही खास, खुनियावं के छात्राओं द्वारा सरस्वती बंदना एवं पीएमश्री विद्यालय परसा खुर्द, उसका बाजार की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रा0वि0 बरोंहिया खालसा, नौगढ़, प्रा0वि0रेहरा, नौगढ़ के बच्चों द्वारा प्रस्स्तुत किया गया। जय, विशाल, मोहिनी, रेशमी द्वारा मसाल लेकर स्टेडियम की परिक्रमा की गयी तथा सांसद द्वारा मशाल को जलाया गया। विभिन्न तहसीलो की टीम एवं स्काउट गाइड द्वारा परेड की गयी जिसकी सलामी मुख्य अतिथि द्वारा लिया गया। सभी को क्रीड़ा की शपथ







दिलायी गयी। समारोह को संबोधित करते हुए सांसद जगदम्बिका पाल ने कहा कि बेसिक शिक्षा विभाग के सभी विकास खण्ड के बच्चों द्वारा 33वें बेसिक बाल क्रीड़ा एवं शैक्षिक समारोह में शामिल होकर जनपद का गौरव बढ़ायें है। अच्छा प्रदर्शन किया है। जीवन में अनुशासन एवं सफलता के लिए खेलकूद प्रतियोगिताओं को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए प्रतिभागी बच्चों को प्रोत्साहित किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा बच्चों के खेलने के प्रति संवेदनशील है। सभी ग्राम पंचायतों में खेल मैदान का निर्माण हो रहा है। यहां पर खेलने वाले बच्चे जनपद एवं प्रदेश स्तर पर खेलकर जनपद का नाम रोशन करेंगे। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि एसपी अग्रवाल, शैक्षिक संघ के पदाधिकारी समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी, सहित बड़ी संख्या में बच्चों एवं शिक्षकों की उपस्थिति रही।

# तीन पर रंगदारी की मांग को लेकर दर्ज हुआ मुकदमा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज, प्रतापगढ़।** रंगदारी की बकाया रकम देने से मना करने पर आरोपियों ने धक्का मुक्की करते हुए गाली व जानलेवा धमकी दी। पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। लालगंज कोतवाली के अमावा निवासी देवेंद्र प्रताप सिंह पुत्र जीत बहादुर सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती 18 नवंबर को दोपहर करीब तीन बजे वह अपने खेत में चारों ओर जाली लगवा रहा था।आरोप है कि इसी बीच दस लाख रुपए के रंगदारी की मांग को लेकर गांव के चंद्रभान सिंह, चंद्रेश सिंह पुत्रगण शंभू शरण सिंह, शिवम सिंह पुत्र चंद्रभान सिंह गाली व धमकी देते हुए धक्का मुक्की करने लगे। पीड़ित ने भागकर किसी तरह जान बचाई। पीड़ित का यह भी आरोप है कि आरोपियों को वह तीन लाख 20 हजार पूर्व में दे भी चुका है। लेकिन 10 लाख में शेष रंगदारी के पैसा मांग रहे थे। असमर्थता जताने पर घटना को अंजाम दिया। थानाध्यक्ष राजेंद्र तिवारी का कहना है कि तीन पर मुकदमा दर्ज किया गया है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी।

# संक्षिप्त खबरें

## पांच लोगों पर सार्वजनिक सम्पत्ति नुकसान का मुकदमा दर्ज

**हमीरपुरः**– ग्राम समाज की जमीन पर अवैध कब्ज़ा करने के मामले में पुलिस ने एक महिला सहित पांच लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है। बिंवार थाना क्षेत्र के ग्राम रोहारी निवासी बिंद्रावन पुत्र लल्लू ने अपने शिकायती पत्र में बताया कि गांव के सत्यनारायण, धर्मेंद्र आदि ग्राम समाज की जमीन पर कब्जा कर अवैध निर्माण कर रहे थे जिसका उसने विरोध किया तो बीते 27जुलाई को सत्यनारायण, धर्मेंद्र, रामेश्वर, खेमचंद और रामकली ने उसे और उसकी पत्नी को घर में घुसकर पीटा था जिसको लेकर उसके द्वारा पुलिस में शिकायत की गई थी लेकिन कार्यवाही नहीं हुई तो उनके द्वारा उच्चाधिकारियों को पत्र के माध्यम से शिकायत की गई लेकिन आरोपियों के रसूख और धनबल के कारण पुलिस ने उनके विरुद्ध उलटा मुकदमा दर्ज कर दिया। पीडित ने बताया कि तीन साल पहले भी उक्त लोगों ने उसके और उसके परिवार के साथ मारपीट की थी जिसके बाद पुलिस ने दोनों पक्षो पर कार्यवाही की थी। पीडित ने उनपर दर्ज मुकदमे की निष्पक्ष जांच की मांग की है। जिसपर पुलिस ने पांचो आरोपियों के विरुद्ध सरकारी सम्पत्ति को नुकसान पहुंचाने का मामला दर्ज किया है।

## आज शपथ ग्रहण समारोह पर आमंत्रित हुए-तिवारी




**शहडोल** से भारत में जीत का रिकार्ड तोड़कर 10वीं बार मुख्यमंत्री बिहार के माननीय नितीष कुमार जी के शपथ ग्रहण समारोह पर म.प्र. के उर्जावान क्रांतिकारी सर्व. नेता जनता द.यू.किसानसभा के प्रदेष अध्यक्ष बी.पी.तिवारी को शपथग्रहण समारोह में सम्मलित होने के लिए आमंत्रण दिया गया है। भारी उत्साह के साथ शपथ ग्रहण गांधी स्टेडियम में होगा। चर्चा में ज.द.यू.प्रदेष अध्यक्ष तिवारी ने कहा कि म.प्र. में अगली चुनाव में ज.द.यू. मैदान में होगी साथ ही अगला पी.एम. नितीष कुमार का होना तय। प्रदेष के सभी ज.द.यू.कार्यकर्ता पदाधिकारियों ने दी बधाई।

## पीएम आवास योजना ग्रामीण को लेकर बैठक आयोजित




**हमीरपुर :**– पीएम आवास योजना ग्रामीण को लेकर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक की गयी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक जि0ग्रा0 वि0अभि0, वरिष्ठ कोषाधिकारी, अधि0 अभि0 विद्युत, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला पंचायतराज अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, एल0डी0एम0 व जनपद के समस्त खण्ड विकास अधिकारी उपस्थिति रहे। परियोजना निदेशक, जि0ग्रा0 वि0अभि0 द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के सफल संचालन हेतु गठित समिति के कार्यो के सम्बंध में बिन्दुवार स्थिति से समिति को अवगत कराया गया। बिन्दुवार समीक्षा जिलाधिकारी द्वारा की गयी जिसमें जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिये गये कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अन्तर्गत कन्वर्जेन्स में लाथार्थियों को शौचालय, विद्युत कनेक्शन, एल0 पी0 जी0कनेक्शन, स्वच्छ पेयजल एवं समूह से आच्छादित प्राथमिकता पर समन्वय स्थापित कर करने की अपेक्षा की गयी है तथा आवास प्लस सर्वेक्षण, 2024 के अन्तर्गत 51745 परिवारों का सर्वे कराया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अन्तर्गत अवशेष अपूर्ण 228 आवासों को 30 नवम्बर, 2025 तक पूर्ण कराने के निर्देश समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को दिये गये।

## उसका पुलिस ने पैदल मार्च के दौरान वाहन चालकों को दी हिदायत

**सिद्धार्थनगर।** जिले के उसका बाजार पुलिस ने गुरुवार को स्थानीय नगर क्षेत्र में रूटीन पैदल मार्च के दौरान सड़क पर नियमों की अनदेखी कर फर्राटा भरने वाले वाहनों पर सख्ती दिखाई ।इस कड़ी में प्रभारी निरीक्षक हरेकृष्ण उपाध्याय ने नगर के थाना रोड ,बैंक तिराहा और मुख्य कस्बा में मय पुलिस फोर्स पहुंच कर पैदल मार्च किया।इस दौरान सड़क पर बिना हेलमेट और तेज रफ्तार चल रहे वाहनों की चेकिंग भी किया।तेतरी तिराहा तथा तेतरी बाई पास चौक पर वाहन चालकों को रोककर उनकी वैद्यता और हेलमेट आदि की जांच कर तेज रफ्तार में वाहन न चलाए जाने की अपील किया।सड़क पर बेतरतीब खड़े वाहन स्वामियों को सड़क पर वाहन न खड़ा करने की हिदायत दी गई।कई वाहन चालक हेलमेट को अपनी गाड़ियों में लटका कर चल रहे थे, जिन्हें सख्ती के साथ हेलमेट लगा कर चलने के निर्देश दिए गए।प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि सड़क और यातायात नियमों की अनदेखी करने वाले बक्से नहीं जायेगी।

# पुतिन-ली कियांग मुलाकातः व्यापार, कूटनीति में नई उड़ान, दोनों देशों के बीच 'अभूतपूर्व' सहयोग

● **18 नवंबर को पुतिन और ली के बीच हुई बैठक ने इस बढ़ते जुड़ाव को रेखांकित किया। वार्ता के दौरान, पुतिन ने कहा शंघाई सहयोग संगठन के अंतर्गत रूस-चीन का घनिष्ठ सहयोग एससीओ को एक बहुध्रुवीय अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था के स्तंभों में से एक के रूप में आकार देने, वैश्विक दक्षिण के देशों को अपनी परिधि में लाने और एक खुली एवं भेदभाव रहित वैश्विक व्यापार प्रणाली को आगे बढ़ाने में मदद कर रहा है।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



रूसी विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग की मुलाकात पर प्रकाश डाला और दोनों देशों के बीच साझेदारी के वर्तमान चरण को उनके इतिहास का सबसे मज़बूत दौर बताया। इस बयान में राजनयिक, रणनीतिक और आर्थिक सहयोग बढ़ाने पर केंद्रित चर्चाओं का रुख़ तय किया गया। 18 नवंबर को पुतिन और ली के बीच हुई बैठक ने इस बढ़ते जुड़ाव को रेखांकित किया। वार्ता के दौरान, पुतिन ने कहा शंघाई सहयोग संगठन के अंतर्गत रूस-चीन का घनिष्ठ सहयोग एससीओ को एक बहुध्रुवीय अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था के स्तंभों में से एक के रूप में आकार देने, वैश्विक दक्षिण के देशों को अपनी परिधि में लाने और एक खुली एवं भेदभाव रहित वैश्विक व्यापार प्रणाली को आगे बढ़ाने में मदद कर रहा है। उन्होंने आगे कहा कि इस वर्ष एससीओ शासनाध्यक्षों की परिषद के स्तर पर किए गए प्रयास 'हमारे चीनी मित्रों द्वारा अपनी अध्यक्षता के दौरान किए गए प्रयासों को स्वाभाविक रूप से पूरक बनाने में सक्षम रहे, जिसकी परिणति तियानजिन में शिखर सम्मेलन के रूप में सफलतापूर्वक हुई।

इसी कड़ी में, पुतिन ने चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ अपनी पिछली मुलाकातों को याद किया। उन्होंने कहा कि मुझे उस अद्भुत, खूबसूरत और आधुनिक चीनी शहर की अपनी यात्रा, साथ ही तियानजिन में और बाद में बीजिंग में सैन्यवादी जापान पर चीन की जीत और द्वितीय विश्व युद्ध की समाप्ति की 80वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित स्मारक कार्यक्रमों के दौरान अपने मित्र राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ हुई विस्तृत बातचीत की हार्दिक याद आती है। उन्होंने ली कियांग से चीन जनवादी गणराज्य के राष्ट्रपति को मेरी हार्दिक शुभकामनाएँ और हार्दिक अभिवादन' प्रेषित करने का भी अनुरोध किया। पुतिन ने संबंधों की रणनीतिक गहराई पर ज़ोर देते हुए कहा कि साझेदारी और रणनीतिक बातचीत के व्यापक रूसी-चीनी संबंध, एक नए युग में प्रवेश कर चुके हैं और सचमुच अपने इतिहास के सर्वश्रेष्ठ दौर से गुज़र रहे हैं।' उन्होंने कहा कि ये संबंध 'समानता, पारस्परिक लाभ और एक-दूसरे के मूल हितों को प्रभावित करने वाले मुद्दों पर आपसी समर्थन' पर आधारित हैं और किसी के विरुद्ध नहीं हैं।

आर्थिक संबंधों पर, पुतिन ने पिछले वर्ष हुई प्रगति पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि 2024 में हमने द्विपक्षीय व्यापार में रिकॉर्ड आँकड़े हासिल किए - जो हमारे संबंधों के इतिहास में सर्वोच्च स्तर पर है। उन्होंने आगे कहा कि हम अपनी स्वीकृत दीर्घकालिक योजनाओं के अनुरूप व्यापार सहयोग को मज़बूत करना जारी रखेंगे। नकारात्मक बाहरी प्रभावों से हमारे व्यापार और आर्थिक सहयोग की विश्वसनीय सुरक्षा सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है।

## किसानों को जागरूक करने के बाद भी जलाई जा रही हैं पराली




**हमीरपुरः**– कृषि विभाग द्वारा क्षेत्र के लोगो को लगातार जागरूक करने के बाद भी खेतों में पराली जलाए जाने का कार्य किया जा रहा है। जिससे वातावरण प्रभावित हो रहा है। क्षेत्र में इस समय धान की फसल की कटाई व थ्रेशिंग का कार्य तीव्र गति से चल रहा है। खेत खाली करने के लिए लोग धान फसल अवशेष पराली में आग लगा देते है। जिससे पराली जलकर राख हो जाती है। सरकार द्वारा पराली जलाए जाने पर रोक लगाई गई है। पराली जलाने से उठने वाले धुएं से वातावरण प्रदूषित होता है। कृषि विभाग द्वारा गांवों में धान की खेती करने वाले किसानों को खेत में पराली न जलाए जाने को लेकर जागरूक किया जा रहा है। फिर भी लोग खेतों में पराली में आग लगा देते है। पराली जलाने वाले लोगों के खिलाफ कार्यवाही व जुर्माना का भी प्रावधान है। कृषि बीज भंडार प्रभारी सुरेश कुमार ने बताया कि पराली निस्तारण के लिए छूट पर कृषि यंत्र दिए जा रहे है।

## दंगल में पहलवानों ने दिखाए दांवपेंच





● **सपा संस्थापक स्व0 मुलायम सिंह की प्रतिमा का हुआ अनावरण**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हमीरपुरः**– सुमेरपुर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत बिरखेरा के ब्रह्मदेव मेंला में आयोजित विशाल दंगल में नामीगिरामी पहलवानों के मध्य रोमांचक कुश्तियां हुई। इस मौके पर सपा संस्थापक स्व. मुलायम सिंह यादव की मूर्ति का अनावरण किया गया। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी बिरखेरा प्रधान अशोक कुमार यादव ने ब्रह्मदेव बाबा मेले में विशाल दंगल का आयोजन कराया। इस मौके पर सपा संस्थापक स्व. मुलायम सिंह यादव की मूर्ति का अनावरण सपा नेता पूर्व कोऑपरेटिव बैंक अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह ममना एवं लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव संजय सिंह यादव ने संयुक्त रूप से किया।

इस मौके पर आयोजित विशाल दंगल में श्याम बांदा ने जयसिंह जालौन को हराया। महिला पहलवान अन्नू कानपुर ने जय सिंह जालौन को जोरदार पटकनी दी। कुलदीप टेढा ने लालमन फतेहपुर को हराया। आशीष मुंडेरा, मोहित तिलसरस, कल्लू इंगोहटा, कुलदीप टेढा, श्याम बांदा, अतर सिंह हमीरपुर, विनय धौहल, राधेश्याम मिरगहनी, अन्नू कानपुर, नैना लखनऊ, कल्लू इंगोहटा, लालमन फतेहपुर के मध्य हुई कुश्तियां बराबरी पर छूट गई। रैफरी की भूमिका रामकिशुन नन्ना सुमेरपुर, सूरजपाल सिंह तिलसरस ने निभाई। संचालन सुरेश यादव दपसौरा एवं वीरेंद्र पहलवान टेढ़ा ने किया। इस मौके पर दंगल के आयोजक अशोक कुमार यादव, सपा नेता अजय उर्फ कल्लू यादव, बदलू फौजी, रमाशंकर यादव, अजय पाल साहू, व्यापार मंडल अध्यक्ष महेश गुप्ता दीपू, अनुज गुप्ता, राजेश सविता, रामदत्त यादव, सिद्ध गोपाल यादव, अरुण सिंह यादव, वेद प्रकाश वर्मा, नोखे लाल यादव, रामेश्वर निषाद, जयराम यादव आदि सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

## कलयुगी भतीजे ने अपनी रिश्ते की चाची पर दौडा कर कुल्हाड़ी से कई वार किए मौके पर ही मौत





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हमीरपुर :**– मौदहा कोतवाली क्षेत्र के गांव करहिया में गुरुवार सुबह एक कलयुगी भतीजे ने अपनी रिश्ते की चाची को बीच सडक पर दौडा कर कुल्हाड़ी से कई वार किए जिससे चाची की मौके पर ही मौत हो गई हालांकि लोग जबतक कुछ समझ पाते तब तक आरोपी कुल्हाड़ी लहराते हुए मौके से फरार हो गया है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम करहईया निवासी कल्ली (55)पत्नी मेडेलाल खंगार को गुरूवार सुबह उसके रिश्ते के भतीजे धर्मेंद्र पुत्र शिवलाल ने बीच सडक पर दौडाकर कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ वार कर मौत के घाट उतार। आरोपी ने इस कदर कुल्हाड़ी से हमले किए कि कल्ली सडक पर ही गिर गई हालांकि जबतक लोग कुछ समझ पाते आरोपी कुल्हाड़ी लहराते हुए मौके फरार हो गया जिसकी पुलिस सरगर्मी से तलाश कर रही है। मृतका के दो पुत्र ज्ञान सिंह और मानसिंह कानपुर में रहते हैं और मृतका अधिकतर उनके पास कानपुर में रहती जबकि अक्सर गांव आती जाती थी। घटना की सूचना मिलते ही भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंच कर जांच कर रही है। इस सम्बन्ध में अभी तक पुलिस की ओर से आधिकारिक बयान नहीं आया है जबकि क्षेत्राधिकारी राजकुमार पाण्डेय और कोतवाली प्रभारी उमेश कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने क्षेत्र को चारों ओर से घेर कर आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए हैं। इस संबंध में अपर पुलिस अधीक्षक का कहना है आरोपी युवक मानसिक रूप से कमजोर बताया जा रहा है। पुलिस की टीमें आरोपी की तलाश कर रही हैं।

## विशाल भण्डारें में उमडी भीड़



**हमीरपुर :**– मौदहा कस्बा के बडी देवी मंदिर प्रांगण में चल रही श्रीमदभागवत कथा पुराण के समापन पर विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों भक्तो की भीड़ उमडी रही। बीते चौदह नवम्बर को निकली कलश यात्रा के साथ कस्बे के बडी देवी मंदिर प्रांगण में शुरू हुई श्रीमद भागवत कथा पुराण के समापन के बाद विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया जिसमें सुबह से ही बडी देवी मंदिर प्रांगण में हजारों भक्तो ने भण्डारे में प्रसाद छका। बताते चलें कि श्रीमद भागवत कथा पुराण का भक्तो को रसपान कराने के लिए काशी धर्म पीठ से पीठाधीश्वर स्वामी नारायणानंद जी महाराज आए थे। इस आयोजन में धनंजय सिंह, शिवकुमार पाण्डेय, राकेश पालीवाल, अवधेश पालीवाल, विनय तिवारी, ज्योत्सना सिंह सहित अन्य लोगो का विशेष योगदान रहा।

## लौह पुरुष की जयंती के उपलक्ष्य में निकाली गई एकता पदयात्रा

● **बुलडोजर से की गई पुष्प वर्षा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता






**हमीरपुर :**– लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के 150वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में भाजपा ने एकता यात्रा (रन ऑफ यूनिटी) का छह किमी की पद यात्रा की गई। इसके बाद पशु बाजार में विशाल जनसभा हुई। विधान सभा स्तरीय आयोजन के मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री रामकेश निषाद ने कहा कि आजादी के बाद देश के प्रथम गृहमंत्री सरदार बल्लभ भाई पटेल ने देश की एकता के लिए दृढ़ता के साथ फैसला लिया और सभी रियासतों को शामिल किया। उनके इस कदम पर वह लौह पुरुष के नाम से प्रसिद्ध हो गए। प्रदेश उपाध्यक्ष देवेश कोरी ने कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। इस मौके निवर्तमान सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल,सदर विधायक डॉ.मनोज कुमार प्रजापति , जिलाध्यक्ष सुनील पाठक, विधान परिषद सदस्य जितेंद्र सेंगर, बालमुकुंद शुक्ला, पूर्व विधायक युवराज सिंह,बृजकिशोर गुप्ता, सरस्वती शरण द्विवेदी आदि ने विचार रखे। मीडिया प्रभारी अरविंद श्रीवास्तव ने बताया कि रन फॉर यूनिटी की पद यात्रा पंधरी गांव शुरू हुई। यात्रा रेलवे क्रॉसिंग से कमलेश तिराहा से मैथिलीशरण शरण मार्ग से थाने के सामने से नेशनल हाईवे से पशु बाजार में पहुंच कर विशाल जनसभा में परिवर्तित हो गई। छह किमी लंबी यात्रा में अल्प संख्यक मोर्चा के मुनीर खान, चेयरमैन कुलदीप निषाद,धीरेंद्र शिवहरे एवं आशारानी कबीर,जिला पंचायत सदस्य दुष्यंत सिंह,रामदास सुदर्शन, ब्लाक प्रमुख जयनारायण सिंह यादव एवं आशीष पालीवाल,चंद्रपाल सचान,रणवीर सिंह,जितेंद्र पाल, योगेंद्र दीक्षित,अरिमर्दन सिंह,व्यापार मंडल के अध्यक्ष महेश गुप्ता दीपू, पुष्पराज सोनी, किशन व्यास, लालाराम निषाद,महेंद्र सिंह, संतराम गुप्ता,राजकुमार शुक्ला, भार्गव मिश्रा, इंद्रप्रकाश वाजपेई,मोहन कुशवाहा, अंकित गुप्ता, आशीष गुप्ता, आकाश त्रिपाठी, अमित सिंह,मोहित साहू सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता एवं प्रधानगण मौजूद रहे। पद यात्रा का रेलवे क्रॉसिंग के पास अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा भव्य स्वागत करने साथ जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने शविर लगाकर किया जागरूक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**हमीरपुरः**– बृहस्पतिवार के दिन कस्बा बिवांर के ग्राम सचिवालय सभागार में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और जन साहस संस्था ने सम्मलित रूप से विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शविर का आयोजन किया।शविर के मुख्य अतिथि महेंद्र कुमार पाण्डेय सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हमीरपुर ने लोगों को बीएनएस की धाराओं के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए ,पॉक्सो कानून ,घरेलू हिंसा एवं लोक अदालत में निस्तारित किये जाने वाले वादों के बारे में बताया।कहा कि अनुच्छेद 39 के तहत सभी को निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त करने का अधिकार है जिसमें बच्चों से लेकर बुजुर्गो तक सभी को न्यायिक मदद के लिए अधिवक्ता दिलाने का प्रावधान है। बताया बच्चों के साथ लैंगिक अपराध होने और ,बाल अधिकार(बाल श्रम) ,शिक्षा का अधिकार आदि सभी इसी के तहत आते हैं।

अधिकतम तीन लाख तक की वार्षिक आय वाले व्यक्ति को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा न्यायिक सहायता दी जाती है। महिलाओं के लिए दहेज सम्बन्धी प्रताड़ना (घरेलू हिंसा) ,साझा गृहस्थी में रहने पर पीड़ित करने पर घरेलू हिंसा का मुकदमा दर्ज करा सकतीं है।पीड़ित प्रतिकर स्कीम के तहत आर्थिक सहायता दी जाती है। एसिड अटैक, नाबालिग के साथ दुष्कर्म पर भी आर्थिक सहायता देने का प्रावधान है।मध्यस्थता कार्यक्रम, खासकर वैवाहिक सम्बन्धों को बचाने के लिए मध्यस्थता केंद्र में दोनों के बीच संवाद करवाया जाता है।

बताया आगामी 13 दिसम्बर को लोक अदालत लगेगी जिसमें लंबित मामलों का सहज और सरल निस्तारण किया जाता है।बताया लोक अदालत में बेहद कम समन शुल्क जमा कराकर मामले का निस्तारण किया जाता है सिविल(दीवानी) मुकदमों में भी आपसी सहमति से वाद निस्तारित कराए जाते हैं, चेक बाउंस के मामले भी निस्तारित किये जाते हैं।बाल सेवा योजना में निराश्रित बच्चों को ढाई से चार हजार प्रतिमाह देने का प्रावधान है।रानी लक्ष्मीबाई योजना में दस लाख तक सहायता देने का प्रावधान है।कहा आशा बहुएं भी किसी के साथ किसी भी प्रकार की होने वाली घरेलू हिंसा ,समस्या की शिकायत कर सकती हैं जो सीधे नालसा पोर्टल में शिकायत कर सकतीं हैं।कहा सरकार का फोकस इस बात को लेकर है कि किसी भी घटना दबाया न जा सके।

वहीं कस्बा बिवांर की मुलिया(45)पत्नी मुखिया बिवांर ने अपनी समस्या सुनते हुए बताया कि उसके पति की बीते साल 2022 में सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी ,निस मामले में उसे अभी तक कोई भी सहायता या बीमा आदि की राशि महीन मिली है।महिला के अनुसार उसका पति गेहूं की फसल की सिंचाई करने जा रहा था उसी दौरान पीछे से वाहन ने उसे कुचल दिया था, जिसकी मौत हो गई थी। कस्बा की ही एक महिला सुमन (30)पत्नी जानकी प्रजापति ने अपनी पति की शिकायत की, बताया कि उसकी शादी के सत्रह साल बीत चुके हैं, तीन बच्चे भी है, लेकिन उसका पति आज भी शराब पीकर उसके साथ हिंसा करता है।दोनों के नाम लिखकर सहायता का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में महेंद्र कुमार पाण्डेय (सचिव) जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, विजय बहादुर थाना बिवांर (SI), PLV नीरज , जन साहस संस्था हमीरपुर से धीरेन्द्र कुमार(जिला समन्वयक), पंकज कुमार (फील्ड आफीसर), रश्मि (फील्ड आफीसर), दीपिका (जन साथी), रजिया (जन साथी), मोहर सिंह (जन साथी) व साक्षी (पंचायत सहायक) और आशा वर्कर, आंगनबाड़ी कार्यकत्री व ग्रामीणों आदि मौजूद रहे।

## मोदी चले विदेश, ट्रंप ने फँसाया पेंच, G20 Summit में PM के एजेंडे पर दुनिया की नज़र,Trump की अनुपस्थिति में कौन थामेगा G20 Baton?

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




यह प्रश्न अब महत्वपूर्ण हो गया है कि जब अमेरिका सम्मेलन में मौजूद ही नहीं होगा तो दक्षिण अफ्रीका जी-20 की 'बैटन' किसे सौंपेगा? परंपरागत रूप से यह कार्य अध्यक्ष देश की ओर से अगले मेजबान को प्रतीकात्मक रूप में दिया जाता है।

यह वीनर्स नकली दांतों से 300 गुना बेहतर है! और कीमत बहुत सस्ती है टूटे, टेढ़े, ढीले दांत!

इस बार का जी-20 सम्मेलन कई दृष्टियों से ऐतिहासिक है। पहली बार अफ्रीकी धरती पर यह वैश्विक मंच एकत्र हो रहा है और यह केवल भौगोलिक नहीं, बल्कि वैचारिक परिवर्तन का भी प्रतीक है। 'ग्लोबल साउथ' के देशों की लगातार चौथी मेजबानी यह संकेत दे रही है कि विश्व राजनीति और अर्थव्यवस्था का केंद्र धीरे-धीरे उत्तर से दक्षिण की ओर खिसक रहा है। दक्षिण अफ्रीका का जोहानिसबर्ग न केवल एक मेजबान शहर है, बल्कि उभरती विश्व व्यवस्था का मंच भी बन गया है।

दूसरी ओर, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप दक्षिण अफ्रीका पर तमाम आरोप लगाते हुए वहां हो रहे जी-20 सम्मेलन के बहिष्कार की घोषणा कर चुके हैं। देखा जाये तो यह अमेरिकी विदेश नीति की उस प्रवृत्ति का हिस्सा है जिसमें वैश्विक संस्थाओं से दूरी और 'अमेरिका फर्स्ट' की नीति प्राथमिकता पर है। यह भी खबरें हैं कि अमेरिका अन्य सदस्य देशों पर दबाव डाल रहा है कि वह सम्मेलन के घोषणापत्र पर हस्ताक्षर न करें। यदि ऐसा हुआ तो यह न केवल जी-20 की सामूहिकता की भावना को कमजोर करेगा बल्कि अगले वर्ष जब अमेरिका खुद अध्यक्षता संभालेगा, तब उसके लिए नैतिक आधार भी कमज़ोर हो जाएगा। यह प्रश्न अब महत्वपूर्ण हो गया है कि जब अमेरिका सम्मेलन में मौजूद ही नहीं होगा तो दक्षिण अफ्रीका जी-20 की 'बैटन' किसे सौंपेगा? परंपरागत रूप से यह कार्य अध्यक्ष देश की ओर से अगले मेजबान को प्रतीकात्मक रूप में दिया जाता है। इसलिए यह स्थिति अभूतपूर्व है और दक्षिण अफ्रीका के लिए एक राजनयिक चुनौती भी है।

हम आपको बता दें कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस सम्मेलन में भाग लेने जा रहे हैं। अमेरिका की अनुपस्थिति भारत के लिए एक अनूठा अवसर लेकर आई है। 2023 में भारत ने जी-20 की सफल मेजबानी करके न केवल संगठन की दिशा तय की थी बल्कि 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' का जो आदर्श प्रस्तुत किया, वह आज पूरी दुनिया की आवाज़ बन चुका है। अब दक्षिण अफ्रीका की अध्यक्षता में भारत उस 'सततता' को आगे बढ़ा सकता है। हम आपको बता दें कि भारतीय विदेश मंत्रालय ने प्रधानमंत्री के कार्यक्रम की घोषणा करते हुए स्पष्ट किया है कि वह सभी तीन सत्रों को संबोधित करेंगे- जिनके विषय हैं समावेशी और सतत आर्थिक वृद्धि, आपदा जोखिम न्यूनीकरण और जलवायु परिवर्तन, तथा न्यायपूर्ण और संतुलित भविष्य। ये तीनों ही विषय भारत की नीतिगत प्राथमिकताओं से मेल खाते हैं।

हम आपको याद दिला दें कि भारत ने अपनी अध्यक्षता के दौरान आपदा जोखिम न्यूनीकरण कार्य समूह (Disaster Risk Reduction Working Group) की स्थापना की थी। अब दक्षिण अफ्रीका उसी एजेंडे को आगे बढ़ा रहा है– यह भारत की पहल की अंतरराष्ट्रीय स्वीकृति है। इसी प्रकार खाद्य सुरक्षा पर भारत द्वारा प्रारंभ किया गया संवाद भी दक्षिण अफ्रीकी प्राथमिकताओं में शामिल है। इस प्रकार दोनों देशों के दृष्टिकोण में एक प्रकार की नीतिगत संगति दिखाई देती है।

हम आपको बता दें कि जोहानिसबर्ग सम्मेलन ग्लोबल साउथ के चार उभरते देशों– इंडोनेशिया, भारत, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका की लगातार अध्यक्षताओं के क्रम का अंतिम चरण है। इन चारों देशों ने मिलकर विकासशील विश्व की चिंताओं जैसे- ऋण संकट, ऊर्जा संक्रमण और खाद्य असुरक्षा को केंद्र में रखा है। यह क्रम यह दर्शाता है कि अब जी-20 का चरित्र केवल विकसित अर्थव्यवस्थाओं का क्लब नहीं रह गया है, बल्कि यह दक्षिणी गोलार्ध की आकांक्षाओं का मंच बनता जा रहा है।

'ग्लोबल साउथ' शब्द भले ही भू-राजनीतिक हो, लेकिन इसका भावात्मक अर्थ कहीं अधिक व्यापक है। यह उन देशों की सामूहिक आकांक्षा है जो अब 'सहभागी' नहीं, बल्कि 'निर्णायक' भूमिका में आना चाहते हैं। भारत इस आंदोलन का नेतृत्व कर रहा है– नीतिगत दृष्टि से भी और कूटनीतिक सक्रियता से भी।

हम आपको यह भी बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी की द्विपक्षीय बैठकों पर भी विश्व की नज़र रहेगी। खासतौर पर अफ्रीका के साथ भारत के बढ़ते सहयोग को देखते हुए यह सम्मेलन भारत-अफ्रीका साझेदारी को और गहरा करने का मंच बन सकता है। साथ ही, भारत- ब्राजील- दक्षिण अफ्रीका (आईबीएसए) त्रिपक्षीय समूह की बैठक में भी मोदी की भागीदारी दक्षिण- दक्षिण सहयोग की नई दिशा तय कर सकती है। भारत इस अवसर का उपयोग न केवल अपने आर्थिक और रणनीतिक हितों को सुदृढ़ करने के लिए कर सकता है, बल्कि यह भी दिखा सकता है कि वैश्विक नेतृत्व केवल सैन्य या आर्थिक शक्ति से नहीं, बल्कि विश्व समुदाय को साथ लेकर चलने की क्षमता से भी आता है।

बहरहाल, जोहानिसबर्ग का यह शिखर सम्मेलन दक्षिण अफ्रीका के लिए कूटनीतिक कसौटी है– उसे अमेरिकी अनुपस्थिति की चुनौती के बीच सम्मेलन को सफलतापूर्वक संपन्न करना है। वहीं भारत के लिए यह अवसर है अपने नेतृत्व की निरंतरता दिखाने का। जब ट्रंप वैश्विक सहयोग से दूरी बना रहे हैं, तब मोदी उसी सहयोग को एक नई दिशा देने जा रहे हैं। यही विरोधाभास आज के वैश्विक परिदृश्य का सार भी है। इसलिए जोहानिसबर्ग का सम्मेलन केवल जी-20 का आयोजन नहीं, बल्कि विश्व व्यवस्था के पुनर्संतुलन का प्रतीक है और इस पुनर्संतुलन में भारत की भूमिका न केवल केंद्रीय है, बल्कि प्रेरक भी।

## गाजा पर IDF का भीषण अटैक Hamas के कई ठिकानों पर हाहाकार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



इज़राइली विमानों ने गुरुवार को दक्षिणी गाजा पट्टी के राफा शहर के पूर्वी इलाकों पर हवाई हमले किए। अल जज़ीरा ने खान यूनिस के पूर्व में, पीली रेखा के पीछे, अबासन शहर की ओर इज़राइली हेलीकॉप्टरों से गोलाबारी और गोलीबारी की खबर दी है। 19 नवंबर को खान यूनिस के पश्चिम में अल-मवासी स्थित NWRA के एक क्लब पर हुए इज़राइली हमले के बाद फ़िलिस्तीनी मीडिया ने घायलों और मौतों की ख़बरें दीं। बदर तबाश द्वारा फ़िल्माए गए इस वीडियो में हमले वाली जगह पर भीड़ और एक एम्बुलेंस दिखाई दे रही है। इसमें एक अन्य एम्बुलेंस में एक शव का बैग रखा हुआ भी दिखाई दे रहा है। तबाश ने बताया कि हमले में NWRA क्षेत्र में एक तंबू भी शामिल था। वाफा ने बताया कि अल-मवासी में चार लोग मारे गए, और कुल मिलाकर 19 लोग मारे गए। आईडीएफ ने कहा कि गाजा में नए हमले 'आतंकवादियों' द्वारा खान यूनिस में सक्रिय सैनिकों पर गोलीबारी और संघर्ष विराम का उल्लंघन करने के बाद जवाबी कार्रवाई थी।